प्रस्तावना

शिक्षा संबंधी जानकारी के आदान-प्रदान के प्रयोजन के लिए अपने सतत कार्यक्रम मे यूनेस्को तुलनात्मक अध्ययनों का कार्य भी हाथ मे लेता है। इन अध्ययनों का प्रकाशन "शिक्षा पर निबन्ध" माला के अंतर्गत किया जाता है। प्रस्तुत पुस्तक सदस्य राज्यों में व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा को दिए जा रहे अधिकाधिक महत्व और इस क्षेत्र के विषय मे जानकारी प्राप्ति के लिए यूनेस्को सचिवालय से की जाने वाली अधिकाधिक पूछताछ का परिचायक है। यह अध्ययन ऐसे दस देशों में तकनीकी शिक्षा के लिए व्यवस्था और प्रथा से संबंधित है, जिनको इसका विस्तृत संबंधित अनुभव प्राप्त है। इस अध्ययन का प्रयोजन इन देशों मे प्रचलित तंत्रों को प्रकाश में लाना और शिल्प-वैज्ञानिक छात्र की प्रगति की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं पर, विभिन्न तंत्रों के अन्योन्य संदर्भ (क्रास रेफरेंस) के लिए साधन की व्यवस्था करके इस विषय के सामान्य विश्लेषण की सुविधा प्रदान करना है।

इस अध्ययन को करने के लिए महानिदेशक ने साउथ ईस्ट लंदन तकनीकी कालिज के प्रधानाचार्य श्री ह्यू वारेन, एम० एस-सी० (इंजीनियरी), एम० आई० सी० ई०, एम० आई० स्ट्रक्चरल इंजीनियरी की सेवाएं प्राप्त की थीं। लेखक को तकनीकी शिक्षा मे व्यापक अनुभव प्राप्त है और इस अध्ययन मे वर्णित अधिकतर देशों में इसकी दशा का प्रत्यक्ष ज्ञान भी है। लेखक को अपनी सामग्री को संगठित करने और जिन निष्कर्षों को वह न्यायोचित समझता है, उनको निकालने की पूर्ण स्वतंत्रता दे दी गई थी। जैसी कि यूनेस्को की प्रथा रही है, यूनेस्को सचिवालय ने हाथ में लिए जाने वाले कार्य की सीमाएं निर्धारित कीं, लेखक को जितनी अधिक से अधिक जानकारी प्रदान की जा सकती थी, वह देकर उसकी सहायता की, पाडुलिपि का संपादन किया और अंतिम रूप मे उसका प्रकाशन करवाया।

लेखक महसूस करता है कि इस अध्ययन की सामग्री की नौ भाषाओं और हजारों तकनीकी शब्दों को देखते हुए, यह आशा करना कि कुछ चूकें नहीं रह गई होंगी या कुछ अशुद्धियां या गलतफहमियां नहीं पैदा हो गई होंगी, आवश्य-

आभार स्वीकृति

लेखक इस अध्याय से सबधित सभी व्यक्तियो को उनकी महूर्य सहायता के लिए धन्यवाद देना चाहता है, विशेषकर निम्नलिखित व्यक्तियो को . सयुक्त राज्य अमरीका मे शिक्षा और प्रशिक्षण के कुछ ब्यौरों के सहायतापूर्ण स्पष्टी-करण के लिए डा० रसल बीटी, अध्यक्ष, वेंटवर्थ संस्थान, बोस्टन, मैसाचुसेट्स (सयुक्त राज्य अमरीका) और डा० कार्ल ओ० वारवर्थ, अध्यक्ष, मिल्वौकी स्कूल आफ इजीनियरिंग विस० (सयुक्त राज्य अमरीका), प्रलेखीकरण और आकड़ो के लिए एम० दा० डोलाडिले, असपक्टर प्रिंसिपल दौसइडमो तकनीक (फ्रास), लेखक को इस परियोजना को हाथ मे लेने और सबधित अनेक देशो का दौरा करने की अनुमति देने के लिए लदन काउटी काउसिल और साउथ ईस्ट लदन तकनीकी कालिज के प्रबधकगण, प्रलेखीकरण और जानकारी प्रदान करने के लिए सबधित प्रत्येक देश का यूनेस्को का राष्ट्रीय आयोग ।

इस पुस्तक में व्यक्त मत लेखक के अपने हैं और वे आवश्यक रूप से इनर लंदन एजुकेशन ओथोरिटी या यूनेस्को के विचारों के परिचायक नहीं हैं।

तीसरा अध्याय : तकनीकी शिक्षा और तकनीशियन का प्रशिक्षण :

चेकोस्लोवाकिया	...	103
फ्रांस	...	106
जर्मन संघीय गणतंत्र	...	110
इटली	...	113
नीदरलैंड्स	...	115
स्वीडन	...	119
सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ	...	121
युनाइटेड किंगडम	...	125
संयुक्त राज्य अमरीका	...	129
यूगोस्लाविया	...	134

चौथा अध्याय : उच्चतर शिल्पवैज्ञानिक शिक्षा में प्रवेश-पथ :

'दूसरा रास्ता'	...	138
चेकोस्लोवाकिया	...	144
फ्रांस	...	144
जर्मन संघीय गणतंत्र	...	145
इटली	...	145
नीदरलैंड्स	...	146
स्वीडन	...	147
सोवियत सामाजवादी गणतंत्र संघ	...	148
युनाइटेड किंगडम	...	149
संयुक्त राज्य अमरीका	...	152
यूगोस्लाविया	...	154
निष्कर्ष	...	155

पांचवां अध्याय : उद्देश्य और विधियां : परिवर्तनशील दृश्य :

शिशुता और कुशल कामगार का प्रशिक्षण	...	159
उद्योग में शिशुता	...	160
स्कूल में शिशुता	...	164
सामंजस्यीकरण	...	166
तकनीकज्ञ स्तर	...	169
पाठ्यक्रम नैडिट और परीक्षाएं	...	172
अध्यापक और उनका प्रशिक्षण	...	174
अध्यापकों का बहुसयोजन	...	177
साध्यकालीन कक्षा अध्यापक	...	179

प्रयोगशाला सहायक ... 178
अध्यापन मशीन ... 179
लड़कियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा ... 179
छठा अध्याय : तुलना और संश्लेषण :
शिक्षा में सर्वनिष्ठ प्रवृत्तियां ... 186
विकासमान देश ... 190
परिशिष्ट 1 : तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में :
यूनेस्को की सिफारिशों के साथ अनुबंध ... 195
परिशिष्ट 2 : अध्ययन के नमूना कार्यक्रम : व्यावसायिक शिक्षा :
चेकोस्लोवाकिया ... 196
फ्रांस ... 198
जर्मन संघीय गणतंत्र ... 199
इटली ... 201
नीदरलैंड्स ... 202
स्वीडन ... 204
सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ ... 205
युनाइटेड किंगडम ... 207
संयुक्त राज्य अमरीका ... 208
युगोस्लाविया ... 215
परिशिष्ट 3 : अध्ययन के नमूना कार्यक्रम . तकनीकी शिक्षा :
चेकोस्लोवाकिया ... 216
फ्रांस ... 219
जर्मन संघीय गणतंत्र ... 220
इटली ... 223
नीदरलैंड्स ... 225
स्वीडन ... 225
सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ ... 225
युनाइटेड किंगडम ... 230
संयुक्त राज्य अमरीका ... 236
युगोस्लाविया ... 240
परिशिष्ट 4 : बहुविकल्पी 'वस्तुनिष्ठ' परीक्षा प्रश्नों के उदाहरण ... 242
परिशिष्ट 5 पारिभाषिक शब्दावली : हिंदी रूपान्तर में : ... 243
प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों के अंग्रेजी पर्याय ... 247

भूमिका

हमारे चारो ओर का भौतिक परिवेश, हमारे दैनिक कार्यों के यत्र, हमारे खाने-पीने के समाधित खाद्य पदार्थ, यहा तक कि कभी-कभी तो हमारी सास की हवा तक भी, सभी तकनीकी विकास के परिणामस्वरूप ही सभव हो पाए हैं। इसी प्रकार किसी भी राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि, उसका जीवन-स्तर, उसकी सभावित वृद्धि और उसकी सुरक्षा, सभी कुछ उस राष्ट्र की तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण तत्र की दक्षता और उस तत्र के लिए वह राष्ट्र किस मात्रा तक कार्य करने और धन जुटाने को तैयार है, इस पर निर्भर करते हैं। किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास मे तकनीकी शिक्षा एकमात्र कारक तो नहीं होती है, परन्तु निस्सदेह ही वह एक आवश्यक कारक तो होती ही है।

इतना होने पर भी, यह तत्र—इसकी सरचना, इसकी विधियां और इसकी तकनीकी—विचारणा और आयोजना के अवचेतन स्तर से केवल कुछ ही वर्ष पूर्व ऊपर उठ पाया है। आज भी, अनेक प्रशासकों और शिक्षाविदों के लिए व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण एक अनजाना प्रदेश है। इसके अतिरिक्त, अक्सर ऐसा भी होता है कि इस विषय के विशेषज्ञ को अपने स्वय के देश के प्रशिक्षण तत्र की जटिलताओं की तो पूरी जानकारी होती है, परतु अपने देश की सीमाओं के बाहर पड़ोसी देश मे क्या कुछ हो रहा है, इसके बारे में लगभग कुछ भी जानकारी नहीं होती। ऐसा होना कोई अस्वाभाविक भी नहीं है। प्रगति की पेचीदगियां भरी हुई विधियां, प्रत्येक धधे से सबधित एक कार्यक्रम और इस प्रकार के सैकड़ों परस्पर भिन्न कार्यक्रम, प्रशिक्षण के विभिन्न स्तर और इन तीनों पर लगी हुई देश के इतिहास, परपरा और सामाजिक विचारधारा की छाप, प्रथम दृष्टि में ये सभी एक उलझे हुए पैटर्न के रूप में दिखाई देते हैं।

परतु पिछले कुछ वर्षों से, इस कार्यक्षेत्र में अतर्राष्ट्रीय सीमाओं के आरपार सहयोग बढ़ाने के लिए, तुलनात्मक अध्ययन करना एक कार्यकारी आवश्यकता हो गई है। प्रथमत., प्रादेशिक क्षेत्रों जैसे यूरोपीय आर्थिक समुदाय (यूरोपियन इकनामिक कम्युनिटी), स्कैंडेनेविया के देशों, पूर्वी यूरोप या उत्तरी अमरीका महाद्वीप के बीच कुशल कामगरों के प्रवास ने डिप्लोमाओं में कुछ न कुछ समतुल्यता के होने को आवश्यक बना दिया है और इस सबध में कुछ देशों में रोचक सहयोग पैदा कर दिया है। इस सहयोग का एक उदाहरण है, व्यावसायिक विकास की इंजीनियर परिषद द्वारा सयुक्त राज्य अमरीका/कनाडा के इजीनियरी

कारीगरों के लिए [illegible] की रूपरेखा [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] हुआ है।

दूसरे विकासशील [illegible] का कार्य तकनीकी शिक्षा पर अनेक [illegible] को सलाह देना है। यदि वे [illegible] अनेक देशों के अनेक [illegible] अनुभव का लाभ ले [illegible] तो वे सलाह देने की अधिक [illegible] हो जाएंगे। यह काम [illegible] उन [illegible] और भी [illegible] उनके देश का [illegible] के अनुरूप हों।

इसलिए, इस अध्ययन की सामग्री किसी भी [illegible] कार्यक्रम का विस्तृत तकनीकी जानकारी देने के लिए अभिप्रेत नहीं है (17 देशों के [illegible] को समाविष्ट करना तो विश्वकोश के बराबर का कार्य हो जाता), बल्कि चुने हुए देशों के तथ्यों की तुलनात्मक समीक्षा और उनके बीच स्थूल तुलना प्रस्तुत करना है। पहले, दूसरे और तीसरे अध्यायों में अलग अलग देशों पर चर्चा है। चौथे, पांचवें और छठे अध्यायों में रास्ट्र के बीच तुलना की गई है और भावी प्रवृत्तियों पर चर्चा की गई है।

इतने सीमित उद्देश्य की भी सुस्पष्ट सीमा रेखाएं नहीं हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण, विश्वविद्यालयीन अध्ययन, वयस्क शिक्षा, सामान्य माध्यमिक शिक्षा, और अध्यापक प्रशिक्षण से सीमारेखाएं गायी हैं, जिनके किसी सीमांकन आयोग ने कभी भी विस्तारपूर्वक नक्शे नहीं बनाए हैं। अध्यापक प्रशिक्षण तो अपने आप में एक विशाल तुलनात्मक अध्ययन होगा और उस पर प्रस्तुत अध्ययन में केवल सतही तौर पर ही चर्चा की गई है।

अंतत, सर्वोपरि समस्या, प्रविधियों का मानविकी के साथ संबंध का तकनीकी शिक्षा के उदारीकरण के प्रयत्नों की प्रोन्नति में शैक्षिक मुख्य होते हुए भी, उससे इतने अधिक दार्शनिक प्रश्न उठ खड़े होंगे कि इस अध्ययन की परिसीमाओं में उनका समाधान प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा।

अंतर्राष्ट्रीय प्रयोजनों के लिए तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा की प्रस्थिति और प्रयोजन को 1962 में यूनेस्को के महासम्मेलन द्वारा स्वीकृत सिफारिशों के पैराग्राफ 7 में जिस प्रकार व्यक्त किया गया था, उससे अधिक अच्छी तरह से व्यक्त नहीं किया जा सकता है। "तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को समग्र शिक्षा तंत्र का एक अविच्छिन्न अंग होना चाहिए और ऐसा होने के नाते उसकी सांस्कृतिक अंतर्वस्तु पर समुचित ध्यान दिया जाना चाहिए। उसके माध्यम से किसी विशेष धंधे के लिए आवश्यक कौशलों और सैद्धांतिक ज्ञान को प्रदान करके किसी व्यक्ति को प्रशिक्षित करने के अतिरिक्त भी कुछ संपादित किया जाना चाहिए। सामान्य शिक्षा के साथ-साथ उसके द्वारा भी

व्यक्तित्व और चरित्र के विकास की व्यवस्था की जानी चाहिए और समझने की क्षमता, नीर-क्षीर विवेक, आत्माभिव्यक्ति और परिवर्तनशील परिवेश के अनुकूल अपने को ढालने के गुणों का पोषण किया जाना चाहिए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा की सांस्कृतिक अंतर्वस्तु के स्तर को इतनी ऊंचाई पर निर्धारित किया जाना चाहिए कि तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में अपरिहार्य विशेषीकरण के द्वारा व्यक्ति की व्यापकतर अभिरुचियां अवरुद्ध न हो जाएं।"[1]

शिल्पविज्ञान स्वयं में एक साधन है, साध्य नहीं है। अतएव, सच्ची शिक्षा के लिए यह चाहे सक्रियता के किसी भी क्षेत्र में हो, साध्य के संबंध में भी उतना ही बल देना आवश्यक है, जितना कि साधन के संबंध में। कारण यह है कि केवल ऐसी ही स्थिति होने पर, मानव संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

1. यूनेस्को, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा, यूनेस्को और अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की सिफारिशें, पेरिस, यूनेस्को और जेनेवा, अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, 1961, पृ॰ 36 फ्रांसीसी, रूसी और स्पेनी भाषाओं में भी प्रकाशित।

कार्यक्रमों के लिए उदाहरण को प्रस्तुत [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] का [illegible] [illegible] का एक [illegible] [illegible] हुआ है।

दूसरे किन व्यक्तियों का कार्य तकनीकी शिक्षा पर अनेक [illegible] को सलाह देना है यदि वे व्यक्ति अनेक देशों के अनेक [illegible] के अनुभव का ज्ञान ले साथ उठा सकें तो वे सलाह देने की अधिक अच्छी स्थिति में हो जाएंगे। यह बात विशेषकर इस स्थिति में और भी ज्यादा लागू होती है, जब उनके देश का राष्ट्रीय ध्येय इस तरह के लोगों की प्रतिपूर्ति के अनुकूल हो।

इसलिए, इस अध्ययन की सामग्री किसी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम या किसी तकनीकी जानकारी देने के लिए अभिप्रेत नहीं है (17 देशों के [illegible] को समाविष्ट करना तो विश्वकोश के बराबर का कार्य हो जाता), बल्कि यह चुने हुए देशों के तथ्यों की आलोचनात्मक समीक्षा और उनके बीच स्थूल तुलना प्रस्तुत करता है। पहले, दूसरे और तीसरे अध्यायों में अलग-अलग देशों पर चर्चा है। चौथे, पांचवें और छठे अध्यायों में राष्ट्रों के बीच तुलना की गई है और भावी प्रवृत्तियों पर चर्चा की गई है।

इतने सीमित उद्देश्य को भी सुस्पष्ट सीमा रेखाएं नहीं हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण, विश्वविद्यालयीन अध्ययन, कृषक शिक्षा, सामान्य माध्यमिक शिक्षा, और अध्यापक प्रशिक्षण में सीमारेखाएं मानी हैं, जिनके किसी सीमांकन आलेख के कभी भी विस्तारपूर्वक नक्शे नहीं बनाए हैं। अध्यापक प्रशिक्षण तो अपने आप में एक विशाल तुलनात्मक अध्ययन होगा और उस पर प्रस्तुत अध्ययन में केवल सरसरी तौर पर ही चर्चा की गई है।

अन्तत, सर्वोपरि समस्या, प्रौद्योगिकी का मानविकी के साथ संबंध का तकनीकी शिक्षा के उदारीकरण के प्रयत्नों की प्रोन्नति में शैक्षिक मूल्य होते हुए भी उससे इतने अधिक दार्शनिक प्रश्न उठ खड़े होंगे कि इस अध्ययन की परिसीमाओं में उनका समाधान प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा।

अंतर्राष्ट्रीय प्रयोजनों के लिए तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा की प्रस्थिति और प्रयोजन को 1962 में यूनेस्को के महासम्मेलन द्वारा स्वीकृत सिफारिशों के पैराग्राफ 7 में जिस प्रकार व्यक्त किया गया था, उससे अधिक अच्छी तरह से व्यक्त नहीं किया जा सकता है : "तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को समग्र शिक्षा तंत्र का एक अविच्छिन्न अंग होना चाहिए और ऐसा होने के नाते उसकी सांस्कृतिक अंतर्वस्तु पर समुचित ध्यान दिया जाना चाहिए। उसके माध्यम से किसी विशेष धंधे के लिए आवश्यक कौशलों और सैद्धांतिक ज्ञान को प्रदान करके किसी व्यक्ति को प्रशिक्षित करने के अतिरिक्त भी [illegible] संपादित किया जाना चाहिए। सामान्य शिक्षा के साथ-साथ उसके द्वारा

पहला अध्याय

सामान्य शिक्षा के तंत्र

विचाराधीन विभिन्न देशों में विद्यमान सामान्य शिक्षा के तंत्रों का मूल्यांकन करना इस अध्ययन का प्रयोजन नहीं है। फिर भी, यदि परिप्रेक्ष्य मे तकनीकी शिक्षा की संरचना को भली भांति समझना अभिप्रेत है तो उन तंत्रों का बुनियादी ज्ञान होना अत्यावश्यक है। इसके अतिरिक्त कुछ देशों के स्कूल तंत्रों मे परिवर्तनों के कारण तकनीकी शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों की प्रवेश शर्तें विशद रूप से रूपांतरित हो गई हैं।

अतएव, यदि तकनीकी शिक्षाविद् को समग्र विश्व का दर्शन करना हो तो उसके लिए प्रत्येक देश में विद्यमान शैक्षिक प्रथा और दर्शन का अद्यतन ज्ञान रखना आवश्यक हो जाता है। इसका विपरीत भी इतना ही सत्य है। जिन लोगो का जीवन-कार्य सामान्य शिक्षा के क्षेत्र मे ही लगा है, उनको भी न केवल विश्वविद्यालय में उपलब्ध अवसरो का ही कुछ ज्ञान होना चाहिए, वरन् आज स्कूल छोड़ने के बाद व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा में जो अपेक्षाकृत अधिक संख्या मे अवसर उपलब्ध हैं, उनका भी कुछ ज्ञान होना आवश्यक है।

वस्तुत, सामान्य शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के बीच कोई सुस्पष्ट विभाजन रेखा नहीं है, और न ही ऐसी कोई रेखा होनी चाहिए। सामान्य शिक्षा का उद्देश्य मन का परिष्कार कर उसका ससार से सामंजस्य स्थापित करना होता है, जबकि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य भौतिक ससार में इस प्रकार के परिवर्तन लाना होता है कि वह मन की आकांक्षाओं के अनुकूल हो जाए। हमारा उद्देश्य इन दोनों में कोई तीव्र वैपरीत्य दर्शाना नहीं है, बल्कि यह दिखाना है कि इन दोनों ही घटकों को एक दूसरे का पूरक मानना आवश्यक है।

प्रत्येक देश मे प्रशासन की संरचना, उसके आधारभूत आकडे और उसकी शैक्षिक सेवाओं के और अधिक विस्तृत ब्योरे, अनेक मानक राष्ट्रीय अध्ययनों और कुछ प्रादेशिक या अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों मे देखे जा सकते हैं। इनमे से सर्वाधिक बहुसमावेशी प्रकाशन यूनेस्को द्वारा प्रकाशित "शिक्षा का विश्व सर्वेक्षण" (खंड I, II, III, और IV) है।

परिशिष्ट 1 में, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के संबंध मे यूनेस्को की सिफारिश के साथ अनुबंधित नमूना-योजनाएं दी गई हैं। इन कार्यक्रमों का संबंध स्कूल मे पहले की सामान्य शिक्षा के कुल वर्षों के साथ है।

पहला अध्याय

सामान्य शिक्षा के तंत्र

विचाराधीन विभिन्न देशों में विद्यमान सामान्य शिक्षा के तंत्रों का मूल्यांकन करना इस अध्ययन का प्रयोजन नहीं है। फिर भी, यदि परिप्रेक्ष्य में तकनीकी शिक्षा की संरचना को भली भांति समझना अभिप्रेत है तो उन तंत्रों का बुनियादी ज्ञान होना अत्यावश्यक है। इसके अतिरिक्त कुछ देशों के स्कूल तंत्रों में परिवर्तनों के कारण तकनीकी शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों की प्रवेश शर्तें विशद रूप से रूपांतरित हो गई हैं।

अतएव, यदि तकनीकी शिक्षाविद् को समग्र चित्र का दर्शन करना हो तो उसके लिए प्रत्येक देश में विद्यमान शैक्षिक प्रथा और दर्शन का अद्यतन ज्ञान रखना आवश्यक हो जाता है। इसका विपरीत भी इतना ही सत्य है। जिन लोगों का जीवन-कार्य सामान्य शिक्षा के क्षेत्र में ही लगा है, उनको भी न केवल विश्वविद्यालय में उपलब्ध अवसरों का ही कुछ ज्ञान होना चाहिए, वरन् आज स्कूल छोड़ने के बाद व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा में जो अपेक्षाकृत अधिक संख्या में अवसर उपलब्ध हैं, उनका भी कुछ ज्ञान होना आवश्यक है।

वस्तुत, सामान्य शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के बीच कोई सुस्पष्ट विभाजन रेखा नहीं है, और न ही ऐसी कोई रेखा होनी चाहिए। सामान्य शिक्षा का उद्देश्य मन का परिष्कार कर उसका संसार से सामंजस्य स्थापित करना होता है, जबकि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य भौतिक संसार में इस प्रकार के परिवर्तन लाना होना है कि वह मन की आकांक्षाओं के अनुकूल हो जाए। हमारा उद्देश्य इन दोनों में कोई तीव्र वैपरीत्य दर्शाना नहीं है, बल्कि यह दिखाना है कि इन दोनों ही घटकों को एक दूसरे का पूरक मानना आवश्यक है।

प्रत्येक देश में प्रशासन की संरचना, उसके आधारभूत आंकड़े और उसकी शैक्षिक सेवाओं के और अधिक विस्तृत ब्योरे, अनेक मानक राष्ट्रीय अध्ययनों और कुछ प्रादेशिक या अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों में देखे जा सकते हैं। इनमें से सर्वाधिक बहुसमावेशी प्रकाशन यूनेस्को द्वारा प्रकाशित "शिक्षा का विश्व सर्वेक्षण" (खंड I, II, III, और IV) है।

परिशिष्ट 1 में, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में यूनेस्को की सिफारिश के साथ अनुबंधित नमूना-योजनाएं दी गई हैं। इन कार्यक्रमों का संबंध स्कूल में पढ़ने की सामान्य शिक्षा के कुल वर्षों के साथ है।

चेकोस्लोवाकिया

प्रशासन

चेकोस्लोवाकिया में शिक्षा राज्य का उत्तरदायित्व है। शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय अपने अधिकार का अधिकांश राष्ट्रीय समितियों को हस्तांतरित कर देता है, जिनमें से प्रत्येक समिति स्थानीय शिक्षा के लिए उत्तरदायी होती है। "उनका कार्य राज्य की अर्थव्यवस्था और संस्कृति के विकास की राष्ट्रीय योजना और राज्य बजट के आधार पर शिक्षा का निरंतर विकास सुनिश्चित करना होगा।"[1] राष्ट्रीय समितियां स्कूलों एवं शैक्षिक स्कूलों और स्कूलेतर सुविधाओं की व्यवस्था करेंगी।[2] "राजकीय फार्मों, कारखानों और सहकारी समितियों जैसे अन्य समाजवादी संगठन भी अपने साधनों से धन मुहैया कर, सहयोग कर सकते हैं।"[3]

यद्यपि वर्तमान शिक्षा की कुछ मुख्य धाराएं 1953 के अधिनियम में निर्धारित कर दी गई थीं जिनमें प्रत्येक बालक के लिए 14 वर्ष की उम्र तक 8-वर्षीय शिक्षा की फिर से पुष्टि की गई थी, वर्तमान स्थिति का आधार 15 दिसम्बर 1960 के शिक्षा सुधार अधिनियम की आमूल परिवर्तनकारी धाराएं थीं।

1953 के अधिनियम से, लगभग प्रति वर्ष ही शिक्षा के राष्ट्रीय ढांचे में परिवर्तन और विकास होते आए हैं। सन् 1957 से शिक्षा मंत्रालय ने शिशु प्रशिक्षण का तो पूरा ही भार अपने जिम्मे ले लिया है। 1959 से 1962 के बीच, बारी-बारी से विभिन्न प्रदेशों में स्कूल समापन उम्र धीरे-धीरे बढ़ाकर 14 वर्ष से 15 वर्ष कर दी गई और इस प्रकार 9-वर्षीय उपस्थिति अनिवार्य हो गई। 1960-61 से, सारी पाठ्यपुस्तकें निःशुल्क दी जाने लगीं। 1962 से शिशु प्रशिक्षण की पाठ्यचर्या में, सामान्य और तकनीकी सैद्धांतिक विषयों के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन के बजाए दो दिन हो गए। 1959-60 में 'कामगरों के माध्यमिक स्कूल" आरम्भ किए गए। इनके द्वारा युवा कामगरों को अंशकालिक कक्षाओं में, विश्वविद्यालय प्रवेश या अन्य उच्चतर अध्ययनों के लिए तैयार किया जाता है।

अतः, 1960 के अधिनियम में, शिक्षा को आधुनिक समाजवादी समाज में जीवन के लिए तैयारी कहा गया है. ज्ञानप्रधान स्कूलों में भी "बहु-तकनीकी

1. शिक्षा तंत्र से सम्बन्धित कानून—स्कूल विधि—राष्ट्रीय विधान सभा ने 15 दिसम्बर 1960 को अनुमोदित की, अनुच्छेद 31 वैस्टनिक मिनिस्टेरस्टवा स्कोल्स्त्वी ए कुल्टरी, खंड 17, 31 जनवरी 1961, 1-11, पृष्ठ 1-7.
2. वही अनुच्छेद
3. वही अनुच्छे

शिक्षा" की संकल्पनाओं के होने की बात कही गई है और कामगरों की अंशकालिक शिक्षा की व्यवस्थाओं का उच्चतम स्तरों तक विस्तार कर दिया गया है। यह "शिक्षा में एक-पक्षीय बुद्धिवाद के उन्मूलन (और) शारीरिक परिश्रम एवं मानसिक कार्य के बीच की खाई पाटने का एक साधन है।"[4] इसके अतिरिक्त, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के स्तरों पर शिक्षा निःशुल्क है। कला के स्कूलों, भाषा के स्कूलों और कुछ अन्य वैकल्पिक सुविधाओं के लिए फीस ली जा सकती है।

प्राथमिक शिक्षा

प्राथमिक शिक्षा के रूप में चेकोस्लोवाकिया में कोई चीज नहीं है। इसके बजाए, सभी बच्चे 9 वर्ष की बुनियादी स्कूली शिक्षा प्राप्त करते हैं। आगे चल कर वे किस क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करेंगे, इसमें इस बात का कोई ध्यान नहीं रखा जाता। यह बुनियादी शिक्षा दो अवस्थाओं में विभाजित है। 6 से 11 वर्ष तक के बच्चों की प्रथम अवस्था में, एक ही अध्यापक, विशेषीकृत विषयों को छोड़कर अन्य सभी विषय पढ़ाता है। 11 से 15 वर्ष तक के विद्यार्थियों की दूसरी अवस्था के दौरान, अध्यापक आम तौर पर एक या दो विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त कर लेते हैं। दूसरी अवस्था पूरी हो जाने के उपरान्त, छात्र अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी करने के लिए अनेक भिन्न प्रकार के अपेक्षाकृत अधिक विशेषीकृत स्कूलों में से किसी एक में दाखिले के लिए आवेदन दे सकता है।

माध्यमिक शिक्षा

सामान्य माध्यमिक स्कूल

सामान्य माध्यमिक स्कूल एक 3-वर्षीय पाठ्यक्रम है, जो पहले पूरी तरह से ज्ञानप्रधान हुआ करता था और जिसका पूरा ध्यान केवल विश्वविद्यालय प्रवेश पर ही होता था। अब इसमें प्रति सप्ताह कम से कम 8 घंटे की बहुतकनीकी शिक्षा (पौलिटेक्निकल एजुकेशन) की संकल्पना शामिल कर ली गई है। इन 8 घंटों में से 2 घंटे सैद्धांतिक अध्ययन में और 6 घंटे व्यावहारिक अध्ययन में लगाए जाते हैं। इस पाठ्यक्रम की समाप्ति 18 वर्ष की उम्र पर 'परिपक्वता' परीक्षा के साथ होती है और इससे विश्वविद्यालय अथवा कहीं और उच्चतर शिक्षा का रास्ता खुल जाता है। 1956-57 से 3-वर्षीय माध्यमिक पाठ्यक्रम को पास करके निकलने के बाद 2-वर्षीय व्यावसायिक स्कूल पाठ्यक्रमों की व्यवस्था के हो जाने से विश्वविद्यालय के अलावा अन्यत्र दाखिले की संभावना सुलभ हो गई है।

---

4. देखिए, प्रस्तावना

चेकोस्लोवाकिया
वर्ष
26
25
24
23
22
21
20
19
18
17
16
15
14
13
12
11
10
9
8
7
6
5
4
3
विश्वविद्यालय
तकनीकी विश्वविद्यालय
सामान्य माध्यमिक स्कूल
माध्यमिक व्यावसायिक स्कूल
रोजगार
युवा कामगारों के माध्यमिक स्कूल
प्रशिक्षण स्कूल
रोजगार
व्यावसायिक स्कूल
बुनियादी
9-वर्षीय स्कूल
अनिवार्य उपस्थिति
नर्सरी स्कूल

राष्ट्रीय वयोवर्ग का लगभग 20 प्रतिशत इन व्यावसायिक स्कूलों में प्रवेश पाता है।

1956-57 में, तीन पाठ्यचर्याओं के विकल्प स्थापित किए गए थे और 1960 में उनमें परिशोधन करके और उनकी पुष्टि करके उनको निम्नलिखित कर दिया गया था : (क) सामान्य शिक्षा (लैटिन अनिवार्य नहीं है), (ख) गणित। भौतिकी, (ग) रसायन। जीवविज्ञान।

ये विशेषज्ञताएं तीन वर्षों में क्रमशः 14, 12 और 11 घंटों की सामान्य शिक्षा के सर्वनिष्ठ कार्यक्रम के अतिरिक्त हैं। लैटिन, कला, तकनीकी ड्राइंग, प्रयोगशाला कार्य और खेल-कूद गैर-अनिवार्य विषय हैं। प्रति सप्ताह 2 घंटों की पढ़ाई के लिए केवल एक ही विषय चुना जा सकता है।

पाठ्य विवरण में बुनियादी तकनीकी घटक, जिसमें प्रति सप्ताह एक दिन उत्पादक कार्य शामिल होता है, स्कूल समापन के उपरांत कुशल कामगर या तकनीकज्ञ के तौर पर लघुकृत प्रशिक्षण का एक आधार प्रदान करता है। सामान्य माध्यमिक स्कूल को पास करके निकले वे छात्र जो माध्यमिक व्यावसायिक स्कूल में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे विशेष 2-वर्षीय कार्यक्रम के हकदार होते हैं। (नीचे देखिए)

माध्यमिक व्यावसायिक स्कूल

माध्यमिक व्यावसायिक स्कूल में दाखिला दूसरी अवस्था को पास करके आए छात्रों को दिया जाता है, परंतु अब एक वर्ष का अग्रिम व्यावहारिक अनुभव मांगने की प्रवृत्ति अधिकाधिक बढ़ रही है, विशेषकर शिशु प्रशिक्षण में। पाठ्यक्रम 3 या 4 वर्ष का होता है और इसके द्वारा सामान्य परिपक्वता प्रमाणपत्र और तकनीकी सक्षमता दोनों ही प्राप्त होते हैं। इन स्कूलों से पास किए हुए छात्र या तो विश्वविद्यालय में दाखिला ले सकते हैं या उद्योग में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

ऊपर वर्णित सामान्य माध्यमिक स्कूल से पास करके आने वाले छात्रों के लिए पाठ्यक्रम को छोटा करके 2 वर्ष का कर दिया गया है। संबंधित वयोवर्ग के लगभग 20 प्रतिशत बच्चे इन्हीं स्कूलों में दाखिल होते हैं।

2-वर्षीय व्यावसायिक स्कूल

2-वर्षीय व्यावसायिक स्कूल में 9-वर्षीय स्कूल के पश्चात् आगे की सामान्य और तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती है, परंतु पूर्ण माध्यमिक 'परिपक्वता' प्रदान नहीं की जाती। इसको पास करने वाले अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं,

गिक अनुभव दोनो ही शामिल होते हैं। सामान्य प्रकार के सात विश्वविद्यालय हैं, जिनमे प्राग का चार्ल्स विश्वविद्यालय भी एक है (इसकी स्थापना 1348 मे की गई थी) ये सभी विश्वविद्यालय देश के उत्पादी जीवन के साथ घनिष्ठता से सम्बद्ध हैं। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लगभग 50 प्रतिशत छात्र कामगरो के घरों से आते हैं।

वयस्क शिक्षा

हाल ही मे सामान्य शिक्षा और तकनीकी शिक्षा की एक विस्तृत प्रणाली स्थापित की जा चुकी है और उसमे तेजी से वृद्धि भी हो रही है। विश्वविद्यालय स्तर समेत पूर्णकालिक शिक्षा तन्त्र के लगभग सभी पक्षो के दिवाकालीन पाठ्यक्रमो के अलावा सान्ध्यकालीन और पत्राचार पाठ्यक्रम हैं। सान्ध्यकालीन कक्षाएं प्रति सप्ताह 14 घंटे लगती हैं (आमतौर पर 3-वर्षीय पाठ्यक्रम)। पत्राचार (गैर-आवासिक) पाठ्यक्रमो मे सप्ताह मे एक बार छह घटे के लिए ट्यूटर के साथ मुलाकात की व्यवस्था की जाती है और जो छात्र इसमे भी प्रति सप्ताह उपस्थित नही हो पाते, उनके लिए अन्य बहिःशाला अध्ययनो (एक्स्ट्रा मूरल स्टडीज) की व्यवस्था की जाती है।

फ्रांस

प्रशासन

फ्रांस मे सार्वजनिक शिक्षा का उत्तरदायित्व केंद्रीकृत है और यह उत्तरदायित्व राष्ट्रीय शिक्षा के मन्त्रालय का है, यद्यपि कृषि मन्त्रालय, रक्षा मन्त्रालय, न्याय मन्त्रालय, आदि अनेक अन्य मन्त्रालय भी शैक्षिक शक्तियों का इस्तेमाल और शैक्षिक कार्य करते हैं।

मन्त्रालय की प्रशासनिक सरचना मे दो मुख्य शैक्षिक प्रभाग हैं स्कूली कार्यक्रमो का विभाग और उच्च शिक्षा एव अनुसधान का विभाग। इनके अतिरिक्त, सामान्य सेवाओ और प्रशासन यथा स्कूल-उपस्कर, स्वास्थ्य, पुस्तकालय और बाह्य सबधो, के लिए भी कार्यकारी प्रभाग हैं।

मन्त्रालय को निरीक्षको के राष्ट्रीय निकाय (असपक्तर जनरो) से सहायता मिलती है और यही निकाय मन्त्रालय का प्रतिनिधित्व भी करता है। प्रत्येक निरीक्षक एक भिन्न क्षेत्र का विशेषज्ञ होता है।

फ्रांस मे शैक्षिक प्रशासन 19 प्रदेशो (अकादमी) मे बटा हुआ है। प्रत्येक प्रदेश का प्रशासन रैक्टर के हाथ मे होता है, जो मन्त्री के प्रति उत्तरदायी होता है। प्रत्येक काउंटी (देपार्तमां) के पर्यवेक्षण के लिए एक असपक्तर द अकादमी

त्यायोजित किया जाता है। उसको विशिष्ट विषयो के लिए विशेषीकृत निरी-
क्षकों की सहायता प्राप्त होती है।

सार्वजनिक शिक्षा मे अध्यापन करने वाले सभी कार्मिको को अपना वेतन
राज्य से ही प्राप्त होता है, यद्यपि अक्सर स्कूली इमारतो की व्यवस्था करने
और उनके अनुरक्षण के कार्य की प्रशासनिक और वित्तीय जिम्मेदारी नगर-
पालिका प्राधिकारियो की होती है।

6 से 14 वर्षों तक की उम्र के बीच स्कूल उपस्थिति अनिवार्य है और 1967-
69 के वर्षों मे इसको बढाकर 16 वर्ष किया जा रहा है। कुछ विश्वविद्यालयीन
राजीकृत फीसो और निजी (प्राइवेट) स्कूलो की पढाई को छोडकर, पढाई के
लिए कोई फीस नही ली जाती है। 11 वर्ष की उम्र के बाद से छात्रवृत्तिया उप-
लब्ध हैं। सार्वजनिक शिक्षा नितात धर्मनिरपेक्ष है और वह किसी भी धार्मिक
और राजनैतिक अभिमुखता (ओरिएटेशन) से मुक्त है। देश भर मे अनुदेशन,
परीक्षा, कर्मचारियो की अर्हताओ के स्तर और सामान्य शैक्षिक सरचना एक-
समान बनाए रखी जाती है, यद्यपि स्थानीय परिस्थितियो के अनुसार उनमें जहा-
तहा हेर-फेर किया जा सकता है।

शिक्षा सुधार अधिनियम 1959 के द्वारा पुरानी सरचना मे आमूल परिवर्तन
लाए गए और प्राथमिक, माध्यमिक, तकनीकी और विश्वविद्यालयीन शिक्षा के
इन चार स्तरो में से पहले तीन स्तर लगभग स्वायत्त निकाय बन गए। पृथक्करण
छात्र की उम्र के हिसाब से क्षैतिज के बजाए कोटि के अनुसार ऊर्ध्वाधर कर दिया
गया। सन् 1959 के अधिनियम और उसके बाद की राजाज्ञाओ के फलस्वरूप,
2 से 6 वर्षों तक गैर-अनिवार्य पूर्व-प्राथमिक स्कूल-शिक्षा की, 6 से 11 वर्ष तक
प्राथमिक शिक्षा की, 11 से 15 वर्ष तक माध्यमिक शिक्षा के प्रथम चक्र की,
15 वर्ष से आगे माध्यमिक शिक्षा की 5 मुख्य धाराओ की, और 18 वर्ष से ऊपर
अनेक रूपो में उच्च शिक्षा की व्यवस्था कर दी गई है।

प्राथमिक शिक्षा

प्रारभिक शिक्षा प्राथमिक स्कूलो (एकोल एलेमनतेयर) मे तीन प्रावस्थाओ
(कू) मे दी जाती है प्रेपारातवार (6-7,) एलेमनतेयर (7-9) और मोयां
(9-11)। प्रारभिक शिक्षा के द्वारा उसके बाद उपलब्ध विकल्पो मे से किसी
एक के अपनाने के लिए बुनियादी ज्ञान प्रदान किया जाता है। कौन छात्र बाद
मे किस क्षेत्र मे विशेषज्ञता प्राप्त करेगा, इस बात का ध्यान रखे बिना सभी छात्रो
के लिए एक ही प्रारभिक शिक्षा का कार्यक्रम रखा गया है।

फ्रांस

यूनिवर्सिटी ग्रांद ऐकोल एकोल ऐडैनीअर, आदि
लीसे
लीसे तकनीक
कोलेज दी जेनरल
रोज़गार, कूर प्रोफेसिओनेल कूर द परफेक्सिओनमां आदि के साथ
कोलेज दी तकनीक
1959
सीकल
ओरियोन्तासिओं
अनिवार्य उपस्थिति 1967
एकोल प्रीमैर
एकोल मातर्नेल
ओन्सेइग्मों सुपेरिअर
ओन्सेइग्मों सेगोंदैर दजिऐम सीकल
ओन्सेइग्मों सेगोंदैर दयू प्रीमिएर सीकल
ओन्सेइग्मों एलेमौंतैर
ओन्सेइग्मों प्रेस्कोलैर

माध्यमिक शिक्षा

प्रथम चक्र

माध्यमिक शिक्षा के प्रथम चरण, 11-15 (अंसीन्यमां स्गोंदेर दू प्रमीए सीक्ल) का उद्देश्य अब यथासम्भव सामान्य होना और आजीविका (कैरियर) का अंतिम चुनाव 15 वर्ष की उम्र तक स्थगित कर देना है। प्रथम दो वर्ष अर्थात 11-13, निदान सूचक अवधि (सीक्ल दोब्जर्वासियों) होती है, जिसके दौरान योग्यता और अभिरुचिता का आकलन किया जाता है और किसी एक पाठ्यक्रम से किसी अन्य पाठ्यक्रम को तबादले और पुनर्तबादले की सुविधा प्रदान की जाती है।

2-वर्षीय सीक्ल दोब्जर्वासियों की समाप्ति पर, सीक्ल देरिऑन्तासियों नामक एक अन्य 2-वर्षीय अवधि प्रारंभ होती है। छात्र अपनी अभिरुचिता और सीक्ल दोब्जर्वासियों के दौरान किए गए कार्य के आधार पर उत्तरोत्तर चार अध्ययन पाठ्यक्रमों (अनुभागों) में से किसी एक को चुन लेता है : चिरसम्मत जिसमें लैटिन या ग्रीक और एक या दो आधुनिक भाषाएं शामिल होती हैं, आधुनिक, दो कार्यक्रम—या तो आधुनिक I, जिसमें फ्रांसीसी भाषा और दो आधुनिक भाषाएं होती हैं, या आधुनिक II, जिसमें केवल एक ही आधुनिक भाषा होती है (कभी-कभी शिल्पविज्ञान के पाठ्यक्रम भी आधुनिक कार्यक्रमों में शामिल कर लिए जाते हैं) और व्यावहारिक, जिसमें गैर विशेषीकृत पूर्व-व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विशेषज्ञता प्रदान की जाती है।

जबकि पहले 'प्रामीए सीक्ल' के दौरान के विभिन्न कार्यक्रम अलग-अलग विषयों में विशेषीकृत अलग-अलग स्कूलों में पढ़ाए जाते थे, अभी हाल ही के सुधार (1962) के पश्चात् प्रथा यह है कि उन सभी भिन्न भिन्न कार्यक्रमों को 'कौलेज दौसइडमौं स्गोंदयें' नामक स्कूलों में समूहित कर दिया जाता है।

परन्तु पिछले तन्त्र से नए तन्त्र में संक्रमण अभी पूरा नहीं हुआ है। पहले चक्र के लिए अभी भी तीन प्रकार के स्कूलों में कार्यक्रमों की व्यवस्था है : लीसे (चिर-सम्मत और आधुनिक), कौलेज दौसइडमौं जेनेराल (आधुनिक II) और कौलेज दौसइडमौं स्गोंदयें (जिनमें सभी कार्यक्रम उपलब्ध हैं और तबादलों की सुविधा है)।

द्वितीय चक्र

15 वर्ष की उम्र पर अपनी सामान्य शिक्षा पूरी कर लेने के बाद,, छात्र उस कार्यक्रम को चुनता है, जो उसके भावी जीवन के व्यवसाय की दृष्टि से अधिक अनुकूल होता है। अपनी इच्छाओं और साथ ही स्कूल की इच्छा के

अनुसार वह तकनीकी या सामान्य कार्यक्रम जो भी चाहे चुन लेता है। उसकी इच्छा बाकालोरीये परीक्षा देकर उच्च शिक्षा में जाने की है या नहीं, इसके अनुसार वह लम्बा या छोटा कार्यक्रम अपनाने के बारे में भी निर्णय लेता है। ये चार मुख्य कार्यक्रम—अर्थात् असीयनमा जेनेराल लौं या असीयनमा जेनेराल कूर और असीयनमा तकनीक लौं या असीयनमा तकनीक कूर—सिद्धांत रूप से सन् 1959 के सुधार के द्वारा स्थापित किए गए थे। एक अन्य कार्यक्रम, असीयनमा तेरमीनाल भी है, जिसकी व्याख्या नीचे की गई है।

1–असीयनमा जेनेराल लौं एक 3–वर्षीय कार्यक्रम है, जिसकी व्यवस्था लीसे क्लासीक या मोदेर्न में की गई है। इसका उद्देश्य, अपने ऐच्छिक विषय में बाकालोरीय परीक्षा पास करके उच्च शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए छात्र को तैयार करना है।

2–असीयनमा जेनेराल कूर एक 2–वर्षीय कार्यक्रम है, जो कालेज द ऐंसीन्यमां सीक्ल (पहले कौलेज दौंसइइमां तकनीक) और कौलेज दौंसइइमां जेनेराल में पढ़ाया जाता है। इसमें कुछ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी शामिल होता है, और इसमें छात्र को मध्य-स्तर व्यवसाय के लिए आवश्यक परीक्षा पास करने के लिए तैयार किया जाता है। छात्र को ब्रेवे दौंसइइमां जेनेराल नामक डिप्लोमा दिया जाता है और उस डिप्लोमा में छात्र द्वारा चुनी गई विशेषज्ञता का उल्लेख किया जाता है।

3–असीयनमा प्रोफेसियोनेल लौं, 2–से 5–वर्षीय कार्यक्रम है, जिसकी अवधि का निर्धारण पाठ्यक्रम पर निर्भर होता है। वह लीसे तकनीक (पहले एकोल नासीयोनाल प्रोफेसिओनेल) में दिया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य तकनीकज्ञों को प्रशिक्षित करना है। 3–वर्षीय पाठ्यक्रम में, बाकालोरिया मातेमातीक के लिए तैयार करने का एक विकल्प होता है।

4–असीयनमा तकनीक कूर एक 2–वर्षीय पाठ्यक्रम है, जिसके द्वारा व्यक्तियों को आजो तकनीक के रूप में प्रशिक्षित किया जाता है। आजो तकनीक उद्योग और वाणिज्य के लिए तकनीकी रूप से प्रशिक्षित जन-शक्ति है। इसमें छात्रों को प्रथम चक्र से लिया जाता है और यह ध्यान नहीं रखा जाता कि उनका पहला कार्यक्रम क्या था। छात्रों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक बुनियादी जानकारी प्रदान की जाती है। ये पाठ्यक्रम कौलेज दौंसइइमां तकनीक (पहले सौंत्र दाप्रांतिसाज) में चलाए जाते हैं। प्रशिक्षण के द्वारा छात्रों को सी० ए० पी० (सेर्तीफीका दाप्टीट्यूड प्रोफेसियोनेल) नामक डिप्लोमा के लिए तैयार किया जाता है।

उच्च शिल्पवैज्ञानिक अध्ययनों के लिए ही हैं। इस प्रकार के प्रांद ऐकोलों के तीन उदाहरण हैं- एकोल सेन्ट्रेल दे आर्त मैनुफैक्चरर्स, एकोल नासिओनाल स्यूपेरिअर दे आर्त ए मेतिएर, और एकोल नासिओनाल स्यूपेरिअर द ल'अरोनोतिक। दाखिला आमतौर पर बाकालोरिया (मातेमातीक) के पश्चात् मिलता है और दाखिले की तैयारी के लिए अनेक लीसे में 2 से 3 वर्षों की अवधि के विशेष पाठ्यक्रमों की व्यवस्था है। ग्रांद ऐकोल का पाठ्यक्रम 4 वर्षों तक चलता है और उसमें दिप्लोम दांजेनीय नामक विधिक रूप से सुरक्षित उपाधि प्रदान की जाती है।

एक हाल ही की उन्नति, पांच (बाद में संख्या सात कर दी जाएगी) नए एकोल दंजेनीअर द फाबरीकासिओं की व्यवस्था है। इन संस्थानों में 4 वर्षीय पाठ्यक्रमों की व्यवस्था होती है। जो छात्र लीसे में पहले उल्लिखित तकनीशियन पाठ्यक्रम को पूरा कर लेते हैं, उनको प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से इनमें दाखिला दिया जाता है। बाकालोरिया का होना अत्यावश्यक नहीं है। पहले जो प्रशिक्षण एकोल नासिओनाल दंजेनीअर आर्त ए मेतिएर में दिया जाता था, उसी के स्थान पर, स्तर में उन्नति करने के बाद इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है।

वयस्क शिक्षा

पिछले 10 वर्षों के दौरान व्यावसायिक प्रकार की वयस्क शिक्षा (फ्र: प्रोमोसिओं द्यू त्रावाई) में उल्लेखनीय उन्नति हुई है। इसका आयोजन देलि गेसिओं जेनेराल एला प्रोमोसिओं सोसिआल के सामान्य तत्वावधान के अधीन शिक्षा मंत्रालय करता है। इसका उद्देश्य उन वयस्कों के लिए जिनकी शिक्षा अभी पूरी नहीं हुई है, ऐसे शैक्षिक अवसरों को प्रदान करना है, जिनके द्वारा वयस्क अर्हता प्राप्त कर लें और इस प्रकार उनकी रोजगार की संभावनाओं और राष्ट्र की उत्पादकता दोनों में वृद्धि हो। शैक्षिक अवसरों को पत्राचार पाठ्यक्रमों, अंशकालिक कक्षाओं, टेलिविज़न पाठ्यक्रमों, आदि के द्वारा प्रदान किया जाता है।

पेरिस में सन् 1794 में स्थापित कान्सर्वातवार नासिओनाल दे आर्त ए ... इस कार्य को बहुत समय से करता आ रहा है और अब इस कार्य का ... करके इसको 20 प्रांतीय शहरों में भी शुरू कर दिया गया है। इन 20 ... 40 अलग-अलग शैक्षिक केन्द्र हैं। इस रास्ते से दिप्लोम दंजेनीअर की प्राप्त करना संभव तो है, परन्तु अत्यधिक श्रमसाध्य है।

वहारिक प्रशिक्षण को बारी-बारी से दिया जाता है। यह उन छात्रों के लिए होता है, जिनको इतना अधिक बुद्धिमान नहीं पाया गया है कि वे उपरोक्त चार कार्यक्रमों में से किसी एक का अनुसरण कर सकें। हो सकता है कि सुधार को लागू करने में और अधिक अनुभव प्राप्त हो जाने के बाद, इन औसत-से-निचले छात्रों को पूरी तरह से और उचित रूप से प्रथम चक्र 11-15, के व्यावहारिक विकल्पों में ही रखा जा सकेगा। यह उस समय भी संभव होगा, जब सन् 1968 में अनिवार्य उम्र बढ़ाकर 16 वर्ष कर दी जाएगी, क्योंकि उन छात्रों की वास्तविक उम्र आमतौर पर सामान्य से ज्यादा होगी।

उच्च शिक्षा

बाकालोरिया में अनेक रूपांतरों के बाद, आजकल उच्च शिक्षा में सुधार का अध्ययन किया जा रहा है। आशा की जाती है कि सन् 1966 में नया बाकालोरिया आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय प्रवेश के लिए एक रास्ता नहीं होगा, बल्कि उसके द्वारा छात्रों के लिए स्वयं उच्च शिक्षा, ग्रांद एकोल के लिए सज्जीकरण कक्षा, या कार्य योग्यता के लिए प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों में दाखिला लेना संभव होगा। विश्वविद्यालय में दाखिला केवल उन्हीं छात्रों के लिए आरक्षित रहेगा, जो अपनी बाकालोरिया परीक्षा में पर्याप्त रूप से ऊंचे नम्बर लेकर पास होंगे।

आजकल उच्च शिक्षा के लिए दो मुख्य प्रकार की संस्थाएं (सरकारी और गैर-सरकारी) हैं विश्वविद्यालय और ग्रांद एकोल।

विश्वविद्यालयों की संख्या 20 है और लिमोज़ीज़ और साइम नामक स्थानों पर अन्य दो विश्वविद्यालयों की स्थापना की योजना है। विश्वविद्यालयों में परम्परागत रूप से केवल पांच संकाय होते हैं: विज्ञान, साहित्य, विधि, आयुर्विज्ञान, फार्मेसी। इसलिए, अनेक देशों की तरह फ्रांस में भी विश्वविद्यालय के भीतर शिल्पविज्ञान की व्यवस्था नहीं होती है यद्यपि यह भेद अब मिटता जा रहा है। विश्वविद्यालयों के साथ-साथ ऐसे संस्थान हैं, जिनमें विशेषीकृत अध्ययनों और उच्च स्तरीय शिल्पवैज्ञानिक अनुसंधान की व्यवस्था होती है। ऐसे विश्वविद्यालयों और संस्थानों में दाखिले के लिए बाकालोरिया या उसके तुल्य किसी अर्हता की आवश्यकता होती है। ऐसे अध्ययनों के बाद प्राप्त होने वाली और राज्य द्वारा प्रदान की जाने वाली अर्हता सोपानिक होती है और इसमें क्रम के आधार पर दो प्लोम ऐन्यूर स्यूपेरियर, डाक्टोरातियों, और या दोक्टो-रात प्राप्त होते हैं।

उच्च शिल्पवैज्ञानिक अध्ययनों के लिए ही है। इस प्रकार के ग्रांद जैकोलो के तीन उदाहरण हैं, एकोल सेंट्रेल दे आर्त मैनुफैक्चरर्स, एकोल नासिओनाल स्युपेरिअर दे आर्त ए मेतिएर, और एकोल नासिओनाल स्युपेरिअर द अल एरोनोतिक। दाखिला आमतौर पर बाकालोरिया (माध्यमिक) के पश्चात् मिलता है और दाखिले की तैयारी के लिए अनेक लीसे मे 2 से 3 वर्षों की अवधि के विशेष पाठ्यक्रमों की व्यवस्था है। ग्रांद जैकोल का पाठ्यक्रम 4 वर्षों तक चलता है और उसमें डिप्लोम दाँजेनोर नामक विधिक रूप से सुरक्षित उपाधि प्रदान की जाती है।

एक हाल ही की उन्नति, पांच (बाद मे संख्या सात कर दी जाएगी) नए एकोल देंजेनीअर द फाबरीकासिओं की व्यवस्था है। इन संस्थानों मे 4 वर्षीय पाठ्यक्रमों की व्यवस्था होती है। जो छात्र लीसे में पहले उल्लिखित तकनीकिक्षा पाठ्यक्रम को पूरा कर लेते हैं, उनको प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से इसमें दाखिला दिया जाता है। बाकालोरिया का होना अत्यावश्यक नहीं है। पहले जो प्रशिक्षण एकोल नासिओनाल देंजेनीअर आर्त ए मेतिएर में दिया जाता था, उसी के स्थान पर, स्तर मे उन्नति करने के बाद इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है।

वयस्क शिक्षा

पिछले 10 वर्षों के दौरान व्यावसायिक प्रकार की वयस्क शिक्षा (कूर द प्रोमोसिओ द्यू शावाई) मे उल्लेखनीय उन्नति हुई है। इसका आयोजन कंसि-सेमिओ जेनेराल ए ला प्रोमोसिओ सोसिआल के सामान्य तत्वावधान के अधीन शिक्षा मत्रालय करता है। इसका उद्देश्य उन वयस्को के लिए जिनकी शिक्षा अभी पूरी नहीं हुई है, ऐसे शैक्षिक अवसरों को प्रदान करना है, जिनके द्वारा वे वयस्क अर्हता प्राप्त कर लें और इस प्रकार उनकी रोजगार की सभावनाओ और राष्ट्र की उत्पादकता दोनों मे वृद्धि हो। शैक्षिक अवसरों को पत्राचार पाठ्य-क्रमों, अंशकालिक कक्षाओं, टेलिविजन पाठ्यक्रमों, आदि के द्वारा प्रदान किया जाता है।

पेरिस मे सन् 1794 में स्थापित कान्सर्वात्वार नासिओनाल दे आर्त ए मेतिएर इस कार्य को बहुत समय से करता आ रहा है और अब इस कार्य का विस्तार करके इसको 20 प्रांतीय शहरों मे भी शुरू कर दिया गया है। इन 20 शहरो मे 40 अलग-अलग शैक्षिक केन्द्र हैं। इस रास्ते से डिप्लोम देंजेनीअर की अर्हता प्राप्त करना सभव तो है, परन्तु अत्यधिक श्रमसाध्य है।

कुछ विश्वविद्यालयों ने दाखिले के उम्मीदवारों के पास बाकालोरिया जैसी पारंपरिक अर्हताओं के होने या न होने की ओर ध्यान न देकर, अंशकालिक पाठ्य-

फर्मों के पढ़े हुए छात्रों की बड़ी संख्या को दाखिल करने के सफल प्रयोग किए हैं। ऐसे विश्वविद्यालयों में ग्रेनोबल, लिली और पेरिस स्थित इन्स्टिट्यूट नागिओनाल दे साइन्सेस ऐप्लीक्स उल्लेखनीय हैं।

जर्मन संघीय गणतंत्र

प्रशासन

जर्मनी में शिक्षा की जिम्मेदारी प्रांतों (लैण्डर) की है, जिनकी संख्या ग्यारह है (इनमें बर्लिन, ब्रेमेन और हैम्बर्ग के नगर-राज्य भी शामिल हैं)। संघ सरकार का कोई शिक्षा मंत्रालय नहीं है, यद्यपि परामर्श, प्रलेखन (डॉक्युमेंटेशन) और आंकड़ों के प्रयोजनों के लिए लाडरों के बीच विभिन्न संयुक्त व्यवस्थाएं हैं।

विभिन्न स्थानीय प्राधिकरण—क्रेईस (समुदाय) और गेमइंडे (जिला)—या निजी निकाय स्कूल की इमारतें, उपस्कर आदि प्रदान कर सकते हैं, परन्तु अध्यापन स्टाफ, पाठ्यचर्या और अध्यापन की विधियों की जिम्मेदारी प्रांत की होती है, जो स्थानीय अथवा प्रादेशिक कार्यालयों के माध्यम से अपना कार्य करता है।

6 जुलाई, 1938 के कानून के अनुसार 6 और 14 वर्षों की उम्रों के बीच पूर्णकालिक उपस्थिति अनिवार्य है। ब्रेमेन, हैम्बर्ग, श्लेस्विग-होल्स्टाइन, पश्चिमी बर्लिन और निम्न सैक्सोनी में अब उपरली उम्र 15 वर्ष है। अंशकालिक उपस्थिति 18 वर्ष की उम्र तक अनिवार्य है, जब तक कि उसकी एवज में तुल्य पूर्णकालिक अध्ययन न हो।

प्राथमिक शिक्षा अथवा अनिवार्य अंशकालिक दिवा पाठ्यक्रमों में अनुदेशन के लिए कोई फीस नहीं ली जाती है। माध्यमिक और तकनीकी शिक्षा में फीस लेना धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है और कुछ लैंडरों में तो उनको समाप्त किया जा चुका है।

प्राथमिक शिक्षा

प्राथमिक शिक्षा फोल्सशूल में 6 और 14 वर्षों के बीच के बच्चों को दी जाती है। पहले चार वर्ष ग्रुंडशूल कहलाते हैं और शेष चार (या पांच) वर्ष ओबेरस्टूफ कहलाते हैं। 10 वर्ष की उम्र में, अर्थात् ग्रुंडशूल की समाप्ति पर, बच्चा माध्यमिक शिक्षा के नीचे वर्णित किसी एक रूप में दाखिला ले सकता है। इसके बाद कुछ तबादले 12 वर्ष की उम्र पर 4-वर्षीय मिटेलशूल आदि में हो सकते हैं (देखिए नीचे 'माध्यमिक शिक्षा')। यदि ऐसा कोई तबादला न हो तो छात्र

माध्यमिक शिक्षा

"भिन्न-भिन्न छात्रों का माध्यमिक शिक्षा में पदार्पण करने का समय उनकी अभिरुचियों और उनकी विशेष प्रतिभाओं के अनुसार भिन्न-भिन्न होता है, यह सामान्य माध्यमिक स्कूल (जिम्नाजियम या मिट्टेलशूल) के मामले में चौथे, छठे अथवा सातवें वर्ष की समाप्ति पर हो सकता है, या व्यावसायिक माध्यमिक स्कूल (अंशकालिक बेरुफशूल अथवा पूर्णकालिक बेरुफफाखशूल) में आठवें अथवा नवें वर्ष की समाप्ति पर हो सकता है।"[1] व्यावसायिक मार्गदर्शन के द्वारा छात्र को उसके लिए उपयुक्त कार्यक्रम की दिशा में डाल दिया जाता है।

जिम्नाजियम माध्यमिक शिक्षा का सबसे पूर्ण रूप है। पाठ्यक्रम नौ वर्षों तक चलता है और उसके अंत में अबिटूर नामक अर्हता प्राप्त होती है, जो विश्वविद्यालय या टैक्नीशे होखशूल में प्रवेश के लिए एक आवश्यक अर्हता है। जिम्नाजियम में, छात्र तीन मुख्य विकल्पों में से कोई एक चुन सकता है चिरसम्मत भाषाएं, आधुनिक भाषाएं और वैज्ञानिक अध्ययन।

मिट्टेलशूल या रिएलशूल कम योग्यता वाले छात्रों के लिए होता है और 16 वर्ष की उम्र तक 6 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रदान करता है और मिटलेरे राइफे नामक डिग्री के लिए तैयार करता है। यद्यपि इसमें एक या एक से अधिक विदेशी भाषाएं पढ़ाई जाती हैं, तथापि इसमें पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम में जिम्नाजियम के पाठ्यक्रम से अधिक व्यावहारिक आधार रहता है। छात्र को तुरत रोजगार की दृष्टि से प्रशिक्षण दिया जाता है, यद्यपि वह छात्र बाद में किसी फाखशूल (उच्च पूर्णकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण स्कूल) में पूर्णकालिक शिक्षा के लिए लौट कर आ सकता है। 16 वर्ष की उम्र पर मिट्टेलशूल को पास करके निकलने के बाद छात्र प्रशिक्षणार्थी (प्राक्टिकांट) के रूप में नौकरी कर सकता है। दो वर्षों के पश्चात्, यदि छात्र के पास मिटलेरे राइफे की अर्हता नहीं है तो वह एक विशेष प्रवेश परीक्षा के माध्यम से इंजीनियरशूल में दाखिला ले सकता है।

बेरुफशूल अंशकालिक व्यावसायिक स्कूल होता है, जिसमें उन छात्रों को जो किसी अन्य कार्यक्रम में दाखिल नहीं होते, आम तौर पर 18 वर्ष तक की उम्र तक उपस्थित होना पड़ता है। छात्र अपनी व्यावसायिक और सामान्य शिक्षा सप्ताह में एक दिन या लगभग 9 घंटे के हिसाब से जारी रखते हैं। महत्वाकांक्षी छात्र बेरुफशूल में अपनी पढ़ाई के पूरक के रूप में, बेरुफसाउफबाउशूल में प्रति सप्ताह तीन या चार दिन संध्याकालीन कक्षाओं में उपस्थित होकर पढ़ाई कर सकते हैं। यदि छात्र सभी आवश्यकताएं पूरी कर दें, तो उसको

1. शिक्षा का विश्व सर्वेक्षण, खण्ड III, माध्यमिक शिक्षा, पेरिस, यूनेस्को 1961, पृष्ठ 572।

नर्मों के पढ़े हुए छात्रों की बड़ी संख्या को दाखिल करने के सफल प्रयोग किए हैं। ऐसे विश्वविद्यालयों में ग्रैनोबल, लिली और पेरिस स्थित इन्स्टिट्यूट नाशिओनाल दे साइन्सीस ऐप्लीकस उल्लेखनीय हैं।

जर्मन संघीय गणतंत्र

प्रशासन

जर्मनी में शिक्षा की जिम्मेदारी प्रांतों (लैण्डर) की है, जिनकी संख्या ग्यारह है (इनमें बर्लिन, ब्रेमेन और हैम्बर्ग के नगर-राज्य भी शामिल हैं)। संघ सरकार का कोई शिक्षा मंत्रालय नहीं है, यद्यपि परामर्श, प्रलेखन (डौक्युमेंटेशन) और आंकड़ों के प्रयोजनों के लिए लाडंरों के बीच विभिन्न संयुक्त व्यवस्थाएं हैं।

विभिन्न स्थानीय प्राधिकरण—कैर्डस (समुदाय) और गेमइंडे (जिला)—या निजी निकाय स्कूल की इमारतें, उपस्कर आदि प्रदान कर सकते हैं, परन्तु अध्यापन स्टाफ, पाठ्यचर्या और अध्यापन की विधियों की जिम्मेदारी प्रांत की होती है, जो स्थानीय अथवा प्रादेशिक कार्यालयों के माध्यम से अपना कार्य करता है।

6 जुलाई, 1938 के कानून के अनुसार 6 और 14 वर्षों की उम्रों के बीच पूर्णकालिक उपस्थिति अनिवार्य है। ब्रेमेन, हैम्बर्ग, श्लेस्विग-होल्सटाइन, पश्चिमी बर्लिन और निम्न सैक्सोनी में अब उपरली उम्र 15 वर्ष है। अंशकालिक उपस्थिति 18 वर्ष की उम्र तक अनिवार्य है, जब तक कि उसकी एवज में तुल्य पूर्णकालिक अध्ययन न हो।

प्राथमिक शिक्षा अथवा अनिवार्य अंशकालिक दिवा पाठ्यक्रमों में अनुदेशन के लिए कोई फीस नहीं ली जाती है। माध्यमिक और तकनीकी शिक्षा में फीस लेना धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है और कुछ लैंडरों में तो उनको समाप्त किया जा चुका है।

प्राथमिक शिक्षा

प्राथमिक शिक्षा फोक्सशूल में 6 और 14 वर्षों के बीच के बच्चों को दी जाती है। पहले चार वर्ष ग्रुडशूल कहलाते हैं और शेष चार (या पांच) वर्ष ओबेरस्टूफ कहलाते हैं। 10 वर्ष की उम्र में, अर्थात ग्रुडशूल की समाप्ति पर, बच्चा माध्यमिक शिक्षा के नीचे वर्णित किसी एक रूप में दाखिला ले सकता है। इसके बाद कुछ तबादले 12 वर्ष की उम्र पर 4-वर्षीय मिटेलशूल आदि में हो सकते हैं (देखिए नीचे 'माध्यमिक शिक्षा')। यदि ऐसा कोई तबादला न हो तो छात्र 14 या 15 वर्ष की उम्र तक फोक्सशूल में अपनी पढ़ाई जारी रखता है।

फाखशूल राइफे नामक प्रमाण पत्र प्राप्त होता है, जोकि होएरे फाखशूल (या इंजीनियरशूल याटेक्निकम) में प्रवेश पाने के लिए आवश्यक प्रमाणपत्र होता है। आगे वह अपनी पढ़ाई पूर्णकालिक रूप में कर सकता है।

बेरुफफाखशूलेन 1 से 3 वर्षों की अवधि के पूर्णकालिक व्यावसायिक स्कूल होते हैं, जिनका उद्देश्य व्यावहारिक व्यवसाय के लिए लोगों को प्रशिक्षण देना होता है। अवसर, ऐसे स्कूलों में पढ़ाई के साथ-साथ यदि दो वर्ष का व्यावहारिक अनुभव भी हो तो छात्रों को फाखशूल में प्रवेश मिल सकता है।

कुछ लेण्डर में एक अन्य सभव चयन उपलब्ध है। पहले वर्णित दो में से किसी एक तरीके से फाखशूल राइफे प्राप्त कर लेने के बाद छात्र एक विशेष संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन दे सकता है, जहा वह किशोर या वयस्क छात्रों के साथ होशशूलराइफे (अबिटूर) अर्थात् टेक्नीशे होशशूल के विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवश्यक अर्हता प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार की स्थापना, जिसमे 2-वर्षीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम की व्यवस्था होती है, इन्स्टिट्यूट जूर एरलागुग डेर होशशूल राइफे कहलाती हैं। इसी के समान प्रयोजन साधने वाले सध्याकालीन पाठ्यक्रम आबेंडजिम्नाजियम में होते हैं।

इन सब विकल्पों के द्वारा, फोक्सशूल को पास करके निकला कोई छात्र अशकालिक या पूर्णकालिक पढ़ाई के एक के बाद एक कदमों के द्वारा, किसी विश्वविद्यालय, टेक्नीशे होशशूल या इंजीनियर शूल में दाखिला प्राप्त कर सकता है। ये सभी डेयर ज्वाइटे बिल्डुगस्वेग—शिक्षा का दूसरा रास्ता—नामक युद्धोत्तर विकास का एक भाग है। यह प्रणाली रुहर के औद्योगिक क्षेत्रों में और विशेषकर नौर्डहाइन वेस्टफालेन नामक प्रात में सबसे अधिक विकसित हुई है।

माध्यमिक शिक्षा का प्रस्तावित सुधार

प्रस्तावित सुधार के अधीन, जिसके ब्योरे अभी पूरी तरह से तैयार नहीं किए गए हैं या जिनका अमल नहीं हुआ है, माध्यमिक शिक्षा को दो अवस्थाओं में विभाजित कर दिया जाएगा (क) हाउप्टशूल या रिएलशूल जो कि अपेक्षाकृत छोटा कार्यक्रम है, (ख) जिम्नाजियम या स्टूडेनसल, जो अपेक्षाकृत लम्बा कार्यक्रम है। छह वर्ष फोक्सशूल में लगेंगे, जिनमें से अंतिम दो वर्ष निदानपूर्वक (फोर्डेराट्के) होंगे। इसके बाद, छात्र को पहले परीक्षा के द्वारा और फिर बाद में रिकार्डों और प्रेक्षण के द्वारा इनमें से किसी के लिए चुना जाएगा हाउप्टशूल, जिसमें सामान्य प्रकार के 3-वर्षीय पाठ्यक्रम की और बाद में 4-वर्षीय पाठ्यक्रम की व्यवस्था होगी, रिएलशूल, जिसमें एक 5-वर्षीय पाठ्यक्रम की व्यवस्था होगी। इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर मिट्टलेरे राइफे की

जर्मन संघीय गणतंत्र
उम्र
12
13
14
15
16
17
18
19
20
21
22
23
24
जिम्नाजियम
विश्वविद्यालय
टेक्निशे होखशूले
रेआलशूले या मिट्लशूले
टेक्निशे ओबरशूले
इंजीनियरशूले
ग्रुण्डशूले
किंडरगार्टेन
फाकशूले
रोजगार
बेरुफशूले
बेरुफ आउफबाउशूले
रोजगार
बेरुफ फाखशूले
फाखशूले
अनिवार्य उपस्थिति

फाखशूल राइफे नामक प्रमाण पत्र प्राप्त होता है, जोकि होएरे फाखशूल (या इंजीनियरशूल यार्ट क्तिकम) में प्रवेश पाने के लिए आवश्यक प्रमाणपत्र होता है। आगे वह अपनी पढ़ाई पूर्णकालिक रूप से कर सकता है।

बेरुफफाखशूलेन 1 से 3 वर्षों की अवधि के पूर्णकालिक व्यावसायिक स्कूल होते हैं, जिनका उद्देश्य व्यावहारिक व्यवसाय के लिए लोगों को प्रशिक्षण देना होता है। अक्सर, ऐसे स्कूलों में पढ़ाई के साथ-साथ यदि दो वर्ष का व्यावहारिक अनुभव भी हो तो छात्रों को फाखशूल में प्रवेश मिल सकता है।

कुछ लैण्डर में एक अन्य संभव चयन उपलब्ध है। पहले वर्णित दो में से किसी एक तरीके से फाखशूल राइफे प्राप्त कर लेने के बाद छात्र एक विशेष संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन दे सकता है, जहाँ वह किशोर या वयस्क छात्रों के साथ होखशूलराइफे (अबिटूर) अर्थात् टेक्नीशे होखशूल के विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवश्यक अर्हता प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार की स्थापना, जिसमें 2-वर्षीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम की व्यवस्था होती है इन्स्टिट्यूट जूर एरलांगुग डेर होखशूल राइफे कहलाती हैं। इसी के समान प्रयोजन साधने वाले सन्ध्याकालीन पाठ्यक्रम आबेंडजिम्नाज़ियम में होते हैं।

इन सब विकल्पों के द्वारा, फोक्सशूल को पास करके निकला कोई छात्र अंशकालिक या पूर्णकालिक पढ़ाई के एक के बाद एक कदमों के द्वारा, किसी विश्वविद्यालय, टैक्नीशे होखशूल या इंजीनियर शूल में दाखिला प्राप्त कर सकता है। ये सभी डेयर ज्वाइटे बिल्डुंगसवेग—शिक्षा का दूसरा रास्ता—नामक युद्धोत्तर विकास का एक भाग है। यह प्रणाली रूहर के औद्योगिक क्षेत्रों में और विशेषकर नौर्डहाइन वेस्टफालेन नामक प्रांत में सबसे अधिक विकसित हुई है।

माध्यमिक शिक्षा का प्रस्तावित सुधार

प्रस्तावित सुधार के अधीन, जिसके ब्यौरे अभी पूरी तरह से तैयार नहीं किए गए हैं या जिनका अमल नहीं हुआ है, माध्यमिक शिक्षा को दो अवस्थाओं में विभाजित कर दिया जाएगा (क) हाउप्टशूल या रिएलशूल जो कि अपेक्षाकृत छोटा कार्यक्रम है, (ख) जिम्नाज़ियम या स्टुडेनशूल, जो अपेक्षाकृत लम्बा कार्यक्रम है। छह वर्ष फोक्सशूल में लगेंगे, जिनमें से अंतिम दो वर्ष निदानमूलक (फोर्डरस्टुफे) होंगे। इसके बाद, छात्र को पहले परीक्षा के द्वारा और फिर बाद में रिपोर्टों और प्रेक्षण के द्वारा इनमें से किसी के लिए चुना जाएगा। हाउप्टशूल जिसमें सामान्य प्रकार के 3-वर्षीय पाठ्यक्रम की और बाद में 4 वर्षीय पाठ्यक्रम की व्यवस्था होगी; रिएलशूल, जिसमें एक 5-वर्षीय पाठ्यक्रम की होगी। इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर।

जर्मन संघीय गणतंत्र
उम्र
24
23
22
21
20
19
18
17
जिम्नाज़ियम
विश्वविद्यालय
टेक्निशे होखशूले
रेआलशूले या मिट्लशूले
इंजीनियरशूले
किंडरगार्टेन
रोज़गार
बेरुफ़शूले
रोज़गार
बेरुफ़ फाखशूले
अनिवार्य उपस्थिति

का एक नमूना कार्यक
कारिगर, कृषि के लि
पाठ्यक्रम होते हैं।

यद्यपि 1963
अनुसख्या बढ़कर 2
कर 60,959 थी, 1

जिन शिशुओं की उम्र 18 साल हो जाती है और जिन्होंने कम से कम 2 वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया हुआ होता है, वे अपने आपको परीक्षा देने के लिए प्रस्तुत करने के हकदार होते हैं। सर्वप्रथम यह परीक्षा सबंधित नियोक्ता लेते हैं और यदि वे पयासबंधी क्षमता की अर्हता उनको प्रदान कर देते हैं, तो इस बात की सूचना वे श्रम मत्रालय के स्थानीय कार्यालय को भी दे देते हैं। फेल हो जाने वाले शिशु अपील कर सकते हैं और श्रम मत्रालय के निरीक्षक की अध्यक्षता में गठित एक आयोग के नियत्रण के अधीन परीक्षा दे सकते हैं।

दस वर्षों के अनुभव ने इस कानून की कुछ खामियो को स्पष्ट कर दिया है, विशेषकर सबंधित अशकालिक पाठ्यक्रमों की कोटि के सबध में। प्रवेश स्तरों में बहुत ही ज्यादा विभिन्नता रही है। यह तो स्पष्ट ही है कि छोटी कक्षाओं को समूहित करना पड़ता है और ऐसा करने में व्यापारों और उपलब्धि स्तरों दोनों ही दृष्टि से मिश्रण करना पड़ता है। कम घने बसे हुए जिलों में, आने-जाने की कठिनाइयों के कारण अशकालिक आधार पर कक्षाओं को सगठित करना कठिन हो जाता है। ऐसी स्थिति दक्षिणी क्षेत्रों में विशेष रूप से अधिक है। अत में, ऐसे उपयुक्त अध्यापकों को जुटाने में भी काफी कठिनाई सामने आई है, जो सैद्धान्तिक और व्यावहारिक अनुदेशन के बीच समन्वय स्थापित कर सकते हो।

इन समस्याओं के समाधान के लिए अनेक हल सुझाए गए हैं। श्रम मत्रालय ने समस्या की विकटता को कुछ कम कर दिया है। उसने ऐसे प्रदेशों में जहा सुविधाएं कम हैं या जहा कुशल कामगरों की बड़ी औद्योगिक माग रहती है, वहां अपने स्वयं के पूर्णकालिक अथवा अशकालिक प्रशिक्षण केन्द्र (सेन्ट्रि डि ऐडेस्ट्रामेटो) स्थापित कर दिए हैं। इनमें से कुछ केन्द्र मुख्य रूप से उन वयस्कों को प्रशिक्षण देते हैं, जिन्होने शिशुता करारनामे के लिए सामान्य उम्र (14 से 20 वर्ष) पार कर ली है।

1949 के अधिनियम के द्वारा श्रम मत्रालय को बेरोजगार लोगों के प्रशिक्षण और पुन: प्रशिक्षण की व्यापक शक्तियां मिल गई थी। उत्प्रवास का इरादा रखने वाले लोगों के लिए त्वरित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और दक्षिणी इटली में औद्योगिक मनुष्य शक्ति की तैयारी के लिए पाठ्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है।

नीचे दी गई सारणी में, सामान्य किशोरावस्था शिक्षुता के आकडों के अतिरिक्त बेरोजगार व्यक्तियों, वयस्कों और विशेष प्रयोजनों के लिए विशेष प्रकारों के प्रशिक्षणों के आकड़े भी दिए गए हैं —

को बड़ी सफलता प्राप्त हो गई है। इस समय में हुई वृद्धि की
नीचे की सारणी में दिखाई गई है —

वर्ष	रजिस्टर किए हुए शिशुओं की संख्या			कक्षाओं में छात्रों की	
	[illegible]	उद्योग और वाणिज्य	जोड़	सत्र	छा
1956	163400	191911	355311	1956-57	
1957	211252	251120	466372	1957-58	1
1958	267049	288941	555990	1958-59	2
1959	305354	322150	627504	1959-60	2
1960	341152	363567	704719	1960-61	3

रजिस्टर शुदा शिशुओं की कुल संख्या 704, 719 (1960 में) की
वर्ष में स्कूला टेक्निका अथवा इंस्टिट्यूटो प्रोफेशनेल की छात्र संख्या (99
के साथ तुलना करने से पता चलता है कि अब कुशल कामगरों की स
एक बहुत बड़ा भाग उद्योग के भीतर प्रशिक्षित किया जा रहा है, न कि
स्थापनाओं में।

1955 के कानून के अधीन, सभी शिशुओं को श्रम मंत्रालय के
कार्यालयों के माध्यम से ही नियुक्त करना आवश्यक होता है। 10
कर्मचारियों वाली फर्म अपने शिशुओं का केवल 25 प्रतिशत ही चुन सक
स्वास्थ्य, वय सीमाओं (14 से 20), घंटों, मजदूरियों और छुट्टियों की स
शर्तें लागू होती हैं। शिशुता की अवधि 5 वर्ष से अधिक नहीं हो सकती
आमतौर पर यह 3 वर्ष होती है।

बुनियादी अर्हता के स्तर तक, अंशकालिक कक्षाओं में कोई फी
लगती है। उसके पश्चात् फीस वसूल की जा सकती है। शिशु अपने करा
के अधीन उन अंशकालिक कक्षाओं में उपस्थित होने के लिए बाध्य हो

प्रशिक्षण की अन्तर्वस्तु उसके साप्ताहिक घंटे और सामान्य पाठ्
संयुक्त रूप से श्रम मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय नियत करते हैं। पाठ्यक्र
तो औद्योगिक परिसरों के भीतर चलाए जाते हैं, जहां कि उद्योगों के मा
को उनकी व्यवस्था करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, या वे श्रम म
के कहने पर स्थानीय शैक्षिक संस्थाओं द्वारा संगठित किए जाते हैं।
स्थिति में श्रम मंत्रालय या तो इस पर होने वाले सारे खर्चे की पूर्ति के
आर्थिक सहायता देता है या उसके किसी अंश की पूर्ति के लिए।

जिन शिशुओं की उम्र 18 साल हो जाती है और जिन्होंने कम से कम 2 वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया हुआ होता है, वे अपने आपको परीक्षा देने के लिए प्रस्तुत करने के हकदार होते हैं। सर्वप्रथम यह परीक्षा सबधित नियोक्ता लेते हैं और यदि वे यथासबधी क्षमता की अर्हता उसको प्रदान कर देते हैं, तो इस बात की सूचना वे श्रम मत्रालय के स्थानीय कार्यालय को भी दे देते हैं। फेल हो जाने वाले शिशु अपील कर सकते हैं और श्रम मत्रालय के निरीक्षक की अध्यक्षता में गठित एक आयोग के नियत्रण के अधीन परीक्षा दे सकते हैं।

दस वर्षों के अनुभव ने इस कानून की कुछ खामियों को स्पष्ट कर दिया है, विशेषकर सबधित अल्पकालिक पाठ्यक्रमों की कोटि के सबध में। प्रवेश स्तरों में बहुत ही ज्यादा विभिन्नता रही है। यह तो स्पष्ट ही है कि छोटी कक्षाओं को समूहित करना पड़ता है और ऐसा करने में व्यापारों और उपलब्धि स्तरों दोनों ही दृष्टि से मिश्रण करना पड़ता है। कम घने बसे हुए जिलों में, आने-जाने की कठिनाइयों के कारण अल्पकालिक आधार पर कक्षाओं को सगठित करना कठिन हो जाता है। ऐसी स्थिति दक्षिणी क्षेत्रों में विशेष रूप से अधिक है। अत में, ऐसे उपयुक्त अध्यापकों को जुटाने में भी काफी कठिनाई सामने आई है, जो सैद्धान्तिक और व्यावहारिक अनुदेशन के बीच समन्वय स्थापित कर सकते हों।

इन समस्याओं के समाधान के लिए अनेक हल सुझाए गए हैं। श्रम मत्रालय ने समस्या की विकटता को कुछ कम कर दिया है। उसने ऐसे प्रदेशों में जहा सुविधाएं कम हैं या जहा कुशल कामगरों की बड़ी औद्योगिक माग रहती है, वहा अपने स्वय के पूर्णकालिक अथवा अल्पकालिक प्रशिक्षण केन्द्र (सेन्ट्रि डि ऐडेस्ट्रामेंटो) स्थापित कर दिए हैं। इनमें से कुछ केन्द्र मुख्य रूप से उन वयस्कों को प्रशिक्षण देते हैं, जिन्होंने शिशुता करारनामे के लिए सामान्य उम्र(14 से 20 वर्ष) पार कर ली है।

1949 के अधिनियम के द्वारा श्रम मत्रालय को बेरोजगार लोगों के प्रशिक्षण और पुन. प्रशिक्षण की व्यापक शक्तिया मिल गई थी। उत्प्रवास का इरादा रखने वाले लोगों के लिए त्वरित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और दक्षिणी इटली में औद्योगिक मनुष्य शक्ति की तैयारी के लिए पाठ्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है।

नीचे दी गई सारणी में, सामान्य किशोरावस्था शिशुता के आकड़ों के अतिरिक्त बेरोजगार व्यक्तियों, वयस्कों और विशेष प्रयोजनों के लिए विशेष प्रकारों के प्रशिक्षणों के आकड़े भी दिए गए हैं :—

वर्ष	किशोर		बेरोजगार	
	पाठ्यक्रम	शिक्षु संख्या	पाठ्यक्रम	शिक्षु संख्या
1951-52	1813	54540	4674	134115
1954-55	3420	87414	3291	83267
1957-58	9545	197610	2069	42495
1960 61	12867	280303	1089	29290

40 साल से कम उम्र के जो बेरोजगार व्यक्ति इन पाठ्यक्रमों में उपस्थित नही होना चाहते हैं वे बेरोजगारी मुआवजा के लिए हकदार नही रहते। परन्तु जो व्यक्ति इन पाठ्यक्रमो मे उपस्थित होते हैं, उनको सामान्य दर पर बेरोजगारी वेतन के अलावा एक छोटा दैनिक अनुदान भी दिया जाता है।

इटली में औद्योगिक प्रशिक्षण के हाल ही मे शुरू किए गए उपाय, वहां उद्योग के वर्तमान तेज विकास के कारण आवश्यक हो गए हैं। दूसरे विश्व महायुद्ध के शिक्षा तंत्र पर हानिकारक प्रभावों के पश्चात् किए गए ये उपाय एशिया और अफ्रीका के नवोदित देशों की आवश्यकताओं के अनुरूप रहे हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का उच्च तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण का अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र सन् 1965 मे उत्तरी इटली मे ट्यूरिन नामक स्थान पर स्थापित किया गया है। यह बड़ी मात्रा मे ऐसे उपयोगी आकड़े प्रस्तुत करेगा जिन पर भविष्य की प्रशिक्षण योजनाएं आधारित होंगी और इसलिए यह केन्द्र सभी विकासमान देशों के लिए अनुदेशकों के प्रशिक्षण मे सहायक होगा।

नीदरलैंड्स

नीदरलैंड्स मे कुशल कामगर का प्रशिक्षण, विशेषकर उद्योग के लिए लगभग पूर्णतः महायुद्ध के बाद का एक विकास है। ''स्कूल-मे'' प्रणाली (लोगरे टैक्निशे स्कूल) और औद्योगिक शिक्षुता (लीयरलिंगस्टेलसल) दोनों ही विधियां प्रचलित हैं और दोनों ही में हाल के वर्षों मे सबल वृद्धि हुई है। परन्तु 'स्कूल-मे' प्रशिक्षण को शिक्षुता के बराबर नहीं समझा जाता है। इसको उद्योग मे बाद के प्रशिक्षण के लिए एक तैयारी माना जाता है और इसके कारण आमतौर पर किसी व्यापार के लिए सामान्य शिक्षुता अवधि मे से एक वर्ष की छूट मिल जाती है। इस बात मे, लेगेरे टैक्निशे स्कूल जर्मन संघीय गणतंत्र के बैरूफशूल के अधिक समान है न कि फ्रांस के कोलेज दौंसइंग्मों तक्नीक के या इटली के इंस्टिट्यूटो प्रोफ़ेशनेल के।

तकनीकी स्कूल तन्त्र के तीन स्तर हैं लागेरे टैक्निशे स्कूल (एल० टी० एम०), युइट्गेब्राइड टैक्निशे स्कूल (यू० टी० एस०) और होगेरे टैक्निशे स्कूल (एच० टी० एस०)। इस अध्याय में इनमें से प्रथम स्तर पर चर्चा की गई है और अन्य दो स्तरों एल० टी० एस० और यू० टी० एस० की तीसरे अध्याय में चर्चा की गई है।

एल० टी० एस० पहले एक व्यापार स्कूल था, जिसका अधिक ध्यान किसी एक विशिष्ट धंधे के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण देना था न कि विनिर्माण, उद्योग और भवन निर्माण जैसे परस्पर भिन्न क्षेत्रों के लिए छात्र के सामान्य और तकनीकी विकास की ओर ध्यान देना। अब पाठ्यक्रम को तीन साल का करके सन्तुलन स्थापित कर दिया गया है। इन तीन वर्षों में से पहला वर्ष अधिकतर सामान्य शिक्षा में लगाया जाता है, जिसमें विभिन्न शिल्पों, व्यापारों और कौशलों का गैर-विशेषीकृत आधार पर बुनियादी प्रारंभिक ज्ञान प्रदान किया जाता है। पहले वर्ष के बाद छात्र व्यापार के संबंध में अपना अन्तिम चयन करता है, चुने हुए व्यापार में वर्कशाप अभ्यास प्रारंभ करता है और साथ ही साथ संबंधित विषयों को भी पढ़ता है। तीसरे वर्ष में पहुंचने पर वह अपने चयन की पुष्टि करता है। यद्यपि तीसरे वर्ष में विशेषज्ञता में परिवर्तन करना कठिन होता है, तथापि छात्र को ऐसा करने की छूट प्राप्त होती है। एल० टी० एस० की समय सारणी का एक नमूना परिशिष्ट 2 में दिया गया है।

वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के लिए चुने जाने से बच रहने वाले सभी छात्रों में एक-तिहाई छात्र किसी न किसी प्रकार के लागेरे टैक्निशे स्कूल में दाखिल हो जाते हैं। ये स्कूल केवल इंजीनियरी और भवननिर्माण व्यापारों में ही शिक्षा दिया करते थे, परन्तु अभी पिछले वर्षों में अन्य धंधों (मोटरकार उद्योग, वैद्युत इंजीनियरी, फर्नीचर व्यापार, मुद्रण, वस्त्र निर्माण, कोयला भट्ठी का काम) में भी शिक्षा दी जाने लगी है, जिसके परिणामस्वरूप अब उन स्कूलों से निकलने वाले छात्रों की संख्या औद्योगिक आवश्यकता के बराबर होती है। इसी के समान प्रकार के कुछ कारखाना-स्कूल (बेड्रिफशूलेन) भी हैं, परन्तु उनमें छात्र संख्या कुल छात्र संख्या का केवल 3 प्रतिशत है।

इस बुनियादी व्यापार प्रशिक्षण से आगे का प्रशिक्षण विस्तृत औद्योगिक शिक्षा के स्कूलों (युइटेब्राइड लागेर निजवेहाइसोंडरविज्म शूलेन) में हो सकता है, परन्तु इस प्रकार के स्कूलों की संख्या उनका स्थान एल० टी० एस० स्कूलों के चौथे वर्ष के ले लेने के कारण कम होती जा रही है।

लड़कियों के लिए गृह शिल्प और कृषि संबंधी गृह शिल्प स्कूलों में ३ स्तरों पर कुछ सीमित पैमाने तक एक इसी के समान व्यवस्था, निजवेहाइसो विज्म वूर माइडजेस, की जाती है। ये तीन स्तर हैं—निम्न, मध्यवर्ती ओ

जिनमे 3071 लड़कियाँ भी थीं, ऐसी कोई पूर्व अर्हता नहीं थी। इन आकडों से यह पता चलेगा कि नीदरलैंड्स में शिक्षुता अभी भी ज्यादातर लड़कों की आवश्यकताओं के अनुकूल है और कि ज्यादातर लड़के अब निम्न तकनीकी स्कूल में बुनियादी सैद्धान्तिक और व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त कर लेने के बाद ही औद्योगिक प्रशिक्षण में दाखिला लेते हैं।

1962 में शिक्षुता पूरी कर लेने वाले शिशुओं की संख्या 16245 थी, जिनमें में से 2207 लड़कियाँ थीं। इन 2207 लड़कियों में से, 1704 लड़कियों ने सिलाई व्यापारों में शिक्षुता प्राप्त की थी 273 लड़कियों ने पशु और कुक्कुटादि पालन में, 137 लड़कियों ने जूता बनाने में और 93 लड़कियों ने वस्त्र निर्माण में शिक्षुता प्राप्त की थी।

1962-63 में, रजिस्टरयुदा शिक्षुओं (केवल लड़कों) की कुल संख्या 54321 थी। इनमें से 33167 शिक्षु अशकालिक दिवा पाठ्यक्रमों में दाखिल थे, 18802 शिक्षु सान्ध्यकालीन पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे थे और 2352 शिक्षु कारखाना स्कूलों में दाखिल थे। यह ऐसा तीसरा वर्ष था जिसमें कि दिन में पढ़ने वालों की संख्या शाम को पढ़ने वालों की संख्या से अधिक थी। यह तथ्य इस संक्रमण की सफलता का द्योतक है।

1960 में, औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए 29 राष्ट्रीय न्यास (स्टिरवर्टिंगेन) थे। इनमें से कुछ बड़े हैं और विस्तृत औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करते हैं, जैसे धातु उद्योग (वमेटेल), भवननिर्माण, वस्त्र निर्माण। अन्य न्यास जहां तक उनके क्षेत्र का प्रश्न है अधिक विशेषीकृत हैं, यथा जिल्दसाज़ी, अश्ममुद्रण (लिथोग्राफी), प्लास्टरिंग।

एल० टी० एस० पास कर लेने के पश्चात्, अपेक्षाकृत अधिक महत्वाकांक्षी और मेधावी लड़का या लड़की यदि चाहे तो यू० टी० एस० (विस्तारित तकनीकी स्कूल) में प्रवेश ले सकता है। आमतौर पर ऐसा करने के लिए योजक या सञ्जीकरण कक्षा (शाकेलक्लास) को पास करना आवश्यक होता है। उस कक्षा में एक वर्ष की अवधि में भाषाओं, गणित और विज्ञान सहित सामान्य शिक्षा का एक आधार प्रदान किया जाता है। जैसा कि तीसरे अध्याय में वर्णन किया गया है, बाद के वर्षों में तकनीकज्ञ प्रशिक्षण भी जोड़ा जा सकता है।

ऊपर के वर्णन से यह स्पष्ट हो गया होगा कि नीदरलैंड्स में लड़के या लड़की का धंधा संबंधी प्रशिक्षण अक्सर 12 या 13 साल की उम्र पर एल० टी० एस० में प्रारम्भ होता है और औद्योगिक प्रशिक्षण 14 या 15 साल की उम्र पर। अभी शिक्षा में जो सुधार कार्यान्वित किया जाना है, उससे 12-13 वयोवर्ग का प्रशिक्षण सामान्यीकृत हो जाएगा ताकि 13 वर्ष की उम्र पर अर्थात् आठवें वर्ष के प्रारम्भ पर, विस्तारित प्रारम्भिक शिक्षा (लागेर ऐल्गेमीन वूर्टगेजेट ओंडेर-

उच्च। इनमे से कुछ पाठ्यक्रमों की व्यवस्था दोपहर या शाम उपस्थिति के आधार पर भी की गई है। अधिकतर पाठ्यक्रम किसी विशेष पधे, यथा बच्चा परिचारिका, उद्यान विज्ञान अथवा सामाजिक सहायक, के साथ निकट से सबधित हैं।

उद्योग मे शिक्षुता प्रशिक्षण का सगठन अद्वितीय है। प्रत्येक उद्योग को व्यावसायिक प्रशिक्षण अधिनियम के सामान्य और विधिक उपबधो के अधीन, प्रशिक्षण प्रयोजनो के लिए अपने एक न्यास (स्टिटविंग) की स्थापना करने के लिए कहा जाता है। इन बोर्डों के सदस्यो के गठन मे सबधित छह मुख्य स्वार्थों का प्रतिनिधित्व होना आवश्यक है नियोक्ता (कैथोलिक, प्रोटेस्टेंट और सामान्य जन) और कर्मचारी (उन्हीं तीनो प्रकारो के)।

इसके पश्चात् विशेषज्ञ समितिया प्रत्येक अभिज्ञेय व्यापार के लिए मानक प्रशिक्षण अपेक्षाओं की सूची तैयार कर देती हैं। न्यास द्वारा नियुक्त प्रेक्षक दौरे करके यह सुनिश्चित कर लेते हैं कि ऐसा ही मानक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 2-या 3-वर्षीय शिक्षुता अवधि के पश्चात् एक परीक्षा ली जाती है। यद्यपि कानून के अनुसार इस परीक्षा को पास करना आवश्यक नही है, तथापि इसको पास करना एक रिवाज है और किसी भी कुशल व्यापार मे रोजगार प्राप्त करने के लिए इस परीक्षा मे सफलता का प्रमाण पत्र होना एक सामान्य अपेक्षा होती है।

साथ-साथ चलने वाली तकनीकी शिक्षा का आयोजन शैक्षिक स्थापनाओं मे किया जाता है और प्रत्येक शिक्षु के लिए शाम के समय औसतन सप्ताह में चार दिन उसमे उपस्थित होना आवश्यक होता है। इस तकनीकी अनुदेशन का खर्चा शिक्षा मत्रालय वहन करता है। यद्यपि शिक्षुता-समाप्ति परीक्षा सबधित औद्योगिक न्यास लेता है, तथापि वह परीक्षा और शिक्षुता सबधी अन्य सभी विनियम भी केवल उसी मत्रालय के सामान्य नियत्रण और देखरेख में रहते हैं। इसके दूसरी ओर, श्रम मत्रालय वयस्को का प्रशिक्षण और पुन प्रशिक्षण सगठित करता है।

यदि यह शिक्षुता प्रशिक्षण बडी ईमानदारी से चलाया जाए, तो उस पर खर्च बहुत आता है। राज्य नियोक्ता को प्रत्येक शिक्षु के लिए प्रति व्यक्ति के हिसाब से आर्थिक सहायता देता है, परन्तु आमतौर पर यह सहायता प्रशिक्षण के कुल खर्च का एक छोटा-सा भाग होती है। राज्य न्यास के समस्त आधारिक प्रशासनिक खर्चों के लिए भी आर्थिक सहायता देता है।

31 दिसम्बर, 1962 को कुल मिलाकर 64 564 शिक्षु थे, जिनमे से 3230 लडकिया थी। इनमे से 159 लडकियो सहित 38 633 शिक्षु एल० टी० एस० मे प्रारभिक अर्हता के बाद शिक्षुता मे आए थे और शेष 25,931 शिक्षुओं के पास

[illegible]) के [illegible] [illegible] में [illegible] विभिन्न व्यावसायिक शिक्षा [illegible] (1953 के बाद) [illegible] होती है। परन्तु ऐसी व्यावसायिक [illegible] मजदूरी ([illegible]) होती है और इसके बाद कोई विशेष [illegible] होती है। इस कारण [illegible] उपलब्ध नहीं है। [illegible] (पार्ट टाइम) [illegible] के कारण है।

स्वीडन

स्वीडन में विश्वविद्यालय के स्तर से नीचे के व्यावसायिक प्रशिक्षण को सरकारी प्राधिकारियों ने ही नहीं बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगों के प्रतिनिधियों ने भी बड़ी जोरदार तरह से आलोचना और वाद-विवाद का विषय बनाया है। 1944 में स्वीडन की नियोक्ता महासंघ और श्रमिक संघों की परिषद ने श्रम बाजार मण्डल के प्रशासन के अधीन संयुक्त व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (ज्वाइंट [illegible] [illegible]) की स्थापना की। इस परिषद के कार्य ये हैं: (क) व्यावसायिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं का पुनरावलोकन करना, (ख) व्यावसायिक प्रशिक्षण के विस्तार और विकास के उपाय करना, (ग) अलग-अलग उद्योगों की संयुक्त समितियों का पर्यवेक्षण करना, (घ) व्यावसायिक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में नीति प्रारम्भ करना, और (ङ) सम्बन्धित सरकारी और शिक्षा निकायों के साथ सम्पर्क बनाए रखना।

शिक्षा पक्ष की ओर, नीचे वर्णित विभिन्न व्यावसायिक स्कूल व्यावसायिक प्रशिक्षण बोर्ड का उत्तरदायित्व है, जो आजकल राज्य मन्त्रालय में शिक्षा के सामान्य बोर्ड का एक अभिन्न भाग है। व्यावसायिक प्रशिक्षण बोर्ड में, श्रम बाजार मण्डल, उद्योग और वाणिज्य के प्रतिनिधि शिक्षा और सरकारी प्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य करते हैं।

जब कि इस बोर्ड का काम सारे स्वीडन में व्यावसायिक शिक्षा के नियमन, निरीक्षण और कुछ सीमा तक मानकीकरण करने का है नए-नए व्यावसायिक स्कूलों की स्थापना करने का कार्य नगरपालिकाओं और कुछ मामलों में, अलग-अलग उद्योगों या बड़े औद्योगिक समूहों का है।

बुनियादी व्यावसायिक स्कूल वर्कस्टाडस्कूला (कारखाना स्कूल) है। इस संस्था में, 15-16 वर्ष की उम्र से प्रारंभ होकर 2-या 3-वर्षीय पाठ्यक्रमों के द्वारा कुशल कामगर के तौर पर रोजगार की तैयारी की दृष्टि से पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, सम्भवतः यह रोजगार एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि के पश्चात् मिले। इसके अनेक रूप हैं जिनमें सैद्धान्तिक अनुदेशन और व्यावहारिक प्रशिक्षण दोनों ही दिए जाते हैं। व्यावहारिक प्रशिक्षण आंशिक रूप से स्कूल

आवेदक के पास कम से कम जनीमेस्म परीक्षण (सेमालाइ़ंच) के बराबर अर्हता और साथ ही साथ कुछ वर्षों का व्यावहारिक अनुभव होना आवश्यक होता है। पाठ्यक्रम पूर्णकालिक रूप से एक से दो सप्ताह तक चलते हैं और उसमें 10 से 30 आवेदकों को दाखिल किया जाता है।

यह संस्थान तकनीकी और आर्थिक मामलों में एक सलाहकार की हैसियत से भी कार्य करता है और उसकी प्रयोगशालाओं और वर्कशापों में अनुसंधान और प्रायोगिक कार्य भी किया जाता है।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त, जिस छात्र ने बहुसमावेशी स्कूल में बुनियादी शिक्षा प्राप्त कर ली हो और 15-16 वर्ष की उम्र में उसको पास करके निकला हो, वह उच्च तकनीकी स्कूल (कोम्युनाला टेक्निस्का स्कोलर) में अपना अध्ययन जारी रख सकता है। वह अपनी इच्छानुसार या तो स्कूल में शाम के समय पढ़ सकता है या पूर्णकालिक अध्ययन कर सकता है। इन अध्ययनों से उसको तकनीकी जिम्नाजियम में दाखिले के लिए या टेक्निकेर स्तर की अर्हता के लिए प्रशिक्षण मिलता है। पूर्णकालिक उपस्थिति होने पर पाठ्यक्रम की अवधि डेढ वर्ष होती है और सायंकालीन उपस्थिति होने पर तीन वर्ष। इन पाठ्यक्रमों पर इससे और आगे चर्चा तीसरे अध्याय में की जाएगी जो तकनीकी की अर्हता से संबंधित है।

सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ

व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा के मौलिक सिद्धान्तों का निर्धारण सोवियत संघ के प्रथम कुछ वर्षों में ही उसके संस्थापक वी० आई० लेनिन ने निम्नलिखित शब्दों में कर दिया था "व्यावसायिक शिक्षा का पर्याप्त रूप से व्यापक और गहन होना आवश्यक है ताकि वह शिल्प कौशल का लक्षण न ग्रहण कर ले, सामान्य और बहुतकनीकी ज्ञान और शिक्षा के साथ इसका भली प्रकार से समाकलित होना आवश्यक है, इंजीनियरी और विज्ञान में प्रगति की बढ़ती हुई मांगों के अनुकूल बनने के लिए इसका सदैव तैयार रहना आवश्यक है, इसके आधार अवश्य ही शिक्षा और उत्पादी श्रम की एकता और एक नए समाज के निर्माण के लिए राष्ट्रीय संघर्ष में युवा सहयोग होने चाहिए।

सोवियत राज्य की प्रथम कुछ आज्ञप्तियों में से एक आज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कार्य कर रहे 15 और 18 वर्ष के बीच की उम्रों के युवा लोगों के लिए प्रति सप्ताह छ बार और प्रति बार में 2 घंटे स्कूल में उपस्थित होना आवश्यक हो गया था। व्यावसायिक शिक्षा का पहला रूप "स्कूल क्लब" था, परन्तु यह उत्पादन के यथार्थ से अलग हो गया और शीघ्र ही फिर से केवल मनोरंजन का ही रूप बन गया।

के बीच कड़िया मजबूत करने और राष्ट्रीय शिक्षा के और आगे विकास करने" से सबधित कानून के द्वारा हुआ था।

इसकी अनुक्रियास्वरूप शहरी और ग्रामीण दोनों ही समुदायों के लिए पी० टी० यू (प्रोफेसियानल नो टेक्निकेस्की उछिलिसिश्चा) नामक एक नए और एकीकृत प्रकार के स्कूल की स्थापना की गई। अन्य सभी प्रकार के स्कूलों के स्थान पर, चाहे वे पहले किसी भी सरकारी विभाग द्वारा प्रशासित रहे हों, अब इसी प्रकार के स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। ऐसे छात्रों को, जिन्होंने पहले 8-वर्षीय स्कूल को पूरा कर लिया हो, नए पी० टी० यू० स्कूल राष्ट्र की अर्थ-व्यवस्था की सभी शाखाओं के लिए कुशल कामगर के तौर पर उच्च कोटि का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। इन शाखाओं में वे भी शामिल हैं, जिनमें इससे पहले ऐसा कोई प्रशिक्षण नहीं दिया जाता था। पी० टी० यू० स्कूलों के उत्पादन की विभिन्न शाखाओं में विशेषीकरण है और वे उनके साथ निकट का सबंध रखते हैं। प्रत्येक स्कूल एक या एक से अधिक निकटस्थ उद्योगों, सामूहिक और राजकीय फार्मों, भवन निर्माण स्थलों अथवा परिवहन सगठनों के साथ सम्बद्ध रहता है। उत्पादन में व्यावहारिक प्रशिक्षण के स्थलों के रूप में इन उद्यमों का इस्तेमाल किया जाता है।

प्रशिक्षण की अवधि का निर्धारण विशेष धधों की आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है। शहरी केन्द्रों में प्रशिक्षण अवधि 1 से 3 वर्ष होती है, जबकि ग्रामीण केन्द्रों में यह 1 से 2 वर्ष होती है। व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा की राजकीय समिति ने पी० टी० यू० प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त विशेषज्ञताओं की सूची तैयार की है, और उसमें प्रत्येक विशेषज्ञता के लिए पाठ्यक्रम की अवधि भी दिखाई गई है। इस सूची में शामिल किए गए विशेषीकृत धधों की संख्या 2000 से भी अधिक है।

इन स्कूलों में शैक्षिक प्रक्रम के चार मुख्य भाग हैं। औद्योगिक (व्यावहारिक) कार्य, जिसमें कुल समय का 60-70 प्रतिशत समय लगाया जाता है, सैद्धान्तिक अनुदेशन; शारीरिक शिक्षा और स्कूल-से-बाहर क्रियाकलाप (उपकरण फिटरों के प्रशिक्षण के लिए प्रयुक्त 3-वर्षीय पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या परिशिष्ट 2 में सक्षेप में दी गई है)। सामान्य शिक्षा और सामान्य तकनीकी ज्ञान की अन्तर्वस्तु का निर्धारण सबधित धधे की आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है।

पूरी तरह से व्यावसायिक पी० टी० यू० कार्यक्रमों के अतिरिक्त, 4-वर्षीय व्यावसायिक स्कूल भी हैं, इन स्कूलों में 3 वर्षीय स्कूलों के व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ-साथ सामान्य शिक्षा भी दी जाती है, ताकि प्रशिक्षणार्थी अपनी माध्यमिक सामान्य शिक्षा पूरी कर सके।

यह सारा प्रशिक्षण जिसका निर्धारण व्यावसायिक और तकनीकी की राजकीय समिति करती है, प्रशिक्षण की स्थानीय समितियों के पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन चलता है।

औद्योगिक उद्यमों में नए कामगरों के बुनियादी प्रशिक्षण के अलावा, उन उद्यमों में पहले से ही काम कर रहे कामगरों के तकनीकी और सांस्कृतिक उत्थान के प्रयोजनार्थ पाठ्यक्रमों का भी व्यापक विकास हुआ है।

सन् 1964 में व्यावसायिक स्कूलों से 943,000 कुशल कामगर पास होकर निकले थे, जबकि उसी वर्ष उद्योग में 3,332,000 नए कामगर प्रशिक्षित किए गए थे, और 6,938,000 कामगरों ने उन्नति प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

यूनाइटेड किंगडम

सन् 1964 तक, कुशल कामगर के प्रशिक्षण पर किसी भी प्रकार का कानूनी नियंत्रण नहीं था, परन्तु ऐसे प्रशिक्षण की संपूर्ण जिम्मेदारी उद्योग की थी और अधिकतर मामलों में अलग-अलग फर्मों की थी।

कुछ उद्योगों में ऐसे संयुक्त संगठन बनाए गए थे, जिनमें मालिकों और श्रमिक संघों दोनों के ही प्रतिनिधि थे। इन संयुक्त संगठनों ने शिशुता योजनाओं से संबंधित सामूहिक समझौते तैयार किए थे। इन योजनाओं का प्रकाशन और प्रचार श्रम मंत्रालय और युवक रोजगार कार्यालयों के सहयोग से किया जाता था, परन्तु उनके पास उन योजनाओं को लागू करने का कोई कानूनी प्राधिकार नहीं था।

ये सभी योजनाएं 1945 में इसी विषय की एक रिपोर्ट के पश्चात् बनाई गई थीं और इनके द्वारा 'दिवा-कार्यमुक्ति-प्रणाली' प्रारम्भ हुई। इस प्रणाली के अनुसार, 18 वर्ष तक की उम्र के शिशुओं को तकनीकी कालिज में उपस्थित होने और नीचे वर्णित प्रकार के पाठ्यक्रमों को पढ़ने के लिए, कार्य घंटों में प्रति सप्ताह एक दिन की छुट्टी मिलती है और उस दिन के लिए उनको मजदूरी भी दी जाती है।

ऐसी योजनाओं में शिशुता की अवधि आमतौर पर 5 वर्ष थी और वह 16 वर्ष की उम्र से शुरू होती थी। इस अवधि की समाप्ति पर युवक महिला अथवा पुरुष 'समय से बाहर निकल आता है और भले ही उसने संबंधित उद्योग अथवा कालिज द्वारा ली जाने वाली अर्हक परीक्षा पास कर ली हो अथवा नहीं, उसको पूरी वयस्क मजदूरी मिलने लगती है। किसी अनिवार्य व्यापार परीक्षण के बजाय, 5 वर्षीय अवधि का पूरा कर लेना अर्हता की कसौटी हुआ करती थी। इतने पर भी, अधिकतर शिशु लंदन के सिटी एंड गिल्ड्स परीक्षा के लिए पढ़ते थे और उनमें से अनेक आगे वर्णित इंटरमीडिएट या [illegible]

व्यवस्था करने मे आगे रही हैं, अधिकतर फर्में, विशेष रूप से वे फर्में जो महाद्वीप पर प्रतिमानात के रूप मे वर्गीकृत की जाएगी, अपेक्षाकृत अधिक कुशल कामगर के पर्यवेक्षण के अधीन सामान्य उत्पादी कार्य के भाग के रूप मे प्रशिक्षण देती हैं। ब्रिटेन मे, औद्योगिक शिक्षुता और आर्तिसानात मे प्रशिक्षण के बीच कोई भेद नहीं किया जाता है।

1958 स्वैच्छिक आधार पर औद्योगिक प्रशिक्षण परिषद की स्थापना की गई। इसमे ब्रितानी नियोक्ता महासंघ, श्रमिक संघ कांग्रेस और राजकीय उद्योगों के प्रतिनिधि थे। 1964 मे इसका पुनर्गठन करके इसको औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा बना दिया गया। अब यह प्रशिक्षण पर सलाहकारी सेवा प्रदान करती है जो प्रार्थना करने पर किसी भी उद्योग को उपलब्ध है। इस परिषद ने शिक्षुता समस्याओं पर अनेक पुस्तिकाओं का भी प्रकाशन किया है। इंजीनियरी उद्योग समूह शिक्षुता संगठन जैसे अन्य स्वैच्छिक निकायों ने, अनेक फर्मों को समूहित करके शिक्षु को अपेक्षाकृत अधिक व्यापक अनुभव का सुअवसर प्रदान किया है और इस प्रकार प्रशिक्षण मे सुधार किया है।

इस प्रयास और सन् 1958 की राष्ट्रीय संयुक्त सलाहकार परिषद (कार रिपोर्ट) की सलाह और प्रोत्साहन के बावजूद, 1964 तक शिक्षु प्रशिक्षण वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से अपर्याप्त था। इस स्थिति के मुख्य कारण निम्नलिखित थे—प्रशिक्षण की प्रमात्रा और कोटि को अनेक फर्मों के मनमाने निर्णयों पर छोड़ दिया गया था; केवल कुछ ही व्यापारों के लिए अर्हता के अनिवार्य परीक्षण थे और इन परीक्षणों का मजदूरियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता था, जो फर्में प्रशिक्षण योजनाएं चलाती थी या जो नहीं चलाती थीं, उनके बीच वित्तीय भार का कोई समायोजन नहीं था, और सुधार करने की सुस्पष्ट शक्तियों वाला कोई संगठन अथवा फर्म नहीं थी।

ऐसी कमियों को ही ध्यान में रखकर, 1964 का औद्योगिक प्रशिक्षण अधिनियम पारित किया गया था। जिन व्यक्तियों ने इस अधिनियम के विस्तृत अनुभवों को निर्धारित किया था, उन्होंने इसमे पूर्व यूरोपीय प्रथा का अच्छा अध्ययन कर लिया था।

शिक्षु की सामान्य और तकनीकी शिक्षा

18 वर्ष की उम्र तक, शिक्षु के सैद्धान्तिक अनुदेशन के लिए, आमतौर पर पूरी मजदूरी की अदायगी के साथ हफ्ते मे कार्यमुक्ति का एक दिन इस्तेमाल किया जाता है। कुछ पाठ्यक्रमों में, विद्यार्थियों के फुरसत के घंटो मे से एक या अधिक अतिरिक्त शामें इस समय मे जोड़ी जा सकती हैं। परन्तु इस प्रकार से कार्यमुक्त कर देना बाध्यकारी नहीं होता, और अब भी सामान्य प्रथा केवल

काम की ही उपस्थिति है, विशेषकर कालिजियट अर्हताओं वाले पाठ्यक्रमों में।

''ब्लाक रिलीज'' नामक एक नई प्रणाली का प्रचलन तेजी से बढ़ता चला जा रहा है। इस योजना के अधीन, शिशु को लगातार अनेक सप्ताहों के लिए कार्य से छुट्टी दे दी जाती है। साल भर में, इस प्रकार की दो या दो से अधिक अवधियां हो सकती हैं। इन अवधियों के बीच के समय में साल भर तक प्रशिक्षण जारी रखने की दृष्टि से शिशु के लिए प्रति सप्ताह एक या दो शामों को कॉलिज में उपस्थित होना आवश्यक होता है। ऐसी 'ब्लाक रिलीज'' योजनाओं के द्वारा, प्रति सप्ताह एक दिन या प्रति सप्ताह तीन शामों की पद्धति की तुलना में, लगभग 60 प्रतिशत अधिक समय प्राप्त होता है।

15 वर्ष की न्यूनतम उम्र पर, माध्यमिक माडर्न स्कूल (माध्यमिक शिक्षा का निम्नतर स्तर) पास कर लेने के पश्चात्, विद्यार्थी ''स्थानीय'' तकनीकी कॉलिज में अंशकालिक छात्र के रूप में नाम लिखवा लेता है। इंगलैंड और वेल्स के तकनीकी कालिजों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है - स्थानीय, क्षेत्रीय, प्रादेशिक और उच्च। छात्र दो में से कोई एक पाठ्यक्रम चुन सकता है - (क) कुशल व्यापार से संबंधित एक शिल्प पाठ्यक्रम (देखिए परिशिष्ट 2), जिससे वह 3 वर्षों के पश्चात् शिल्प प्रमाणपत्र या 5 वर्षों के पश्चात् उच्च प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकता है, अथवा (ख) दो वर्षों का एक सामान्य पाठ्यक्रम (जिसके अनेक प्रकार हैं, उदाहरणार्थ इंजीनियरी, विज्ञान, भवन निर्माण आदि) जिसमें व्यावहारिक कार्य, बुनियादी विज्ञान, गणित और प्रारंभिक तकनीकी सिद्धान्त सभी शामिल होते हैं।

शिल्प पाठ्यक्रम में व्यापार प्रथा में व्यावहारिक अनुदेशन और ऐसे कार्य से संबंधित बुनियादी सिद्धान्त पढ़ाए जाते हैं। व्यावहारिक अनुदेशन का प्रयोजन उद्योग में प्रति सप्ताह 4-दिवसीय प्रशिक्षण के अतिरिक्त प्रशिक्षण देना होता है, न कि नियोक्ता को उसकी जिम्मेदारी से मुक्त कर देना। परीक्षाएं सिटी एंड गिल्ड्स आफ लंदन इंस्टिट्यूट द्वारा ली जाती हैं। इस इंस्टिट्यूट की सलाहकार समितियों में नियोक्ता, श्रमिक संघों के सदस्य और शिक्षाविद होते हैं। इंस्टिट्यूट की परिषद् में, गिल्ड्स और सिटी कार्पोरेशन आफ लंदन द्वारा नियुक्त सदस्य होते हैं। इनमें से अनेक मध्ययुगीन शिल्पिसंघों के निगमित वंशज हैं।

सिटी एंड गिल्ड्स लंदन इंस्टिट्यूट द्वारा दी जाने वाली शिल्प और तकनीकज्ञ अर्हताएं युनाइटेड किंगडम और राष्ट्रमंडल के अन्य देशों में सुप्रसिद्ध हैं और संबंधित उद्योगों में समादृत हैं।

परन्तु फिर भी, सामान्यतया मजदूरी करारनामों में इन परीक्षा प्रमाणपत्रों का कोई ध्यान नहीं रखा जाता और शिक्षता उसके समय के द्वारा न कि

परीक्षा के द्वारा पूर्ण हो गई समझी जाती है। इसका परिणाम यह है कि ऐसे कुशल कामगरों की प्रतिशतता कम है, जिनके पास इस प्रकार के प्रमाण पत्र हैं। आशा की जाती है कि प्रशिक्षण के नए विधिक बोर्डों से इस संबंध में बहुत कुछ परिवर्तन आ जाएगे।

उल्लिखित दूसरा विकल्प—सामान्य पाठ्यक्रम—ब्रिटेन में अविच्छिन्न कक्षा (कन्टिन्यूड एजुकेशन) के "दूसरे रास्ते" का प्रारंभ बिन्दु है। इस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के दौरान, प्रत्येक छात्र की योग्यताओं का ध्यानपूर्वक निदान किया जाता है। इस निदान के परिणामस्वरूप, छात्र को ऊपर वर्णित शिल्प पाठ्यक्रम में रखा जा सकता है, तकनीकज्ञ पाठ्यक्रम में स्थानान्तरित किया जा सकता है, या कक्षा-उन्नति करके उसके द्वितीय वर्ष में लाया जा सकता है। इन दूसरे और तीसरे तरीकों से उच्चतर तकनीकज्ञ पाठ्यक्रमों में पहुंचा जा सकता है (अंतिम दो के लिए देखिए तीसरा अध्याय)। सामान्य पाठ्यक्रमों का प्रशासन भी सिटी एंड गिल्ड्स संगठन के हाथ में है।

16 वर्ष की उम्र पर, जनरल सर्टिफिकेट आफ एजुकेशन में "ओ" स्तर पर कुछ विषय-नाम के साथ स्कूल छोड़ने वाले छात्र को सामान्य पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष की छूट मिल सकती है और यदि छात्र के पास चार या चार से अधिक विषय पास हों तो उसको पाठ्यक्रम के दो वर्षों की छूट मिल सकती है। तब वह इंजीनियरी (अथवा भवन निर्माण, अथवा अनुप्रयुक्त यांत्रिकी, आदि देखिए तीसरा अध्याय) में राष्ट्रीय प्रमाणपत्र के पाठ्यक्रम में सीधे ही प्रवेश कर सकता है।

इस प्रकार, शिशु चाहे जिस भी प्रकार के स्कूल से आया हो और चाहे जिस भी अर्हता की उसकी अभिलाषा रही हो, उसका आकलन इन्हीं प्रारंभिक वर्षों में ही किया जाता है और उसको सलाह दी जाती है और अंतत उसको उसकी योग्यता के अनुरूप अध्ययन-क्षेत्र में डाल दिया जाता है। अच्छी प्रशिक्षण सुविधाओं वाली फर्म में शिशुता के साथ-साथ अंशकालिक शिक्षा के द्वारा अनेक औद्योगिक शिशुओं ने शिल्प अर्हता प्राप्त कर ली है, कुछ ने तकनीकज्ञ प्रस्थिति प्राप्त कर ली है तो कुछ ने उच्चतर तकनीकज्ञ स्तर। कुछ शिशुओं (4 प्रतिशत) ने तो पूर्ण व्यावसायिक इंजीनियर अर्हता भी प्राप्त कर ली है। सन 1921 में प्रथम बार लागू होने के बाद से इस कार्यक्रम में निरन्तर अनुकूलन और सुधार किया गया है और यही कार्यक्रम अनेक अन्य देशों में भी प्रारम्भ किया जा रहा है।

संयुक्त राज्य अमरीका

औद्योगिक वर्गों की व्यावहारिक शिक्षा से संबंधित संघ सरकार का पहला कानून 1862 का मोरिल अधिनियम था, जिसके द्वारा कालिजों को "कृषि और

यांत्रिक कलाओं से संबंधित ज्ञान की शाखाओं के अध्यापन" के लिए धन प्रदान किया गया था। जैसा कि शैक्षिक संस्थानों में आम प्रथा होती है, ये कालिज शीघ्र ही ज्ञान प्रधान सीढ़ी पर चढ़ गए और शीघ्र ही ऐसी डिग्रियां देने लगे जो विश्वविद्यालय में प्राप्त डिग्रियों के बराबर मानी जाती थीं। इसका परिणाम यह हुआ कि कुशल व्यापार फिर से संगठित प्रशिक्षण से वंचित हो गए।

परन्तु फिर भी, 1917 में स्मिथ-ह्यूस अधिनियम कानून बन गया और इसी अधिनियम की नींव पर मौजूदा अमरीकी व्यावसायिक स्कूल तंत्र का निर्माण किया गया। इसके द्वारा कृषि, गृह अर्थशास्त्र, औद्योगिक और कालान्तर में वाणिज्यिक व्यापारों के क्षेत्रों में संगठित पूर्णकालिक या अंशकालिक पूर्व-कालिक-स्तर की कक्षाओं के लिए स्थानीय राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले व्यय के बराबर की राशि संघ सरकार से आर्थिक सहायता के रूप में मिलने लगी। तब से अब तक लगभग आधी शताब्दी गुजर चुकी है और सन् 1960 में स्थिति यह थी कि 15 और 18 वर्षों की उम्र के बीच के लगभग 40 लाख छात्र व्यावसायिक स्कूलों या सामान्य स्कूलों में व्यावसायिक कक्षाओं में पढ़ रहे थे। इनमें से केवल दस लाख छात्र व्यापार और उद्योग के अधीन वर्गीकृत होने वाले पाठ्यक्रमों में थे। शेष छात्र कृषि, वितरणात्मक व्यापारों, गृह अर्थशास्त्र और परिचर्या (नर्सिंग) के अन्तर्गत आने वाले पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे थे। इन दस लाख छात्रों में से केवल तीन लाख दिन के पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे थे। बाकी रोजगार में थे और सायंकालीन या अन्य अंशकालिक पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे थे।

संगठित शिक्षुता योजनाओं को प्रोत्साहन देने, उच्च स्तरों की प्रोन्नति करने और संघीय और राज्य शिक्षुता समितियों की स्थापना करने के उद्देश्य से सन् 1937 में फिट्ज़गेराल्ड अर्थात् राष्ट्रीय शिक्षुता अधिनियम पारित किया गया। 1961 में, इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन रजिस्टर्ड और उनके अनुसार चलने वाले शिक्षुओं की संख्या 160,000 थी।

औद्योगिक प्रशिक्षण

फिट्ज़गेराल्ड अधिनियम ने शिक्षुता के निम्नलिखित मानक निर्धारित किए हैं (क) न्यूनतम उम्र 16 वर्ष (ख) प्रशिक्षण का कार्यक्रम बनाना, (ग) प्रगतिशील मजदूरी पूर्ण वयस्क दर की 50 प्रतिशत (घ) संबंधित अनुदेशन प्रति वर्ष कम से कम 144 घंटे। इस अधिनियम ने शिक्षुता कार्यक्रम की और [illegible] कितने समय की भी निर्धारित कर दिया है।

[illegible] शिक्षुता [illegible] की शिक्षुता के [illegible] है। [illegible] शिक्षुता [illegible] 16 वर्ष की उम्र से शुरू होती है और 4 वर्ष तक चलती है। [illegible] सभी मजदूरी की

राशि काफी होती है और शिशु से उत्पादी कार्य की भी आशा की जाती
प्रति वर्ष 144 घंटे के सबंधित अनुदेशन में ध्यान मुख्य रूप से शिक्षा की अ
व्यापार प्रथा और शिल्पविज्ञान पर दिया जाता है। ऐसे पाठ्यक्रमों के
शायद ही कभी कोई छात्र तकनीकज्ञ की या स्नातक इंजीनियर की उच्च
अर्हताओं तक पहुंच पाता है। शिक्षुता योजनाओं के दो उदाहरण परिशि
में दिए गए हैं।

संयुक्त राज्य अमरीका की शिक्षुता प्रणाली में केवल चुने हुए व्यापा
शामिल हैं। फिट्जराल्ड अधिनियम के अनुसार, शिक्षुता में शामिल करने
धंधा वह है, जिसको परम्परागत रूप से कार्य पर अनुभव प्राप्त करके सीखा
रहा हो, जिसके सीखने के लिए दो या दो से अधिक वर्ष लगते हों और
अनुभव के संपूर्ण के लिए संबंधित शिक्षण की आवश्यकता पड़ती हो।
राज्य अमरीका में शिक्षुता संबंधी आंकड़ों की अन्य देशों के आंकड़ों से तु
करते समय अमरीकी शिक्षुता पंजीकरण की अपेक्षाकृत अधिक चयनीयन
ध्यान में रखना चाहिए।

समापन-पूर्व त्याग दर बहुत अधिक है। 1941-1953 की अवधि के दौ
पंजीकरणों की कुल संख्या 687,605 थी और इनमें से 328,332 शिशुओं ने
पाठ्यक्रमों के पूरा होने से पहले ही उसको छोड़ दिया था। सन् 1961 में,
करणों के रद्द किए जाने की संख्या कुल नए पंजीकरणों की संख्या के 50 प्र
से अधिक थी।

चूंकि अमरीका में दिवसकालीन कार्यमुक्ति लगभग नहीं है, स्कूल या का
में अनुदेशन शाम के समय ही होता है, यद्यपि कभी-कभी शाम की उपस्थि
अतिरिक्त समय कार्य मान लिया जाता है और उसके अनुसार वेतन की अद
की जाती है।

स्थानीय संयुक्त शिक्षुता समिति की अपेक्षाओं के अनुसार बनाए
प्रशिक्षण कार्यक्रम संयुक्त राज्य अमरीका के तंत्र का एक अच्छा पक्ष है
धंधे के अनुभव विस्तार में उनका बड़ा योगदान रहता है।

यूरोप के शिशुओं के मुकाबले में उम्र में काफी बड़े होने के नाते, अम
शिशु अधिक से अधिक संभव धन कमाने की धुन में रहते हैं, क्योंकि उनमें से
विवाहित होते हैं। अतएव, उनमें से अनेक कई घंटे अतिरिक्त समय कार्य
हैं अथवा शाम को कोई अन्य अल्पकालिक रोजगार को स्वीकार कर लेते है

शिक्षुता की कुछ योजनाओं में स्थानीय विभिन्नताएं हैं। उनके अ
शिशु अपने व्यापार में अर्हता-स परीक्षण दे सकता है और यदि सफल हो
तो शिक्षुता की अपनी 4-वर्षीय अवधि के दौरान भी

मुद्रण-कला (टाइपोग्राफी) जैसे कुछ धंधों में भूतकाल की प्रथा बदल दी गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसूची में उल्लिखित अनुभव की विशिष्ट इकाइयों के लिए नम्बर या क्रेडिट दिए जाते हैं। जब इस प्रकार के प्राप्तांकों का जोड़ अपेक्षित संख्या तक पहुंच जाता है और व्यापार परीक्षण पूरा कर लिया जाता है, तब शिक्षुता में लगाए गए समय की मात्रा भले ही कुछ भी हो, शिक्षुता को पूरा हुआ मान लिया जाता है। संभवत, मौजूदा शिक्षुता विधियों में यही सबसे ज्यादा यथार्थपूर्ण प्रगतिशील विधि है।

1962 का जनशक्ति विकास और प्रशिक्षण अधिनियम

1962 तक यह बात स्पष्ट हो गई थी कि शिक्षु और अन्य कुशल कामगर प्रशिक्षण की मात्रा संयुक्त राज्य अमरीका में यूरोप और सोवियत संघ की अपेक्षा कम थी। स्वचालन के फलस्वरूप श्रम के पुनर्वितरण की समस्याओं और स्कूलों को समापन पूर्व छोड़ देने वाले छात्रों की बेरोजगारी की समस्या से, कुशल रोजगार में सीधे ही प्रवेश के लिए तैयार करने वाले अल्पकालिक, गहन प्रकार के प्रशिक्षणों का आयोजन करना अत्यधिक वांछनीय हो गया। ऐसे प्रशिक्षण 1962 के जन शक्ति विकास और प्रशिक्षण अधिनियम के द्वारा स्थापित किए गए। सन् 1963 में उसी अधिनियम में किए गए संशोधनों और उसी वर्ष के व्यावसायिक शिक्षा अधिनियम की सहायता से ऐसे प्रशिक्षणों की संख्या में वृद्धि हुई है। सन् 1961 के क्षेत्र पुनर्विकास अधिनियम में भी उन धंधों के लिए भी तदर्थ प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की व्यवस्था की गई है, जिसके द्वारा पिछड़े क्षेत्रों को आर्थिक उन्नति में सहायता मिलेगी। ऐसे पाठ्यक्रम 120 घंटे के शिक्षण की छोटी अवधियों (उदाहरण के लिए सीने की मशीन का प्रचालक) से लेकर 2 वर्षों की पूर्णकालिक उपस्थिति या 1920 घंटों (उदाहरण के लिए, दांत चिकित्सा सहायक) तक के हैं। वे पाठ्यक्रम 4-वर्षीय कालिजों, 2-वर्षीय कनिष्ठ कालिजों (जूनियर कालिजों) और क्षेत्रीय व्यावसायिक स्कूलों में चलते हैं। कुछ धंधे तो बहुत ज्यादा विशेषीकृत हैं, जैसे बेंच कामगर, प्लास्टिक या फेंगी सीने वाला (बूट या जूता)। शिक्षुता के परम्परागत अर्थों में इनको उनमें शामिल करना कठिन है।

जन शक्ति अधिनियम के अधीन वयस्कों के लिए शिक्षुता और स्थगित प्रशिक्षण के अतिरिक्त, अनेक औद्योगिक फर्मों में उद्योग के भीतर प्रशिक्षण (टी० डब्ल्यू० आइ०) योजनाएं हैं। इन योजनाओं के द्वारा विशिष्ट कार्यों के लिए तदर्थ प्रशिक्षण दिया जाता है। यदि काम के स्वरूप में परिवर्तन आ जाए या कामगर अपनी नौकरी को छोड़कर अन्यत्र नौकरी करे तो पुनर्प्रशिक्षण आवश्यक हो जाता है।

अनेक अमरीकी उद्योगों में नीति किसी भी कुशल प्रक्रम को छोटे-छोटे कदमों में तोड़ देने की है। इनमें से प्रत्येक कदम का स्वरूप लगभग अकुशल होता है और छोटी-सी प्रशिक्षण अवधि के बाद उसको किया जा सकता है। यद्यपि ऐसा करना अनेक यूरोपीय देशों में अच्छा नहीं समझा जाता, तथापि अपनी प्रशिक्षण योजनाओं को बहुप्रयोजक बनाने के उल्टे प्रक्रम के कारण उसको अपनाया जाता है। वस्तुतः संभव है कि भविष्य में यही विधि अपनाई जाए। इसका कारण यह है कि तेजी से बदलते हुए तकनीकों के साथ समायोजन की इसकी क्षमता अपेक्षाकृत अधिक है और इसमें परिवर्तन की इच्छा पैदा होती है, न कि परिवर्तन का प्रतिरोध करने की।

व्यावसायिक हाई स्कूल

एक समय ऐसे स्कूल कनिष्ठ हाई स्कूलों के अपेक्षाकृत कम योग्य छात्रों के लिए, या उन छात्रों के लिए, जो वित्तीय कारणों से कालिज में प्रवेश नहीं कर पाते थे *और इसलिए जिनको जीवन निर्वाह के लिए कमाई करने के द्रुत साधनों* की आवश्यकता होती थी, एक अंतिम विकल्प हुआ करते थे।

हाल ही के वर्षों में, व्यावसायिक हाई स्कूल को पहले की अपेक्षा कहीं अधिक सम्मानपूर्ण स्थिति प्राप्त हो गई है। इस मान्यता के अनेक कारण हैं। इनमें से कुछ हैं : अपेक्षाकृत अधिक समझदारीपूर्ण नीति, स्कूल में गुजारे गए समय के लिए शिक्षुता समय की आंशिक छूट, अब कुशल कामगार द्वारा प्राप्त होने वाली उच्च मजदूरी और तकनीकज्ञ प्रशिक्षण के लिए विस्तार पाठ्यक्रमों का अपनाया जाना। अब कुछ स्कूलों की स्थिति यह है कि वे प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए आवेदकों में से वरण कर सकते हैं।

15 और 18 वर्षों के बीच की उम्र के लड़के-लड़कियों के लिए प्रदान की जाने वाली पाठ्यचर्या ऐसी है कि जिसमें सामान्य शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण (अभ्यास और सम्बन्धित सिद्धान्त) बराबर-बराबर मात्रा में दिए जाते हैं। इस स्थिति को प्राप्त करने के लिए शारीरिक प्रशिक्षण, सैनिक प्रशिक्षण (कैडेट कोर) और स्वास्थ्य शिक्षा के साथ-साथ गणित, विज्ञान और तकनीकी ड्राइंग को भी सामान्य शिक्षा के समय में ही गिना जाता है। स्कूल में औसतन 40 पीरियड होते हैं, जो प्रत्येक 45 मिनट की अवधि के होते हैं। इस प्रकार कुल उपस्थिति 30 घंटों की होती है।

इन स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले व्यापारों में वाणिज्य, उद्योग और कृषि जैसे क्षेत्रों के पाठ्यक्रम होते हैं। लड़कियां मुख्यतः गृह अर्थशास्त्र, परिचर्या (नर्सिंग) और वाणिज्य के क्षेत्र के व्यापार पढ़ती हैं। औद्योगिक व्यापार पाठ्यक्रमों में बहुत ही कम लड़कियां दाखिला लेती हैं। इसके अतिरिक्त, ऐसे अनेक स्कूलों में

लड़कियों को दाखिला दिया भी नहीं जाता।

कार्यक्रम पूरा कर लेने के पश्चात् सफल छात्र को व्यावसायिक हाई स्कू डिप्लोमा और प्रैक्टिस और या सिद्धान्त में योग्यता का एक व्यापार प्र पत्र दिया जाता है। इसके बाद वह सीधे ही रोजगार में दाखिल हो सक और यदि चाहे तो शिशु बन सकता है। आमतौर पर शिशुओं को दी वाली प्रारंभिक मजदूरियां, सीधे ही काम पर लगने वाले व्यावसायिक हाई स पास छात्रों की प्रारंभिक मजदूरियों से ज्यादा होती हैं। शिक्षुता अवधि में छूट दी जा सकती है, परन्तु यह स्थानीय रिवाज और श्रमिक संघ प्रथा पर नि करता है।

समाश्य कुशल कामगरों की जिस संख्या को आजकल का औद्यो शिक्षुता तंत्र तैयार कर रहा है, व्यावसायिक हाई स्कूल उससे दुगनी से भी अ संख्या में कुशल कामगरों को निकाल रहे हैं। अपने विशेष व्यापार में, व्य सायिक हाई स्कूल पास किए कितने छात्र बने रहते हैं या उसमें कितने प्र करते हैं और कितने नहीं करते इस संबंध में सही आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

यूरोप के व्यावसायिक स्कूलों की प्रथा के प्रतिकूल, इन स्कूलों में राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकृत अथवा संघीय व्यापार प्रमाणपत्र जारी नहीं कि जाता। परन्तु, कुछ विशेष उद्योगों ने राज्य शिक्षुता परिषदों के समर्थन के स अपने कार्य-क्षेत्र के भीतर शिक्षुओं को प्रमाणपत्र देने का कार्य संभाल लिया

क्षेत्रीय व्यावसायिक स्कूल

सन् 1946 के व्यावसायिक शिक्षा अधिनियम (जार्ज बार्डन) और 1958 के राष्ट्रीय रक्षा अधिनियम के आठवें शीर्षक (शिक्षा) में, 50 प्रति संघीय आर्थिक सहायता से क्षेत्रीय व्यावसायिक तकनीकी स्कूलों की स्थाप और देखरेख की व्यवस्था की गई है। उन स्कूलों का उद्देश्य 18 वर्ष की उ पर सीधे ही रोजगार के लिए छात्रों को तैयार करना है। परन्तु, हुआ यह कि क्षेत्रीय व्यावसायिक स्कूलों ने अधिकतर कनिष्ठ तकनीकज्ञ स्तर (देखि तीसरा अध्याय) प्राप्त किया है न कि स्मिथ-ह्यूग्स अधिनियम के अधीन क कर रहे व्यावसायिक स्कूलों का कुशल कामगर स्तर। इन स्कूलों में वर्कशाप तो समय कम लगाया जाता है, जबकि व्याख्यान और प्रयोगशाला कार्य अपेक्षाकृत अधिक समय लगाया जाता है। ऐसे स्कूलों में अनेक स्कूल जिलों छात्रों को दाखिला दिया जाता है और उनमें से अनेक स्कूलों में संघीय सा द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त छात्रावास हैं (व्यावसायिक शिक्षा अधिनियम 1963, अनुच्छेद 14)।

यूगो[illegible]

सन् 1965 मे, कुशल और अत्यन्त कु[illegible] [illegible] कर्मचारि[illegible]जनेस[illegible]या का 36 प्रतिशत थे, जबकि उच्चतर और माध्यमिक [illegible] से [illegible] व्यक्ति उसका 15 प्रतिशत थे। सबमे आखिरी आर्थिक योजना मे, देश की आर्थिक आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए सामान्य और तकनीकी शिक्षा के निरंतर विकास का आह्वान दिया गया है। इसके लिए अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी माध्यमिक शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ उसी सीमा तक तकनीकज और विश्वविद्यालय स्तरो पर अनुदेशन के विस्तार की आवश्यकता होगी।

अन्य देशों की भांति, यूगोस्लाविया मे भी कुशल कामगर का सारा प्रशिक्षण स्कूल मे हो सकता है या आंशिक रूप से उद्योग में और आंशिक रूप मे सबंधित सैद्धांतिक कक्षाओ मे हो सकता है। स्कूलो मे प्रशिक्षण की स्थिति मे, स्कूल में वर्कशाप होती है, जिनमे छात्र किसी न किसी प्रकार का उत्पादी कार्य करते हैं। आंशिक रूप से उद्योग में प्रशिक्षण की योजना के अधीन सैद्धान्तिक अनुदेशन उन कक्षाओ मे दिया जाता है, जिनमे दक्षता के प्रयोजनो के लिए, जब तक एक ही उद्यम के शिशु इतनी सख्या मे न हो जाए कि उनके लिए अलग कक्षाए लगाई जा सकें, अनेक उद्यमों के शिशुओं को समूहित कर दिया जाता है।

कुशल कामगरों के लिए स्कूल

इन स्कूलों मे 8 वर्ष की प्रारंभिक शिक्षा के पश्चात् अर्थात् लगभग 15 वर्ष की उम्र पर छात्रों को दाखिला दिया जाता है। सीखे जाने वाले व्यापार के अनुसार 2 या 3 वर्ष का पाठ्यक्रम चलाया जाता है। साप्ताहिक पाठ्यचर्या का 50 प्रतिशत समय व्यावहारिक कार्य मे लगाया जाता है (नमूना पाठ्यचर्या के लिए परिशिष्ट 2 देखिए)। ऐसा व्यावहारिक अनुदेशन सैद्धांतिक अनुदेशन के सीधे लागू करने के उद्देश्य से विशेष रूप से तैयार किए गए कार्यक्रमो के आधार पर ही दिया जाता है। इन सस्थाओ को "व्यावहारिक अनुदेशन वाले स्कूल" कहा जाता है। ये स्वतंत्रता के तुरन्त बाद के वर्षों मे स्थापित किए गए थे और इनकी सख्या में तब से वृद्धि होती चली आ रही है। इनकी सख्या वृद्धि मे यदि कोई अड़चन रही है तो वह वित्त की कमी की रही है।

इन स्कूलों से अर्हता प्राप्त करने वाले छात्र मुख्यत औद्योगिक कार्य-कलापों के निम्नलिखित क्षेत्रों मे अर्हता प्राप्त करते हैं : (क) धातु सबधी व्यापार : फिटिंग, टर्निंग यांत्रिकी आदि; (ख) भवन निर्माण सबधी व्यापार : राजगिरी, ज्वॉएनरी, बढ़ईगिरी, साज सज्जा आदि; (ग) कृषि सबंधी धंधे : खेती उद्यान विज्ञान, फल उत्पादन आदि; (घ) वस्त्र उद्योग : कताई, बुनाई, फिनिशिंग आदि; (ङ) विविध : इमारती लकड़ी, कैटरिंग, रसायन, मुद्रण व्यापार आदि।

शिशु स्कूल

कुशल कामगरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था शिशु स्कूलों में भी है, जो पूरी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त आवेदकों को दाखिल करते हैं। इन स्कूलों के छात्र एक साथ कार्य भी करते हैं और कक्षाओं में भी उपस्थित होते हैं। अध्ययन की अवधि कहीं 2 वर्ष है, तो कहीं 3 वर्ष। शिशुता कानून के द्वारा नियंत्रित है। शिशु स्कूलों में छात्रों के कार्य के घंटे (व्यावहारिक प्रशिक्षण) एक सप्ताह में २४ घंटे से ज्यादा नहीं होने चाहिए। छात्रों के लिए स्कूलों में नियमित रूप से उपस्थित होना आवश्यक होता है और नियोक्ताओं से इस नियम के पालन करने का अनुरोध किया जाता है। इन छात्रों को अतिरिक्त समय कार्य, रात्रिकालीन कार्य, या कोई भी अनुचित या कठोर उत्पादन श्रम करने की अनुमति नहीं दी जाती। कानून के द्वारा सामाजिक सुरक्षा न्यूनतम मजदूरियों और ग्रीष्मावकाशों की गारंटी है।

यद्यपि सिद्धान्त में इन शिशु स्कूलों के सैद्धांतिक पाठ्यक्रम कुशल कामगरों के स्कूलों के समान हैं तथापि इन दोनों प्रकार के स्कूलों की पाठ्यचर्याओं और अनुदेशन विधि में बहुत ज्यादा अन्तर है। छात्रों की एक बड़ी संख्या को व्यावसायिक विषयों में सुनियोजित अनुदेशन उनके विशिष्ट व्यापार की दृष्टि से नहीं दिया जाता और जहां कहीं इस दृष्टि से दिया भी जाता है वहां केवल कुछ महीनों के छोटे-छोटे पाठ्यक्रम होते हैं। इसके अलावा, स्कूलों में व्यावहारिक अनुदेशन नहीं दिया जाता। इसका परिणाम यह है कि सैद्धांतिक अनुदेशन व्यावहारिक उत्पादन कार्य से नितांत पृथक्कृत है और व्यावसायिक प्रशिक्षण में स्कूल की केवल एक गौण भूमिका रहती है।

कुशल कामगरों की शिक्षा के इस रूप के विकास में हाल ही में निरंतर सुधार पाया गया है। शिशुओं के लिए मिले-जुले स्कूलों या कक्षाओं के स्थान पर उनके लिए विशिष्ट व्यापारों के स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं, ऐसे केन्द्रीय और आवधिक स्कूल खोले जा रहे हैं, जिनमें सैद्धांतिक और व्यावहारिक अनुदेशन अपेक्षाकृत अधिक बड़े उद्यमों में, व्यावहारिक अनुदेशन कुशल कार्मिकों द्वारा दिया जाता है, जो व्यावहारिक अनुदेशन के साथ-साथ संबंधित सिद्धांत भी पढ़ाते हैं।

कार्य-पर-प्रशिक्षण और परीक्षाएं

कुशल कामगरों की बड़ी मांग और जनशक्ति के ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर प्रवास के फलस्वरूप, महायुद्ध के पश्चात् अधिकतर कुशल कामगरों के प्रशिक्षण का यही ढंग रहा है। कार्य-पर प्रशिक्षण का महत्त्व

इस तरह से भी स्पष्ट हो जाता है कि इनको बाद प्रशिक्षण कर्मों के बाद फिर कर दिया जाता है, और इस तरह की बात [illegible] जिनसे हो सकती इसके द्वारा कामिकों की आवश्यकताएं पूरी की जा सकती हैं। इसके अलावा, ऐसे भी व्यापार हैं, जिनके लिए विशेष स्कूलों का खोलना न तो व्यावहारिक है और न सम्भव ही है।

परन्तु फिर भी कार्य पर प्रशिक्षण उतना सन्तोषजनक नहीं है जितना कि तकनीकी स्कूलों में दिया जाने वाला प्रशिक्षण। स्पष्ट है, इसमें अनेक असुविधाएं रही गई हैं जिसके कारण ये हैं: अपर्याप्त प्रारंभिक शिक्षा, असंगठित कार्य-पर प्रशिक्षण, पर्याप्त रूप से चुनौती देने वाली पढ़ाई और परीक्षा आयोगों के कार्य में कमियां। सामान्य साहित्य, सामाजिक-आर्थिक शिक्षा और गणित तथा प्राकृतिक विज्ञानों का ठोस आधार प्रदान करने के लिए अपर्याप्तताओं की इस समस्या के समाधान की ओर गम्भीर ध्यान देने की आवश्यकता है।

परीक्षा संबंधी हिदायतों में पिछले वर्षों में किए गए संशोधन, कामगरों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों का खोलना और कामगर और जन-विश्वविद्यालयों के मोटे तौर पर भाग लेना ये व्यावहारिक कार्य के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण के सुधार में लिए गए हाल ही के महत्वपूर्ण कदम हैं। संघीय विधान सभा के परीक्षा संबंधी सरकार को समुचित व्यावसायिक स्कूलों में आजकल लागू किया जा रहा है।

विशिष्ट व्यापारों अथवा वास्तविक नौकरियों के लिए नए कामगरों, युवक वयस्कों के प्रशिक्षण की अ घटाविक व्यवस्था कामगरों के कारखाना केन्द्रों में की जा रही है। तीन से पांच महीने की सीमित अवधि के सुनियोजित और गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में, स्वीकृत शिल्पवैज्ञानिक प्रक्रमों पर आधारित कार्यों और कार्य-विधियों को अग्रता दी जाती है। इस ढंग से उन उद्यमों की, जिनमें ये केन्द्र हैं, तुरत आवश्यकताएं पूरी हो जाती हैं। कार्य पर प्रशिक्षण का मूल्य और उससे भी अधिक सीमा तक सुनियोजित प्रशिक्षण का मूल्य, संबंधित आर्थिक संगठन के समर्थन और अलग अलग उम्मीदवार के प्रारंभिक प्रशिक्षण और योग्यता पर निर्भर होता है।

ऐसे केंद्र मुख्यतः बड़े औद्योगिक उद्यमों में स्थित हैं, परन्तु अपेक्षाकृत छोटे उद्यमों की आवश्यकताओं और विशिष्ट शाखाओं के लिए भी उनको स्थापित किया जाता है। बड़े उद्यम अपने कार्मिकों को अपनी आन्तरिक आवश्यकताओं और अपने सहयोगी उद्यमों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षण देते हैं और अनुकूल बना लेते हैं। कामगरों के विश्वविद्यालय कुछ विशेष प्रकारों के प्रशिक्षण अथवा पूरक सैद्धांतिक शिक्षा का आयोजन करते हैं।

उच्च अर्हताओं के इच्छुक कामगर

नए फाकस्कोला संगठन का विकास हो रहा है और आशा है कि यह विकास ऐसे ही चलता रहेगा जैसा कि निम्नलिखित प्रतिशतताओं से दिखाई देता है. 1963, 6 प्रतिशत, 1964, 25 प्रतिशत, 1965, 35 प्रतिशत, 1966, 50 प्रतिशत; 1967, 55 प्रतिशत, 1968, 65 प्रतिशत।

नए तंत्र मे, तकनीकज्ञ अर्हता के दो मुख्य स्तर निम्नलिखित होंगे पहला स्तर नए फाकस्कोला (पहले वर्णित पुराने स्तर फाकस्कोल इन्जेन्जोर से यह भिन्न है) के समापन पर होगा, जिसका डिप्लोमा लगभग वर्तमान इंस्टिचूट्स इन्जेन्जोर के बराबर होगा, दूसरा स्तर टेक्निस्क्ट जिम्नेजियम के समापन पर होगा, जिसका तकनीकी स्तर, 4-वर्षीय पाठ्यक्रम होने के नाते, वर्तमान जिम्नेजी इन्जेन्जोर के बराबर या उससे अधिक अच्छा होना चाहिए। इसके आगे सिविल इन्जेन्जोर (जो इंजीनियर की पूर्ण व्यावसायिक अर्हता है) का स्तर आता है और उसको विश्वविद्यालय या शिल्पविज्ञान संस्थान में केवल पूर्णकालिक अध्ययनों के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है।

सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ

टेक्निकम

टेक्निकमों और इसी के समान अन्य कालिजों में प्रदान की जाने वाली विशेषीकृत माध्यमिक शिक्षा, सोवियत शिक्षा तंत्र का एक अभिन्न भाग है। इसमें विशेषीकृत माध्यमिक शिक्षा के कार्यक्रम के साथ-साथ सामान्य माध्यमिक शिक्षा भी पूरी कराई जाती है।

सन् 1957 में इस प्रकार के कालिजों की संख्या 650 थी, जिनमें 2100 छात्र पढ़ते थे। आजकल, टेक्निकमों और इन्हीं के समान कालिजों की संख्या 3,600 है और उनमें 30 लाख छात्र पढ़ रहे हैं। ये कालेज माध्यमिक शिक्षा और प्रशिक्षण आवश्यक रूप से उद्योग, निर्माण, कृषि, परिवहन आदि के क्षेत्र में मझोलीस्तर कार्मिकों के उत्पादन के लिए हैं। विशेषीकृत माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षण प्राप्त करना अर्थात् और पेशा आधुनिकतम भी करते हैं।

तकनीकी और कृषि संबंधी कालेजों में छात्र न केवल मझोलीस्तर कार्य ही प्राप्त करते हैं, बल्कि जिस मझोलीस्तर पेशे में वे जाना चाहते हैं, उनको उनसे संबंधित शिल्प (उदाहरण के लिए, फिटर, मेकेनिक या ट्रैक्टर-चालक) में बुनियादी कुशल कामगार प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

टेक्निकम में अध्ययन की अवधि भिन्न-भिन्न होती है। जो छात्र आठ साल तक स्कूल में पढ़ने के बाद दाखिला लेते हैं, उनके लिए यह अवधि 3 से 5 वर्षों के बीच होती है। जिन छात्रों ने दाखिला लेने से पहले अपनी पूरी (10-11-वर्षीय) स्कूली पढ़ाई की हुई होती है, उनके लिए टेक्निकम में अध्ययन डेढ़ से तीन वर्ष के बीच होती है। दोनों प्रकारों के अध्ययनों के उदाहरण परिशिष्ट 3 में दिए गए हैं।

आमतौर पर प्रचलित तन्त्र तो पूर्णकालिक उपस्थिति का है, लेकिन जो छात्र उत्पादी रोजगार में लगे हुए होते हैं, उनके लाभ के लिए पत्राचार और सायंकालीन पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। ऐसे पाठ्यक्रम या तो नियमित विश्वविद्यालयों के विस्तार पाठ्यक्रमों के माध्यम से उपलब्ध हैं या इसी प्रयोजन के लिए विशेष रूप से स्थापित संस्थानों के माध्यम से।

टेक्निकमों और अधिकतर शैक्षिक संस्थाओं में कोई फीस नहीं ली जाती और इसके अतिरिक्त छात्रों के लिए सुविधाएं और अनुदान उपलब्ध हैं। टेक्निकमों के दिवा-विभागों में, सफलतापूर्वक अध्ययन करने वाले छात्रों को एक वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है और जिन छात्रों के घर दूर होते हैं, उनको एक

1—उनको प्रयोगशाला कार्य और परीक्षाओं के लिए वेतन सहित अतिरिक्त छुट्टी मिलती है। पाठ्यक्रम के पहले और दूसरे वर्षों के दौरान, सायंकालीन छात्रों को एक-एक साल में 10 दिन की सवेतन छुट्टी और पत्राचार पाठ्यक्रम के छात्रों को एक सा [illegible] को सवेतन छुट्टी मिलती है। पाठ्यक्रम के तीसरे और उसके [illegible] दौरान सायंकालीन छात्रों

को प्रति वर्ष 20 दिन की और पत्राचार पाठ्यक्रम छात्रों को प्रति वर्ष 40 दिन की छुट्टी मिलती है। इसके अतिरिक्त, राज्य परीक्षाओं के दौरान अधिक से अधिक 30 दिन की वेतन रहित छुट्टी मजूर की जाती है और डिप्लोमा परियोजना के लिए अधिक से अधिक दो महीनों की छुट्टी मजूर की जाती है।

2—प्रयोगशाला और व्यावहारिक कार्य या परीक्षाओं में लगने वाले समय के लिए उनको वेतन दिया जाता है और घर से कालिज और कालिज से घर की यात्रा के खर्च 50 प्रतिशत भी उनको मिलता है।

3—साध्यकालीन या बाह्य प्रकार के अध्ययन के अंतिम वर्षों के दौरान, छात्र के विशेषीकरण के क्षेत्र में प्रमुख उद्योगों का परिचय प्राप्त करने के लिए, उनको वेतन-बिना एक महीने तक की छुट्टी मजूर की जा सकती है।

टेक्निकमों के लिए प्रवेश परीक्षा सभी छात्रों के लिए खुली है और उनमें मातृभाषा (रूसी, यूक्रेनियन आदि), गणित (लिखित और मौखिक) और सबंधित विशेषीकरण के लिए उचित विषयों की परीक्षा ली जाती है। दिन-विभागों में वय सीमा 30 साल है, परन्तु बाह्य और साध्यकालीन [illegible] में ऐसी कोई सीमा नहीं है। दाखिले के उम्मीदवारों का अंतिम [illegible] समितियों में शैक्षिक स्टाफ के सदस्य और सामुदायिक और [illegible] के अधिकारी होते हैं।

प्रत्येक विशेषज्ञता की पाठ्यचर्या का निर्धारण उच्च और [illegible] मिक शिक्षा मत्रालय करता है। भावी रोजगार के लिए तकनीकज्ञों को तैयार करने वाले दिवा पाठ्यक्रम में तीन सुस्पष्ट अवधियां होती हैं।

पहली अवधि के दौरान छात्र सामान्य और तकनीकी [illegible] करते हैं, सबंधित प्राकृतिक विज्ञानों का ज्ञान अर्जित करते हैं और [illegible] व्यापार के व्यावहारिक कौशलों को सीखते हैं। अनेक टेक्निकमों के [illegible] से वर्कशाप हैं, जिनमें छात्र उपकरण और सरल मशीनें तैयार करते हैं।

2 से 3 सालों की परिचयात्मक अवधि के और [illegible] लेने के पश्चात्, छात्र उद्योग में उत्पादी कार्य का [illegible] नियमित नौकरी दी जाती है और पूरे किए गए [illegible] के आधार पर, उनको सामान्य मजदूरी भी प्राप्त होती है। [illegible] के दौरान शैक्षिक अनुदेशन शाम को या पत्राचार द्वारा जारी रहता है [illegible] छात्र के रोजगार से सबधित विषयों में।

तीसरी अवधि के दौरान, छात्र [illegible] शैक्षिक छात्रवृत्ति पाने के हकदार हो जाते हैं। [illegible] विशेषीकरण के क्षेत्र में एक परीक्षा देते हैं [illegible]

अपनी परियोजना की रूपरेखा बनाते हैं और अंत में अपनी डिप्लोमा परियोजना को पूरा करते और उसके पक्ष में तर्क प्रस्तुत करते हैं।

किसी भी टैक्निकम पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या को तीन मुख्य शीर्षकों में बंटा हुआ माना जा सकता है : सामान्य शिक्षा, तकनीकी विषय और विशेष तकनीकी अध्ययन। सामान्य शिक्षा की विषय-वस्तु के स्तर को सामान्य माध्यमिक स्कूलों के स्तर के बराबर बनाए रखा जाता है और इस अनुभाग के अंतर्गत साहित्य, गणित, इतिहास, विज्ञान, भाषाएं और शारीरिक शिक्षा शामिल किए जाते हैं। इस प्रकार संपूर्ण सोवियत संघ में माध्यमिक शिक्षा, सामान्य या विशेषीकृत, में निष्पत्ति को समान स्तर का बनाए रखा जाता है।

इसी प्रकार, सामान्य तकनीकी अनुभाग के संघटन की एक समानता को भी तकनीकी कार्यकलापों (उदाहरण के लिए उद्योग, निर्माण, परिवहन) के एक बड़े क्षेत्र पर बनाए रखा जाता है और इसमें तकनीकी ड्राइंग, यांत्रिकी और इलेक्ट्रो टैक्निक्स जैसे मौलिक विषय शामिल किए जाते हैं।

विशेष तकनीकी खंड में वे विषय रखे जाते हैं, जो छात्र की चुनी हुई विशेषज्ञता से संबंधित होते हैं। उदाहरण के लिए, वाष्पित्र की विशेषज्ञता की पाठ्यचर्या में (देखिए परिशिष्ट 3) धातुकर्म, ढलाईघर कार्य और वेल्डिंग तकनीकों का आधार जैसे विशेष विषय शामिल होते हैं।

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम में, विस्तृत प्रयोगशाला अभिकल्प कार्यालय कार्य और दो या तीन परियोजनाएं शामिल होती हैं। परियोजना का प्रकार छात्र की विशेषज्ञता के द्वारा निर्धारित होता है और उसमें निर्माण यांत्रिकत्वों का विस्तृत मसौदा बनाना शामिल होता है। अंतिम पाठ्यक्रम की परियोजनाओं की विषय-वस्तु अलग-अलग कालिजों में अलग-अलग होती है, परन्तु ऐसे प्रयास किए जाते हैं कि छात्र द्वारा दूसरी अवधि के दौरान प्राप्त अनुभव के व्यावहारिक उपयोग के रूप में ही उनको कार्यान्वित किया जाए।

डिप्लोमा परियोजना कार्यक्रम का चरम बिन्दु होता है और इसका प्रयोजन, अपेक्षाकृत अधिक आधुनिक उपकरणों की रूपरेखा बनाकर या मशीनी हिस्से-पुरजों के अपेक्षाकृत अधिक अच्छे डिजाइन बनाकर संबंधित उद्योगों के मौजूदा तकनीकी प्रक्रमों, संगठन और विधियों में सुधार ले आना होता है। टैक्निकमों के छात्रों द्वारा हाथ में ली गई अनेक डिप्लोमा परियोजनाओं को संबंधित उद्योगों ने अपना लिया है।

कुछ शाखाओं में (उदाहरण के लिए कृषि, भूविज्ञान में) उपस्थिति पाठ्य-चर्या को ऋतुओं के आधार पर आयोजित किया जाता है। छात्र केवल शीत ऋतु में अध्ययन करते हैं [illegible] औद्योगिक कार्य गर्मियों में करते हैं। इसी [illegible] माध्यमिक [illegible] शामिल छात्र, पाठ्यक्रम के

होनहार दिखाई देते हैं, केवल उन्ही को दूसरे विकल्प का अनुसरण करने की अनुमति दी जाती है। अन्य सभी छात्रों को पहले ही विकल्प का अनुसरण करने की सलाह दी जाती है।

पहले विकल्प का अनुसरण करने वाला (अर्थात् सिटी एंड गिल्ड्स तकनीकज्ञ अर्हता के लिए पढ़ने वाला) छात्र केवल अंशकालिक तौर पर कक्षा में अध्ययन की स्थिति में अपनी अर्हता का पहला भाग 2 वर्षों में और दूसरा भाग 4 वर्षों में पास करता है (देखिए परिशिष्ट 3 में पाठ्यचर्या)। सिटी एंड गिल्ड्स आफ लंदन इंस्टिट्यूट की अर्हताओं की स्थापना केवल हाल ही में हुई है, परन्तु वे मूल्यवान सेवा प्रदान कर रहे हैं। दूसरे भाग के बाद, पूरक विषयों को ले लेना और 'पूर्ण शिल्पवैज्ञानिक प्रमाणपत्र' प्राप्त कर लेना संभव हो जाता है। यह स्तर संयुक्त राज्य अमरीका की ऐसोसिएट डिग्री के लगभग बराबर है।

राष्ट्रीय प्रमाणपत्र प्रणाली

यदि कोई छात्र दूसरा विकल्प चुन लेता है, तो वह दूसरे वर्ष के अंत में सामान्य पाठ्यक्रम के समापन पर परीक्षा देता है। इस परीक्षा के परिणामों पर उसकी भावी कार्य दिशा निर्भर होती है। परीक्षा के विषयों को 'पास' या 'क्रेडिट' के तौर पर श्रेणीबद्ध किया जाता है। 'क्रेडिट' को अपेक्षाकृत अधिक ऊंचा माना जाता है। दो क्रेडिट और एक पास के द्वारा छात्र राष्ट्रीय प्रमाणपत्र के पाठ्यक्रम में प्रवेश कर सकता है। तीन पास होने की स्थिति में, वह उस वरिष्ठ सिटी एंड गिल्ड्स तकनीकज्ञ पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष (टी 2) में प्रवेश ले सकता है। तीन से भी कम पास होने की स्थिति में, छात्र को या तो उसी पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष (टी 1) या किसी निम्न (कुशल कामगार) पाठ्यक्रम में रख दिया जाता है।

जो छात्र राष्ट्रीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में प्रवेश पा जाते हैं, उनके साथ [illegible]

तकनीकी स्तर पर उच्चतर राष्ट्रीय प्रमाणपत्र का स्तर संयुक्त राज्य अमरीका की एसोसिएट डिग्री से तनिक ऊंचा है और लगभग वही है, जो जर्मन संघीय गणतंत्र की इंजीनियर अर्हता का है, यद्यपि इसमें अध्ययन का विस्तार अपेक्षाकृत कम है और इसमें किसी विशेष धंधे के लिए आवश्यक न्यूनतम तकनीकी विषयों के अतिरिक्त अन्य बातों को बहुत कम पढ़ाया जाता है।

इसके बाद के एक या दो वर्षों के दौरान 'एंडोर्समेंट' विषय नामक और आगे के पाठ्यक्रम लिए जा सकते हैं, जिनकी सहायता से (देखिए चौथा अध्याय) विश्वविद्यालय डिग्री के बराबर के दर्जे के मान्यताप्राप्त इंजीनियर की पूर्ण व्यावसायिक प्रस्थिति प्राप्त की जा सकती है।

राष्ट्रीय प्रमाणपत्र प्रणाली यूनाइटेड किंगडम में 40 वर्षों से भी अधिक समय से प्रचलित है और इस कार्यक्रम की ओर छात्र बड़ी संख्या में आकर्षित होते हैं। सन 1962 में 20,134 छात्रों को साधारण राष्ट्रीय प्रमाणपत्र और 11049 छात्रों को उच्चतर राष्ट्रीय प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रीय प्रमाणपत्र प्रणाली की मुख्य कमी इसको प्राप्त करने के लिए अपेक्षित लम्बी अवधि का होना है। कोई भी व्यक्ति उच्चतर राष्ट्रीय प्रमाणपत्र को 6 वर्षों से कम की अवधि में प्राप्त नहीं कर सकता है, अर्थात् स्कूल पास करने की 15 वर्ष की न्यूनतम उम्र से प्रारंभ करके, 21 वर्ष की उम्र से पूर्व इसको प्राप्त नहीं किया जा सकता है। ज्यादातर छात्र तो कुछ देरी से प्रारंभ करने के कारण या एक या दो वर्ष फेल हो जाने के कारण 21 वर्ष से भी कुछ अधिक उम्र के होते हैं।

इसलिए समय को कम करने के लिए, विभिन्न विधियां अपनाई गई हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं: पूर्णकालिक पाठ्यक्रमों की व्यवस्था करना, जिनमें प्रमाणपत्रों के नाम बदल कर साधारण, और उच्चतर राष्ट्रीय डिप्लोमा (प्रमाणपत्र के बजाय) कर दिए गए हैं, सांतराल पाठ्यक्रमों की व्यवस्था करना जिसमें कालिज अध्ययन और कार्य अनुभव बराबर-बराबर की मात्रा में और बारी-बारी से प्रदान किए जाते हैं, और अपेक्षाकृत उच्चतर स्तर पर दाखिला। अंतिम विधि में, छात्र 18 वर्ष की उम्र पर स्कूल पास करके दाखिल हो सकता है। जिनके पास शिक्षा के सामान्य प्रमाणपत्र में उच्च स्तर पर कम से कम एक विषय पास है, वे उच्चतर राष्ट्रीय डिप्लोमा के लिए पूर्णकालिक या सांतराल पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते हैं और पूर्णकालिक उपस्थिति होने की स्थिति में 2 वर्षों में और सांतराल उपस्थिति होने की स्थिति में 3 वर्षों में इस डिप्लोमा को प्राप्त कर सकते हैं। यह अर्हता, तकनीकज्ञ प्रकार की उप-व्यावसायिक अर्हताओं में से सबसे ऊंची है। इससे आगे की प्रगति की रूपरेखा चौथे अध्याय में प्रस्तुत की गई है।

कुशल कामगर से प्रारंभ करके उच्चतर तकनीकज्ञ और प्रोफेशनल स्तरों

होनहार दिखाई देते हैं, केवल उन्हीं को दूसरे विकल्प का अनुसरण करने की अनुमति दी जाती है। अन्य सभी छात्रों को पहले ही विकल्प का अनुसरण करने की सलाह दी जाती है।

पहले विकल्प का अनुसरण करने वाला (अर्थात् सिटी एंड गिल्ड्स तकनीकज्ञ अर्हता के लिए पढ़ने वाला) छात्र केवल अंशकालिक तौर पर कक्षा में अध्ययन की स्थिति में अपनी अर्हता का पहला भाग 2 वर्षों में और दूसरा भाग 4 वर्षों में पास करता है (देखिए परिशिष्ट 3 में पाठ्यचर्या)। सिटी एंड गिल्ड्स आफ लंदन इंस्टिट्यूट की अर्हताओं की स्थापना केवल हाल ही में हुई है, परन्तु वे मूल्यवान सेवा प्रदान कर रहे हैं। दूसरे भाग के बाद, पूरक विषयों को ले लेना और 'पूर्ण शिल्पवैज्ञानिक प्रमाणपत्र' प्राप्त कर लेना संभव हो जाता है। यह स्तर संयुक्त राज्य अमरीका की ऐसोसिएट डिग्री के लगभग बराबर का है।

राष्ट्रीय प्रमाणपत्र प्रणाली

यदि कोई छात्र दूसरा विकल्प चुन लेता है, तो वह दूसरे वर्ष के अंत में सामान्य पाठ्यक्रम के समापन पर परीक्षा देता है। इस परीक्षा के परिणामों पर उसकी भावी कार्य दिशा निर्भर होती है। परीक्षा के विषयों को 'पास' या 'क्रेडिट' के तौर पर श्रेणीबद्ध किया जाता है। 'क्रेडिट' को अपेक्षाकृत अधिक ऊंचा माना जाता है। दो क्रेडिट और एक पास के द्वारा छात्र राष्ट्रीय प्रमाणपत्र के कार्यक्रम में प्रवेश कर सकता है। तीन पास होने की स्थिति में, वह ऊपर वर्णित सिटी एंड गिल्ड्स तकनीकज्ञ पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष (टी-2) में प्रवेश ले सकता है। तीन से भी कम पास होने की स्थिति में, छात्र को या तो उसी पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में (टी-1) या किसी शिल्प (कुशल कामगर) पाठ्यक्रम में रख दिया जाता है।

जो छात्र राष्ट्रीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में प्रवेश पा जाते हैं, उनके साथ उसी पाठ्यक्रम में वे छात्र भी होते हैं, जिन्होंने 16 वर्ष की उम्र पर, गणित और विज्ञान सहित कम से कम चार विषयों में शिक्षा का सामान्य प्रमाणपत्र प्राप्त किया होता है। दोनों ही प्रकारों के छात्र साथ मिलकर 4-वर्षीय अंशकालिक पाठ्यक्रम (प्रति सप्ताह एक दिन और एक रात्रि) प्रारंभ करते हैं, जिससे कि वे 2 वर्षों के पश्चात् साधारण राष्ट्रीय प्रमाणपत्र (ओ० एन० सी०) प्राप्त करते हैं और 4 वर्षों के पश्चात् उच्चतर राष्ट्रीय प्रमाणपत्र (एच० एन० सी०) प्राप्त कर लेते हैं। इन पाठ्यक्रमों का नियंत्रण उन संयुक्त समितियों के हाथ में होता है, जिनमें शिक्षा और विज्ञान विभाग, संबंधित व्यावसायिक संस्थाओं और तकनीकी कालिजों के प्रतिनिधि होते हैं।

अदायगी करने में आनाकानी न करें। उनको इस तरह की मजदूरियों की अदायगी के बारे में बाध्य करने के लिए कोई कानून नहीं है, यद्यपि औद्योगिक प्रशिक्षण अधिनियम 1964 के उपबंधों के अधीन इस प्रकार के खर्चों के लिए नियोक्ताओं को धन की प्रतिपूर्ति की जा सकती है।

संयुक्त राज्य अमरीका

संयुक्त राज्य अमरीका का जनसाधारण और वहां शिक्षा क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्ति, तकनीकज्ञ स्तर पर प्रशिक्षण की आवश्यकता के संबंध में अभी कुछ ही वर्षों से अत्यधिक जागरूक हो गए हैं। वस्तुतः यद्यपि तकनीकी संस्थान एक शताब्दी से भी अधिक समय से संयुक्त राज्य अमरीका के शैक्षिक तंत्र का एक लक्षण रहा है, तथापि उसके कार्य नगण्य थे और जनसाधारण को उसकी जानकारी लगभग नहीं के बराबर थी। सन् 1931 में प्रकाशित एक रिपोर्ट में उस समय संयुक्त राज्य अमरीका में कुल मिलाकर ऐसे केवल नौ संस्थानों के होने का उल्लेख है, जिन्हें अब तकनीकी संस्थान कहा जाता है। ऐसी संस्थाओं का लक्षण 2-वर्षीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम होना, उसका टर्मिनल और धंधा संबंधी प्रकार का होना, एक विशिष्ट डिप्लोमा दिया जाना और अक्सर राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त एक ऐसोसिएट डिग्री का भी प्रदान करना है।

प्रोफेशनल विकास की इंजीनियर परिषद

सन् 1944 में, प्रोफेशनल विकास की इंजीनियर परिषद ने तकनीकी संस्थान पाठ्यचर्याओं के लिए प्रत्यायन (एक्रेडिटेशन) की एक योजना चालू की। इससे पूर्व यह परिषद कालिजों और विश्वविद्यालयों में पूर्ण 4-वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए भी प्रत्यायन चालू कर चुकी थी। उस परिषद की वार्षिक रिपोर्टों में और अन्यत्र समय-समय पर इन प्रत्यायित संस्थानों की सूचियां प्रकाशित होती रहती हैं।

इसके अतिरिक्त, संयुक्त राज्य अमरीका में जूनियर कालिज, और विशेषकर उनके समकक्ष सामुदायिक कालिज, अनेक वर्षों से 2-वर्षीय कार्यक्रम चलाते आए हैं, जिनका उद्देश्य छात्रों को या तो 4-वर्षीय कालिज के तृतीय वर्ष स्तर पर स्थानान्तरण के लिए या 2-वर्षीय कार्यक्रम पास कर लेने के बाद सीधे रोजगार में जाने के लिए तैयार करना रहा है। इन पाठ्यक्रमों को "व्यावसायिक आवधिक कार्यक्रम" (वोकेशनल टर्मिनल प्रोग्राम्स) की संज्ञा दी जाती हैं। इनमें से कुछ कार्यक्रमों को प्रोफेशनल विकास की इंजीनियर परिषद ने प्रत्यायित कर दिया है और अनेक अन्य कार्यक्रमों की समाप्ति पर राज्य से मान्यता प्राप्त ऐसोसिएट डिग्री दी जाती है। कुछ 4-वर्षीय कालिजों और विश्व-

या सान्ध्यकालीन, और सहकारी अध्ययन। सहकारी अध्ययन युनाइटेड किंगडम की सातराल प्रणाली, अर्थात् कालिज और कारखाना प्रशिक्षण की बारी-बारी से अवधियां, के अनुरूप संयुक्त राज्य अमरीका की प्रणाली है।

स्नातकों की कुल संख्या लगभग 12 000 होती है, जिनमे से केवल 6035 ही प्रोफेशनल विकास की इंजीनियर परिषद से प्रत्यायित हैं। 'प्रथम रास्ता" इंजीनियरों की कुल संख्या 36,000 होती है। उनके साथ तुलना करने पर तकनीकज्ञों और इंजीनियरो का अनुपात एक और तीन का था। वस्तुतः तकनीकज्ञों की संख्या मे कमी कुछ समय से महसूस की जाती थी। 1958 के राष्ट्रीय रक्षा अधिनियम के शीर्षक VIII के अधीन, इस स्थिति मे सुधार लाने के जोरदार प्रयास किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय रक्षा (शिक्षा) अधिनियम 1958

यह अधिनियम संयुक्त राज्य अमरीका मे शिक्षा के विस्तार और सुधार के आन्दोलन का चर्मोत्कर्ष था। व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित केवल आठवां शीर्षक ही तकनीकज्ञों से संबंधित है। इसके द्वारा (क) हाई स्कूल छात्रों के अंतिम 2 या 3 वर्षों, दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं कक्षा, मे पूर्णकालिक कार्यक्रमों, (ख) हाई स्कूल पास किए छात्रों के लिए 18 वर्ष की उम्र के बाद पूर्णकालिक अनुवर्ती कार्यक्रमों; और (ग) रोजगार मे लगे हुए लोगो के लिए विस्तार कार्यक्रमों की व्यवस्था करने के लिए, किसी राज्य का जो खर्चा होता है, आर्थिक सहायता के रूप में उस सारे खर्च की प्रतिपूर्ति करने का संघीय सरकार को अधिकार प्राप्त है वर्ग (क) मे शामिल पाठ्यक्रम लगभग वही हैं, जो माध्यमिक तकनीकी स्कूलों में दिए जाते हैं, पर पाठ्यचर्या मे पहले से कहीं अधिक मात्रा तक निकटतर संपाससंबंधी आधार प्रदान किया गया है। वर्ग (ख) के कार्यक्रमो में प्रथम स्तर के तकनीकज्ञ प्रशिक्षण शामिल हैं। एक नमूना पाठ्यक्रम परिशिष्ट 3 में दिया गया है। स्तर की दृष्टि से, यह पूर्ण तकनीकी संस्थान के कार्य के स्तर के निकट आ जाता है।

संयुक्त राज्य अमरीका में अब आमतौर पर तकनीकज्ञों को दो श्रेणियों यथा औद्योगिक [illegible] के तौर पर विभाजित [illegible] विकास की इंजीनियर [illegible] किस तकनीकी स्कूल का [illegible] अभी भी परिशुद्ध नहीं

सन् 1962 मे तकनीकज्ञों के प्रमाणीकरण के संस्थान की स्थापना हो जाने के पश्चात्, तकनीकज्ञों को मान्यता प्रदान करने का कार्य अपेक्षाकृत कुछ

युगोस्लाविया

माध्यमिक तकनीकी स्कूल

युगोस्लाविया में मध्य तकनीकज्ञ स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति माध्यमिक तकनीकी स्कूल (टेक्निस्का स्कोला) के द्वारा की जाती है। तकनीकी स्कूल अनेक प्रकार के हैं—सामान्य इंजीनियरी, जहाज निर्माण, वस्त्र निर्माण, भवन निर्माण और सिविल इंजीनियरी, खनिकर्म, भूविज्ञान, कृषि, वनविज्ञान, समुद्री इंजीनियरी, नौचालन, परिवहन, डाक सेवा, वाणिज्य, होटल प्रबंध, खानपान प्रबंध, घरेलू विज्ञान, अनुप्रयुक्त कलाए, प्रशासन और लाइब्रेरी विज्ञान, सहायक चिकित्सा कार्मिकों, औषध-निर्माण सहायकों, दंत तकनीकज्ञों, आदि के प्रशिक्षण के लिए।

आमतौर पर 4-वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए दाखिला 8-वर्षीय (7 साल से 15 साल की उम्र) बुनियादी स्कूल (अस्नोवना स्कोला) के सफलतापूर्वक पूरा करने पर मिलना संभव होता है। कुछ विशेषज्ञताओं में, इसकी अपेक्षा ऊंचे स्तर की आवश्यकता होती है।

पाठ्यचर्या चार मुख्य शीर्षकों के अधीन तैयार की जाती है—

1—व्यावसायिक शिक्षा (क) स्कूल और कारखाने में व्यावहारिक वर्कशाप प्रशिक्षण; (ख) उत्पादन और संगठन के तकनीकी सिद्धांत।

2—सामान्य शिक्षा : (क) प्राकृतिक विज्ञान और गणित सहित, (ख) उत्पादी श्रम में सामाजिक जीवन की तैयारी।

3—सामाजिक और नैतिक शिक्षा।

4—शारीरिक और स्वास्थ्य शिक्षा।

एक नमूना पाठ्यचर्या परिशिष्ट 3 में दी गई है।

युगोस्लाविया में तकनीकी स्कूलों का एक लक्षण यह है कि वे महायुद्ध के बाद की समस्त अवधि में गहनतापूर्वक विकसित होते रहे हैं। 1946-47 स्कूल वर्ष में 110 तकनीकी स्कूल थे और उनमें 10,734 छात्र पढ़ रहे थे। ये संख्याएं 1938-39 की स्कूलों और उनके छात्रों की संख्याओं से दुगनी हैं। 1950-51 में 213 स्कूल थे और उनमें 65,651 छात्र पढ़ रहे थे। यह संख्याएं बढ़कर 1964-65 में युवाओं के लिए स्कूलों की संख्या 520 हो गई और उनमें छात्रों की संख्या 197,136 हो गई। उसी वर्ष वयस्कों के लिए 274 तकनीकी स्कूल थे, जिनमें छात्रों की संख्या 10310 थी।

तकनीकी स्कूलों की यह लगातार वृद्धि अर्थव्यवस्था और लोक सेवाओं के द्रुत विकास और इस प्रकार के कार्मिकों की ऊंची मांग का परिणाम है।

... लिए कार्मिकों का प्रशिक्षण करने वाले तकनीकी स्कूल

आर्थिक रूप से विकसित क्षेत्रों में स्थित हैं। तकनीकी स्कूलों का व्यापकतम जाल बड़े शहरों और औद्योगिक केन्द्रों में है।

इन तकनीकी स्कूलों को सरकार के विभागों और आर्थिक संगठनों ने खोला है। हाल के वर्षों में, अधिकाधिक संस्था में आर्थिक उद्यम या आर्थिक उद्यमों की संस्थाएं तकनीकी स्कूल खोल रही हैं।

तकनीकी स्कूलों के जाल के विस्तार के साथ-साथ ऐसे स्कूलों के संगठनात्मक रूपों में भी विकास हुआ है, जिसके फलस्वरूप आज इन स्कूलों के अनेक रूप हैं। युवाओं के लिए दो प्रकारों के तकनीकी स्कूल हैं निरंतर अनुदेशन वाले तकनीकी स्कूल (इन्हीं की संख्या अधिक है) और अलग स्तरों पर अनुदेशन वाले तकनीकी स्कूल।

दोनों ही प्रकार के स्कूलों में, पाठ्यक्रम 4 वर्षों तक चलता है। प्रवेश की शर्त पूर्ण प्रारंभिक शिक्षा होती है। इन दो प्रकारों के स्कूलों के बीच अन्तर यह है कि दो अलग स्तरों पर अध्ययन के कार्यक्रम के स्कूल में, पहले 2 वर्षों में कुशल कामगर स्तर की अर्हता की व्यवस्था है, जबकि आखिरी 2 वर्षों में तकनीकज्ञ स्तर की। निरंतर शिक्षण के स्कूलों में, व्यावहारिक प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम अपेक्षाकृत छोटा होता है। इन स्कूलों में पढ़ाई करके निकलने वाले तकनीकज्ञों को कुशल कामगर के तौर पर अर्हताएं प्राप्त नहीं होती हैं।

उच्चतर तकनीकी स्कूल

माध्यमिक तकनीकी स्कूलों में पढ़ाई करके निकलने वाले छात्रों और पूर्ण प्रोफेशनल इंजीनियर के बीच तकनीकज्ञ के स्तर की बढ़ती हुई आवश्यकता ने पिछले दस वर्षों में उच्चतर तकनीकी स्कूल (वीसा टेक्निस्का स्कोला) की वृद्धि को बहुत तेज कर दिया है। 1950-51 में, 21 स्कूलों में 5,310 छात्र थे। इसकी तुलना में, 1962-63 में 101 स्कूलों में 30,794 छात्र थे। यह वृद्धि वर्तमान प्रशासन द्वारा प्रोत्साहन की परिचायक है।

उच्चतर तकनीकी प्रशिक्षण के ऐसे स्कूलों द्वारा उत्पादी कार्यकलापों के प्रकारों में ये शामिल हैं: इंजीनियरी, यांत्रिकी, बिजली, भवननिर्माण, अलौह धातुकर्म, कृषि, वस्त्रनिर्माण, चमड़ा, वाणिज्य, लेखाकन, औषध, दंत-चिकित्सा, समाज कार्य, शिक्षण-शास्त्र (उदाहरण के लिए, गृह अर्थ शास्त्र के अध्यापकों के लिए), विदेश व्यापार और सांख्यिकी।

आजकल उच्चतर तकनीकी स्कूलों के दो बड़े प्रकार हैं। पहले प्रकार के स्कूलों में उन छात्रों को दाखिला दिया जाता है, जिन्हें बहुत ही थोड़ा व्यावहारिक उत्पादी अनुभव हो या बिलकुल भी नहीं हो और जो अक्सर ज्ञानप्रधान माध्यमिक स्कूल को पास करके आए हों। आमतौर पर ये छात्र वाणिज्य और अर्थशास्त्र

यूगोस्लाविया

माध्यमिक तकनीकी स्कूल

यूगोस्लाविया में मध्य तकनीशियन स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति माध्यमिक तकनीकी स्कूल (टैक्निस्का स्कोला) के द्वारा की जाती है। तकनीकी स्कूल अनेक प्रकार के हैं—सामान्य इजीनियरी, जहाज निर्माण, यन्त्र निर्माण, भवन निर्माण और सिविल इजीनियरी, खनिकर्म, भूविज्ञान, कृषि, वनविज्ञान, समुद्री इजीनियरी, नौचालन, परिवहन डाक सेवा, वाणिज्य, होटल प्रबंध, खानपान प्रबंध, घरेलू विज्ञान, अनुप्रयुक्त कलाए, प्रसाधन और लाइब्रेरी विज्ञान, सहायक चिकित्सा कार्मिको, औषध-निर्माण सहायको, दंत तकनीशियनों, आदि के प्रशिक्षण के लिए।

आमतौर पर 4-वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए दाखिला 8-वर्षीय (7 साल से 15 साल की उम्र) बुनियादी स्कूल (अस्नोवना स्कोला) के सफलतापूर्वक पूरा करने पर मिलना सभव होता है। कुछ विशेषज्ञताओ मे, इससे अपेक्षा ऊचे स्तर की आवश्यकता होती है।

पाठ्यचर्या चार मुख्य शीर्षको के अधीन तैयार की जाती है—

1—व्यावसायिक शिक्षा (क) स्कूल और कारखाने मे व्यावहारिक वर्कशाप प्रशिक्षण, (ख) उत्पादन और सगठन के तकनीकी सिद्धांत।

2—सामान्य शिक्षा (क) प्राकृतिक विज्ञान और गणित सहित, (ख) उत्पादी श्रम मे सामाजिक जीवन की तैयारी।

3—सामाजिक और नैतिक शिक्षा।

4—शारीरिक और स्वास्थ्य शिक्षा।

एक नमूना पाठ्यचर्या परिशिष्ट 3 मे दी गई है।

यूगोस्लाविया में तकनीकी स्कूलो का एक लक्षण यह है कि वे महायुद्ध के बाद की समस्त अवधि मे गहनतापूर्वक विकसित होते रहे हैं। 1946-47 स्कूल वर्ष मे 110 तकनीकी स्कूल थे और उनमे 19,734 छात्र पढ रहे थे। ये सख्याए 1938-39 की स्कूलो और उनके छात्रो की सख्याओ से दुगनी हैं। 1950-51 मे 243 स्कूल थे और उनमे 65,651 छात्र पढ रहे थे। यह सख्याए बढकर 1964-65 मे युवाओं के लिए स्कूलो की सख्या 520 हो गई और उनमे छात्रों की सख्या 197,136 हो गई। उसी वर्ष वयस्को के लिए 274 तकनीकी स्कूल थे, जिनमे छात्रो की सख्या 19510 थी।

तकनीकी स्कूलो की यह गत्यात्मक वृद्धि अर्थव्यवस्था और लोक सेवाओ के द्रुत विकास और इस प्रकार के कार्मिकों की ऊची माग का परिणाम है।

अर्थव्यवस्था के लिए कार्मिकों का प्रशिक्षण करने वाले तकनीकी स्कूल

आर्थिक रूप से विकसित क्षेत्रों में स्थित है। तकनीकी स्कूलों का व्यापकतम जाल बड़े शहरों और औद्योगिक केन्द्रों में है।

इन तकनीकी स्कूलों को सरकार के विभागों और आर्थिक संगठनों ने खोला है। हाल के वर्षों में, अधिकाधिक संख्या में आर्थिक उद्यम या आर्थिक उद्यमों की संस्थाएं तकनीकी स्कूल खोल रही हैं।

तकनीकी स्कूलों के जाल के विस्तार के साथ साथ ऐसे स्कूलों के संगठनात्मक रूपों में भी विकास हुआ है, जिससे फलस्वरूप आज इन स्कूलों के अनेक रूप हैं। युवाओं के लिए दो प्रकारों के तकनीकी स्कूल हैं: निरन्तर अनुदेशन वाले तकनीकी स्कूल (इन्हीं की संख्या अधिक है) और अलग स्तरों पर अनुदेशन वाले तकनीकी स्कूल।

दोनों ही प्रकार के स्कूलों में, पाठ्यक्रम 4 वर्षों तक चलता है। प्रवेश की शर्त पूर्ण प्रारंभिक शिक्षा होती है। इन दो प्रकारों के स्कूलों के बीच अन्तर यह है कि दो अलग स्तरों पर अध्ययन के कार्यक्रम के स्कूल में, पहले 2 वर्षों में कुशल कामगार स्तर की अर्हता की व्यवस्था है, जबकि आखिरी 2 वर्षों में तकनीकज्ञ स्तर की। निरंतर शिक्षण के स्कूलों में, व्यावहारिक प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम अपेक्षाकृत छोटा होता है। इन स्कूलों में पढ़ाई करके निकलने वाले तकनीकज्ञों को कुशल कामगर के तौर पर अर्हताएं प्राप्त नहीं होती हैं।

उच्चतर तकनीकी स्कूल

माध्यमिक तकनीकी स्कूलों में पढ़ाई करके निकलने वाले छात्रों और पूर्ण प्रोफेशनल इंजीनियर के बीच तकनीकज्ञ के स्तर की बढ़ती हुई आवश्यकता ने पिछले दस वर्षों में उच्चतर तकनीकी स्कूल (वीसा टेक्निकका स्कोला) की वृद्धि को बहुत तेज कर दिया है। 1950-51 में, 21 स्कूलों में 5,340 छात्र थे। इसकी तुलना में, 1962-63 में 101 स्कूलों में 30,794 छात्र थे। यह वृद्धि वर्तमान प्रशासन द्वारा प्रोत्साहन की परिचायक है।

उच्चतर तकनीकी प्रशिक्षण के ऐसे स्कूलों द्वारा उत्पादी कार्यकलापों के प्रकारों में ये शामिल हैं: इंजीनियरी, यांत्रिकी, बिजली, भवननिर्माण, अलौह धातुकर्म, कृषि, वस्त्रनिर्माण, चमड़ा, वाणिज्य, लेखांकन, औषध, दंत-चिकित्सा, समाज कार्य, शिक्षण-शास्त्र (उदाहरण के लिए, गृह अर्थ शास्त्र के अध्यापकों के लिए), विदेश व्यापार और सांख्यिकी।

आजकल उच्चतर तकनीकी स्कूलों के दो बड़े प्रकार हैं। पहले प्रकार के स्कूलों में उन छात्रों को दाखिला दिया जाता है, जिन्हें बहुत ही थोड़ा व्यावहारिक उत्पादी अनुभव हो या बिलकुल भी नहीं हो और जो अवगर ज्ञानप्रधान माध्यमिक स्कूल को पास करके आए हों। आमतौर पर ये छात्र वाणिज्य और अर्थशास्त्र

के क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं। दूसरे प्रकार के स्कूलों में माध्यमिक तकनीकी स्कूलों के पश्चात् तीन या दो वर्षों के व्यावहारिक अनुभव प्राप्त छात्रों को दाखिला दिया जाता है या विकल्प रूप में उन छात्रों को दाखिला दिया जाता है, जिनके पास माध्यमिक कुशल कामगार प्रशिक्षण हो और जिन्होंने कुछ माध्यमिक अंशकालीन अध्ययन किया हुआ हो। दूसरे प्रकार के इन स्कूलों में उच्चतर तकनीकी शिक्षा दी जाती है। अक्सर ये संस्थाएं औद्योगिक उद्यमों के परिसरों में हों या उनके निकट स्थित होती हैं।

तकनीकी कार्मिकों की शिक्षा पर सर्वोच्च विधान सभा के संकल्प के पश्चात्, 1960-61 में 44 नई उच्चतर संस्थाएं खोली गईं। इनमें से 23 संस्थाएं तकनीकी ज्ञान क्षेत्रों से और 15 वाणिज्यिक प्रशिक्षण से संबंधित हैं। इन 15 में से 2 विदेश व्यापार पर विशेष ध्यान देती हैं। परिशिष्ट 3 में इस प्रकार के एक इंजीनियरी कालिज की नमूना पाठ्यचर्या दी गई है।

यद्यपि तकनीकी स्कूलों के बाद शिक्षा समाप्त हो जाती है तथापि उनकी शैक्षिक संरचना से उच्चतर स्कूलों और विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा का रास्ता खुल जाता है। चूंकि अभी भी इंजीनियरों की बड़ी आवश्यकता है, बड़ी संख्या में तकनीकज्ञ उच्चतर स्कूलों और विश्वविद्यालयों में अपना अध्ययन जारी रखते हैं।

विश्वविद्यालय और उच्चतर तकनीकज्ञ प्रशिक्षण

अभी हाल ही में, विश्वविद्यालय अध्ययन की संपूर्ण योजना पर विचार किए गए हैं और उसमें सुधार किए गए हैं। जबकि अध्ययन पाठ्यक्रमों की अवधियां लंबी (कम से कम 5 वर्ष) थीं और उनके शैक्षिक स्तर भी ऊंचे थे, विश्वविद्यालयों के संकायों और संबंधित कालिजों की संख्या अपर्याप्त थी और उनमें से कुछ संकाय और कालिज उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से अनुकूल नहीं थे। 19 ... ो सुधार किए गए हैं, उनके द्वारा बहु श्रेणी अनुदेशन (मल्टि ग्रेड ... वस्था की गई है, ... ोजन तकनीकी अर्हताओं की वि ... करना है।

पहली श्रेणी मोटे तौर पर ... नओं के ... है और उच्चतर तकनीकज्ञों को प्र ... द वे अध्ययन के दूसरे चरण में पूर्णकालिक जिन्हें ... र प्राप्त कर ... सकें ... या अ ... जारी र ... कालिक

दूसरी श्रेणी का स्तर सामान्य विश्वविद्यालय डिप्लोमा होता है जबकि तीसरी श्रेणी का विज्ञान या डाक्टर डिग्री। परन्तु ये दोनों स्तर हमारी इस रिपोर्ट के वस्तुक्षेत्र से बाहर के हैं।

इन सुधारों और साथ ही साथ उच्चतर शिक्षा के [illegible] [illegible] (पत्राचार पाठ्यक्रम और उसके साथ-साथ पूर्णकालिक व्यावहारिक शिक्षण की छोटी अवधियां) के महत्त्वपूर्ण विकास से युगोस्लाविया में उच्चतर शिक्षा का जो तंत्र बनकर तैयार हो गया है वह अनेक प्राचीन परंपराबद्ध देशों की तुलना में, आधुनिक आवश्यकताओं के अधिक अनुकूल है।

के क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं। दूसरे प्रकार के स्कूलों में व्यावसायिक तकनीकी स्कूलों में पाठ्यक्रम एक या दो वर्षों के व्यावसायिक अनुभव प्राप्त छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है या विशेष रूप से उन छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है जिन्होंने उच्च माध्यमिक स्कूल समाप्त किया हो और जिन्होंने कुछ व्यावसायिक अनुभव प्राप्त किया हुआ हो। दूसरे प्रकार के इन स्कूलों में उच्चतर तकनीकी शिक्षा दी जाती है। अक्सर ये स्कूल औद्योगिक उद्यमों के अभिन्न अंग होते हैं या उनसे निकट संबद्ध होते हैं।

तकनीकी कालिजों की शिक्षा पर नवीन विधान लागू होने के पश्चात्, 1960-61 में 44 नई उच्चतर तकनीकी संस्थाएं खोली गईं। इनमें से 23 सामान्य तकनीकी ज्ञान क्षेत्रों से और 15 व्यावसायिक प्रशिक्षण से संबंधित हैं। इन 15 में से 2 विदेश व्यापार पर विशेष ध्यान देते हैं। परिशिष्ट 3 में इस प्रकार के एक इंजीनियरी कालिज की नमूना पाठ्यचर्या दी गई है।

यद्यपि तकनीकी स्कूलों के बाद शिक्षा समाप्त हो जाती है तथापि उनकी शैक्षिक संरचना से उच्चतर स्कूलों और विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा का रास्ता खुल जाता है। चूंकि अभी भी इंजीनियरों की बड़ी आवश्यकता है, बड़ी संख्या में तकनीशियन उच्चतर स्कूलों और विश्वविद्यालयों में अपना अध्ययन जारी रखते हैं।

विश्वविद्यालय और उच्चतर तकनीकज्ञ प्रशिक्षण

अभी हाल ही में, विश्वविद्यालय अध्ययन की संपूर्ण योजना पर विचार किए गए हैं और उसमें सुधार किए गए हैं। जबकि अध्ययन पाठ्यक्रमों की अवधियां लम्बी (कम से कम 5 वर्ष) थीं और उनके शैक्षिक स्तर भी ऊंचे थे, विश्वविद्यालयों के संकायों और संबंधित कालिजों की संख्या अपर्याप्त थी और उनमें से कुछ संकाय और कालिज उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से अनुकूल नहीं थे। 1959-60 में जो सुधार किए गए हैं, उनके द्वारा बहु श्रेणी अनुदेशन (मल्टि ग्रेड इन्स्ट्रक्शन) की व्यवस्था की गई है, जिसका प्रयोजन तकनीकी अर्हताओं की विभिन्न श्रेणियों को तैयार करना है।

पहली श्रेणी मोटे तौर पर उच्चतर शिक्षा के कालिजों के बराबर होती है और उच्चतर तकनीकज्ञों को प्रशिक्षित करती है। यदि वे विश्वविद्यालय अध्ययन के दूसरे चरण में पूर्णकालिक रूप से व्यस्त नहीं रहते हैं, तो उद्योग में जिम्मेदार पद पर रोजगार प्राप्त करके राष्ट्र के लिए तुरंत अपना अंशदान दे सकते हैं। फिर उनके पास बाह्य या अंशकालिक आधार पर अपने अध्ययन को जारी रखने का विकल्प भी प्राप्त होता है। पहली श्रेणी में 2 या 3 वर्ष के पूर्णकालिक अध्ययन की आवश्यकता पड़ती है।

दूसरी श्रेणी का लक्ष्य सामान्य विश्वविद्यालय डिप्लोमा होना है जबकि तीसरी श्रेणी का निष्णात या डाक्टर डिग्री। परन्तु ये दोनों स्तर हमारी इस रिपोर्ट के वस्तुक्षेत्र से बाहर के हैं।

इन सुधारों और साथ ही साथ उच्चतर शिक्षा के [illegible] तंत्र (पत्राचार पाठ्यक्रम और उसके साथ-साथ पूर्णकालिक व्यावहारिक शिक्षण की छोटी अवधियां) के महत्वपूर्ण विकास से युगोस्लाविया में उच्चतर शिक्षा का जो तंत्र बनकर तैयार हो गया है वह अनेक प्राचीन परंपराबद्ध देशों की तुलना में, आधुनिक आवश्यकताओं के अधिक अनुकूल है।

के क्षेत्र मे आगे बढते हैं। दूसरे प्रकार के स्कूलों में माध्यमिक तकनीकी स्कूलों के पश्चात् एक या दो वर्षों के व्यावहारिक अनुभव प्राप्त छात्रों को दाखिला दिया जाता है या विकल्प रूप मे उन छात्रों को दाखिला दिया जाता है, जिनके पास आधारिक कुशल कामगर प्रशिक्षण हो और जिन्होंने कुछ सान्ध्यकालीन अध्ययन किया हुआ हो। दूसरे प्रकार के इन स्कूलों में उच्चतर तकनीकी शिक्षा दी जाती है। अक्सर ये सस्थाए औद्योगिक उद्यमों के परिसरों मे ही या उनके निकट स्थित होती हैं।

तकनीकी कार्मिकों की शिक्षा पर सघीय विधान सभा के सकल्प के पश्चात्, 1960 61 में 44 नई उच्चतर सस्थाए खोली गईं। इनमें से 23 सस्थाए तकनीकी ज्ञान क्षेत्रों से और 15 वाणिज्यिक प्रशिक्षण से सबधित हैं। इन 15 में से 2 विदेश व्यापार पर विशेष ध्यान देती हैं। परिशिष्ट 3 मे इस प्रकार के एक इजीनियरी कालिज की नमूना पाठ्यचर्या दी गई है।

यद्यपि तकनीकी स्कूलों के बाद शिक्षा समाप्त हो जाती है तथापि उनकी शैक्षिक सरचना से उच्चतर स्कूलों और विश्वविद्यालयों मे उच्च शिक्षा का रास्ता खुल जाता है। चूकि अभी भी इजीनियरों की बडी आवश्यकता है, बडी सख्या में तकनीकज्ञ उच्चतर स्कूलों और विश्वविद्यालयों में अपना अध्ययन जारी रखते है।

विश्वविद्यालय और उच्चतर तकनीकज्ञ प्रशिक्षण

अभी हाल ही मे, विश्वविद्यालय अध्ययन की सपूर्ण योजना पर विचार किए गए हैं और उसमें सुधार किए गए हैं। जबकि अध्ययन पाठ्यक्रमों की अवधियां लबी (कम से कम 5 वर्ष) थी और उनके शैक्षिक स्तर भी ऊचे थे, विश्वविद्यालयों के सकायों और सबधित कालिजों की सख्या अपर्याप्त थी और उनमें से कुछ सकाय और कालिज उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से अनुकूल नहीं थे। 1959-60 मे जो सुधार किए गए हैं, उनके द्वारा बहु श्रेणी अनुदान (मल्टि ग्रेड इन्स्ट्रक्शन) की व्यवस्था की गई है, जिसका प्रयोजन तकनीकी अर्हताओं की विभिन्न श्रेणियों को तैयार करना है।

पहली श्रेणी मोटे तौर पर उच्चतर शिक्षा के कालिजों के बराबर होती है और उच्चतर तकनीकज्ञों को प्रशिक्षित करती है। यदि वे विश्वविद्यालय अध्ययन के दूसरे चरण मे पूर्णकालिक रूप मे व्यस्त नहीं रहते है, तो उद्योग मे जिम्मेदार पद पर रोजगार प्राप्त करके राष्ट्र के लिए तुरत अपना अशदान दे सकते हैं। फिर उनके पास बाह्य या अशकालिक आधार पर अपने अध्ययन को जारी रखने का विकल्प भी प्राप्त होता है। पहली श्रेणी मे 2 या 3 वर्ष के पूर्णकालिक अध्ययन की आवश्यकता पड़ती है।

पिछले 50 वर्षों के दौरान, वर्ग, प्रजाति, स्त्री या पुरुष होना, पथ के वे अवरोधक, जो अनेक विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने में रुकावट डाला करते थे, अब धीरे-धीरे समाप्त हो गए हैं। अन्तिम अवरोधक, जिसके अवशेष अब भी अनेक देशों में दिखाई देते हैं, वह है जिसके द्वारा चिरसम्मत, आधुनिक या वैज्ञानिक शिक्षा प्राप्त किए हुए छात्रों की तुलना में "तकनीकी" शिक्षा प्राप्त किए हुए या कर रहे छात्र के रास्ते में अपेक्षाकृत अधिक कठिनाइयां प्रस्तुत होती हैं।

यह अभिवृत्ति अभी भी बहुत दिखाई देती है। इसने सबसे पहले महान शिल्प-वैज्ञानिक संस्थाओं को विश्वविद्यालय की परिधि से बाहर रखा (उदाहरण के लिए, जर्मनी के संघीय गणतन्त्र, स्कैंडिनेविया, स्विट्ज़रलैंड और नीदरलैंड्स के टेक्नीशे होशशूलेन और फ्रांस के ग्रांद एकोल)। इस अभिवृत्ति के फलस्वरूप यूनाइटेड किंगडम जैसे अन्य देशों में विश्वविद्यालयों में शिल्प-विज्ञान संकायों के बनने में देरी हुई, या उनकी संख्या अपर्याप्त बनी रही, या इसके कारण शिल्पवैज्ञानिक संस्थानों ने चिरसम्मत प्रकार के ज्ञान प्रधान माध्यमिक स्कूल के छात्रों को तरजीह दी। अतएव, इसी अभिवृत्ति के फलस्वरूप एक नए प्रकार की संस्था, तकनीकी कालिज, और अभी हाल में उच्च शिल्प-विज्ञान कालिज की स्थापना की गई। इन नए संस्थानों में अवसर भर्ती का क्षेत्र अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत है और इनमें उपस्थिति के अंशकालिक या सातराल (सैंडविच) आधार पर अध्ययन की व्यवस्था की जाती है।

तकनीकी शिक्षा की वृद्धि और तकनीकी स्कूलों के पास छात्रों की अग्रिम शिक्षा के रास्ते के अवरोधक अब टूट चुके हैं। अनेक देशों में 'दूसरा रास्ता' कहलाने वाले शिक्षा के रास्ते या रास्तों से आने वाले व्यक्तियों की उत्तरोत्तर बढ़ती संख्या के साथ विश्वविद्यालयों को मजबूरन समझौता करना पड़ा है। इस अध्याय का मुख्य विषय इसी "दूसरे रास्ते" का अर्थ, उसकी संभावनाएं और बढ़ता हुआ विकास है। परन्तु, दूसरे रास्ते को उसके उचित परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए, "पहले रास्ते' की एक संक्षिप्त समीक्षा आवश्यक है।

जैसा कि पहले कहा गया था, "पहले रास्ते" वाला छात्र सामान्य माध्यमिक स्कूल में से गुजरता है, जो उसको परापरागत विश्वविद्यालय में उच्चतर अध्ययन के लिए तैयार करता है। इस साधन से राष्ट्र के वयोवर्ग के लगभग 7 प्रतिशत व्यक्तियों को विश्वविद्यालय डिग्री प्राप्त होती है। इनमें से कुछेक को छोड़कर अन्य छात्र शिल्पवैज्ञानिक अध्ययन के इच्छुक नहीं होते, क्योंकि दाखिले की विधि सामान्यतः अपेक्षाकृत अधिक ज्ञानप्रधान रुझान के छात्रों के लिए अधिक लाभपूर्ण रहती है। जिन माध्यमिक स्कूलों में तकनीकी पाठ्यक्रमों की व्यवस्था थी, उनमें भी शायद ही कभी संबंधित वयोवर्ग के 20 प्रतिशत छात्रों

चौथा अध्याय

उच्चतर शिल्पवैज्ञानिक शिक्षा में प्रवेश-पथ

'दूसरा रास्ता'

'इंजीनियर' या 'शिल्पवैज्ञानिक' शब्द उन व्यक्तियों के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं, जो ऐसे धंधों में काम करते हैं, जिनके लिए विश्वविद्यालयों या उच्च शिक्षा की समान संस्थाओं में उपयुक्त विज्ञानों में शिक्षा प्राप्त करना सरकारी तौर या पारंपरिक रूप से मान्य है, धंधों के इस स्तर पर अनुसंधान, विकास, संगठन, आयोजना और उत्पादन जैसे कार्यकलाप आएंगे।'[1]

प्रत्येक देश में उच्चतर शिल्पवैज्ञानिक शिक्षा के लिए क्या-क्या व्यवस्थाएं हैं, उन पर विस्तारपूर्वक चर्चा करना इस पुस्तक के विषय-क्षेत्र से बाहर की बात है। परन्तु तकनीकी शिक्षा के निम्न स्तरों से पूर्ण प्रोफेशनल इंजीनियर की प्रस्थिति तक पहुंचने के लिए आजकल कौन-कौन से रास्ते उपलब्ध हैं, यह इस पुस्तक का चर्च्य विषय अवश्य है। इस क्षेत्र में हाल ही के विकास यूनेस्को सामान्य सम्मेलन के बारहवें सत्र में पारित सिफारिशों की भावना के द्योतक हैं। उस सत्र में सिफारिश की गई थी कि "तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा का संगठन इस प्रकार किया जाना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति तब तक अपनी शिक्षा जारी रख सके, जब तक कि उसकी क्षमताओं का पूर्ण विकास न हो जाए। *तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के किसी एक क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों* में स्थानान्तरण संभव होना चाहिए और तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और सामान्य शिक्षा के सभी स्तरों के रास्ते किसी भी सुयोग्य व्यक्ति के लिए खुले होने चाहिए। ऐसी पहुंच को संभव बनाने के लिए उचित उपाय किए जाने चाहिए।"[2]

---

1 यूनेस्को के बारहवें सत्र में सामान्य सम्मेलन द्वारा तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में सिफारिश, पेरिस, 1962, पैराग्राफ 2 (घ), अंग्रेजी, स्पैनिश, फ्रांसीसी और रूसी में पाठ।

2 यूनेस्को के बारहवें सत्र में सामान्य सम्मेलन द्वारा तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में सिफारिश पेरिस 1962, पैराग्राफ 2 (घ), अंग्रेजी, स्पैनिश, फ्रांसीसी और रूसी में पाठ।

जिसके द्वारा उसको अपने सदस्यों को प्रशिक्षित और शिक्षित करने का अर्ध-विधिक प्राधिकार प्राप्त हो गया था। सन् 1920 में, इस आदोलन के द्वारा शिक्षा मत्रालय एक या अधिक प्रोफेशनल सस्थाओ के साथ साझेदारी मे शामिल हो गया और 'राष्ट्रीय प्रमाणपत्र' नामक अर्हताओं की स्थापना हुई और तकनीकी कालिजों में अशकालिक पाठ्यक्रमो का आयोजन किया गया। इन पाठ्यक्रमों और अर्हताओं की सह-सदस्यता के लिए परीक्षा अपेक्षाओ के एक बडे भाग के लिए छूट प्राप्त है। सह-सदस्यता से परीक्षा में सफल व्यक्ति को पूर्ण प्रोफेशनल इंजीनियर के रूप में प्रेक्टिस करने का प्राधिकार प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार एक 'दूसरा रास्ता' पैदा हो गया, जिसका सामान्यत अत तकनीवज्ञ प्रस्थिति पर और कभी-कभार उच्चतर तकनीवज्ञ स्तर पर होता था। बहुत थोड़े व्यक्ति, लगभग 5 प्रतिशत, शिक्षुता प्रस्थिति से पूर्ण व्यावसायिक अर्हता तक का सारा रास्ता पार कर जाते हैं।

संयुक्त राज्य अमरीका और सोवियत सघ में तकनीकी सस्थानो और टैक्निकमों के द्वारा मध्यस्तर की तो व्यवस्था कर दी गई थी, परन्तु अभी हाल ही के वर्षो तक इन संस्थानों के माध्यम मे किसी विश्वविद्यालय या उसके तुल्य संस्थान में पहुचने का रास्ता नहीं प्राप्त होता था।

इसके साथ ही, लोकतन्त्र के सामान्य सिद्धान्त, ऊपर उद्धृत यूनेस्को सामान्य सम्मेलन सिफारिश मे निरूपित प्रस्ताव का समर्थन करते थे। वह प्रस्ताव था कि किसी भी व्यक्ति की उम्र, उसके साधनो की कमी, या उसके जीविकोपार्जन में लगे होने के कारण उस व्यक्ति के अतिम प्रोफेशनल अर्हता प्राप्त करने में कोई पाबदी नहीं होनी चाहिए। इस ढग से अशकालिक कक्षाओ, पत्राचार पाठ्यक्रमों और कामगरो के शैक्षिक आदोलन में छात्रो की सख्या विशाल हो हो गई। इस स्वरूप और दर्शन की पहले-पहल स्थापित सस्थाओ में से सन् 1794 में पेरिस में स्थापित कान्जर्वात्वार नासियोनाल देजार्त ए मेतिएर थी, जिसकी आजकल सारे फ्रांस भर में शाखाए हैं। हाल में यह आन्दोलन कूर द प्रोमोसीयो द्यू त्रावाए या कूर द प्रोमोसीयो सोसयाल के नाम से मशहूर हो गया है और अतिम अर्हता, दीप्लोमा दाजेनज और अनेक तकनीवज्ञ स्तरो पर सफल हो रहा है।

सयुक्त राज्य अमरीका में दूसरे रास्ते का विकास इतना स्पष्ट नहीं था। इसके कारण थे, हाई स्कूल को पास करने वाले छात्रों की बड़ी सख्या (इस समय यह सख्या यूरोप में 15-20 प्रतिशत के मुकाबले में 62 प्रतिशत है) का होना और कालिज में प्रवेश मिलना कहीं अधिक आसान होना। प्रवेश के अपेक्षाकृत निम्न स्तरों के होने और अशकालिक रोजगार के द्वारा कालिज में अपना गुजारा करने की अपेक्षाकृत अधिक सभावनाओ के होने के कारण भी सयुक्त राज्य

मांग करने में सदैव ही बड़े दृढ़ रहे हैं। स्वीडन का "स्टूडेंट एक्ज़ामेन" उच्च अपेक्षाओं का एक उदाहरण है। इन अपेक्षाओं की तुलना अमरीका के जूनियर कालिज के 2-वर्षीय पाठ्यक्रम (सहचर) डिग्री की गृहज्ञान प्रधान उपलब्धि से की जा सकती है।

इस प्रकार, शिल्प (कुशल कामगर) और तकनीकज्ञ स्तरों से संबंधित पहले-पहल के तकनीकी स्कूलों के छात्र, होशयूक्ष में प्रवेश पाने की संभावना से पूर्णतया पृथक्कृत थे, क्योंकि उनके पास आवश्यक माध्यमिक 'परिपक्वता' अर्हता नहीं हुआ करती थी। उदाहरण के लिए, इटली में इंस्टिट्यूटो टैक्निको को अपने छात्रों को विश्वविद्यालयों के इंजीनियरी संकायों में भेजने की अनुमति मिले हुए अभी केवल 3 ही वर्ष हुए हैं। इस प्रकार, विश्वविद्यालय सक्रिय जनसंख्या के छोटे से भाग (10 प्रतिशत) को छोड़कर अन्य शेष भाग से अलग-थलग हो गए थे। यह स्थिति, विशेष कर शिल्पविज्ञान के लिए अवांछनीय थी। सदैव ही, विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या, भावी आवश्यकताएं पूरी करने की दृष्टि से, बहुत ही कम रही है और साथ ही तकनीकज्ञ अर्हताओं के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे व्यक्तियों में से अनेक ऐसे व्यक्ति भी रहे हैं, जो पूर्ण इंजीनियर स्तर तक ऊंचे उठ सकते थे और इस प्रकार स्वयं ख्याति प्राप्त कर सकते थे और देश को भी लाभ पहुंचा सकते थे।

उद्योग के संसार में पहली बार अपने कदम रखने वाले और विश्वविद्यालय स्तर तक औद्योगिक शिक्षा की आवश्यकता रखने वाले किसी भी विकासमान देश के लिए अपनी जनसंख्या के इतने छोटे भाग पर अपने विश्वविद्यालय तंत्र का निर्माण करने की आवश्यकता नहीं है और संभवतः उसको ऐसा करना भी नहीं चाहिए। इस दूसरे रास्ते का उपयोग करके और उसके साथ पुराने परंपरागत रास्तों का सामंजस्य बिठाकर कोई भी विश्वविद्यालय जनसाधारण का वास्तविक विश्वविद्यालय बन सकता है।

कायांतरण अभी भी अपनी प्रारंभिक अवस्थाओं में है। अक्सर प्रशासक और शिक्षाविद इस परिवर्तन की बढ़ती हुई विशालता और नई सामाजिक संरचना के लिए इस परिवर्तन के महत्व से अनभिज्ञ हैं। नए रास्ते शिल्पवैज्ञानिक अध्ययनों के लिए विशेषकर उपयुक्त और मूल्यवान हैं, परन्तु कृषि जैसे अन्य क्षेत्रों में भी इनको इस्तेमाल किया जा सकता है। वर्ष दर वर्ष और देश दर देश, दूसरे रास्ते के बीच की बची-खुची अड़चनें हटाई जा रही हैं और इस प्रकार उन व्यक्तियों के लिए सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने का साफ रास्ता प्राप्त हो रहा है, जिनके लिए परंपरागत 'सिद्धांत-प्रथम और व्यवहार बाद में' के क्रम की अपेक्षा 'व्यवहार पहले और सिद्धांत बाद में' वाला क्रम अधिक अनुकूल है। विभिन्न देशों में इस समय हो रहे विकास के अध्ययन से पता

सुधार किस प्रकार कार्यान्वित किया जा रहा है।

चेकोस्लोवाकिया

"किसी भी अपर्याप्त रूप से शिक्षित व्यक्ति के होने का अर्थ समाज को भारी हानि है।" यह एक आस्था की बात है और इसको युवा कामगरों के लिए माध्यमिक स्कूलों या पत्राचार पाठ्यक्रमों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। इसके द्वारा सभी के लिए उच्चतर शिक्षा की संभावनाएं खुल जाती हैं। कामगरों के स्कूल अंशकालिक पाठ्यक्रमों की सुविधा प्रदान करते हैं, जिनका समापन पूर्ण माध्यमिक शिक्षा की परिपक्वता परीक्षा में होता है। इसके अतिरिक्त, विशेषीकृत माध्यमिक व्यावसायिक शिक्षा और तत्पश्चात् उच्च शिक्षा के लिए वरण के माध्यम से एक तीसरा रास्ता भी उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय में या शिल्पवैज्ञानिक संस्थान में, उच्च शिक्षा का अधिगम अंशकालिक अध्ययन के द्वारा भी उपलब्ध है। इसके लिए नियोक्ता एवं कर्मचारी को कार्यकारी घंटों में घटौती की मजूरी दे देती है।

इस प्रकार, उच्चतर शिक्षा में पदार्पण करने वालों के लिए, ज्ञानप्रधान माध्यमिक स्कूल छात्रों की पूर्ति के अनेक स्रोतों में से केवल एक, यद्यपि अभी भी सबसे ज्यादा सीधा, स्रोत है।

फ्रांस

सन् 1946 में, उस समय के ज्ञानप्रधान बाकालोरिया के एक ऐच्छिक विकल्प के रूप में बाकालोरिया तकनीक का प्रारंभ किया गया। बाकालोरिया तकनीक होने पर छात्र उन कक्षाओं में दाखिला ले सकता है, जिनमें पढ़ कर वह थर्ड ऍकोल की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर सकता है। थर्ड ऍकोल में, डीप्लोमा द'इंजेनर की प्राप्ति के लिए शिल्पवैज्ञानिक विषय पढ़ाए जाते हैं। जिन स्कूलों को किसी समय एकोल नासिओनाल प्रोफेसिओनैल कहा जाता था और आजकल लिसे तकनीक कहा जाता है, उनमें बाकालोरिया तकनीक के लिए छात्रों को तैयार किया जाता है जोकि पूर्ण इंजीनियर प्रशिक्षण के लिए आवश्यक होता है। अभी हाल ही में, सरकारी तौर पर ब्रवे द तकनीसियन और ब्रवे द तकनीसियन सुपीरियर को बाकालोरिया तकनीक की तुल्यता प्रदान की गई है। इस प्रकार, छात्र कुछ विशेष स्थितियों में, तैयारी कक्षाओं में भाग ले सकता है, जो उसको ग्रांद ऍकोल में उच्चतर अध्ययन के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए [illegible]

हैं। कुछ विश्वविद्यालयों में, बाकालोरिया तकनीक में स्वतंत्र रूप से छात्रों को इन कार्यक्रमों में से भर्ती करने और उद्योग और अन्य स्रोतों से आर्थिक सहायता के साथ पूर्णकालिक उपस्थिति प्रदान करने की व्यवस्था है। इस प्रकार के पथ प्रदर्शक विश्वविद्यालयों में से लिली और ग्रेनोबल के विश्वविद्यालय प्रख्यात हैं।

जर्मन संघीय गणतंत्र

यद्यपि जर्मन संघीय गणतंत्र और स्विट्जरलैंड, टैक्निकम या इंजीनियरशूल में उपस्थिति के द्वारा प्राप्त होने वाले *तकनीकज्ञ स्तर को मान्यता प्रदान करने* वाले पहले कुछ देशों में से थे, तथापि शुरू-शुरू में टेक्नीशे होशशूल में आने की संभावना यदि थी, तो बहुत ही थोड़ी थी। अब स्थिति यह है कि इंजीनियरशूल (या उसके बराबर) का कोई विशेष रूप से सफल छात्र होशशूल राइफे या फाकउल्टार स्टाइफे प्राप्त कर सकता है और टेक्निशे होशशूल में आगे बढ़ सकता है, चाहे उसने मूलत: अपने माध्यमिक स्कूल में अबिटूर प्राप्त किया हो या चाहे न किया हो।

इससे निम्नतर अवस्था पर, 14 या 15 वर्ष की उम्र पर फोकशूल को पास कर लेने के पश्चात् कोई भी छात्र-बेरूफशूल बेरूफआउफबाउशूल और शिक्षुता में से गुजर कर फाखशूल राइफे प्राप्त कर सकता है, जिसके द्वारा इंजीनियर शूल के स्तर पूरे हो जाते हैं। उसके और आगे छात्र होशशूल में पढ़ाई जारी रख सकता है। यह महायुद्ध के बाद के वर्षों का ज्वाइटे बिल्डुंग-स्वेग (दूसरा रास्ता) है। एक भिन्न रास्ता इंस्टिट्यूट जूर ऐरलांगुंग डेर होशशूल राइफे नामक विशेष पूर्णकालिक कालिजों की स्थापना है। इनमें 2 या अधिक वर्षों की पूर्णकालिक उपस्थिति या उसके तुल्य अंशकालिक उपस्थिति के पश्चात्, वयस्क व्यक्ति अबिटूर प्राप्त कर सकते हैं और इस प्रकार विश्व-विद्यालय में प्रवेश पा सकते हैं।

इटली

विश्वविद्यालय स्तर की उच्च शिल्पवैज्ञानिक शिक्षा, अनेक विश्वविद्यालयों के इंजीनियरी संकायों में और मिलान, ट्यूरिन और वेनिस के पालिटैक्निक संस्थाओं में उपलब्ध है। इस शिक्षा के पाठ्यक्रमों की अवधि 5 वर्ष होती है। पहले प्रवेश उन्हीं उम्मीदवारों तक सीमित होता था जिन्होंने लिसेओ क्लासिको या लिसेओ साइंटिफिको में चिरसम्मत या आधुनिक विषयों में पूर्ण माध्यमिक शिक्षा प्राप्त कर लेने के पश्चात् मेचोरिटा डिप्लोमा प्राप्त कर ली होती थी। 21 जुलाई, 1961 से, इन्स्टिट्यूटी टैक्निकाई से एबिलिटाजिओन टैक्निका डिप्लोमा प्राप्त करके आने वाले छात्रों के लिए विश्वविद्यालय के संबंधित तकनीकी संकायों में प्रवेश खोल

कर एक दूसरा रास्ता खोल दिया गया है। 1963 के शैक्षिक सुध
पुष्टि कर दी और जिन सकायों में प्रवेश लिया जा सकता है, उनकी
कुछ वृद्धि भी कर दी।

परन्तु फिर भी इस्टिचूटो टेक्निको एक ऐसा पूर्णकालिक माध्य
है, जिसमें 14 और 19 वर्षों के बीच के छात्रों को शिक्षा दी जाती
डिप्लोमा (ऐबिलिट्याजोन टैक्निका) आमतौर पर किसी अन्य प्रक
नहीं किया जा सकता है। अभी तक अंशकालिक कक्षाओं का कोई ऐ
तंत्र स्थापित नहीं किया गया है, जिसके द्वारा अपना जीविकोपार्जन क
कोई भी वस्तुत योग्य व्यक्ति स्कूला टैक्निका या इस्टिचूटो प्रो
निम्न स्तरों से प्रारंभ करके पूर्ण प्रोफेशनल अर्हता प्राप्त कर सके, जैसे
अनेक देशों में व्यवस्था है। परन्तु आजकल तकनीकज्ञ स्तर के लिए
पाठ्यक्रमों का विकास किया जा रहा है।

यद्यपि विरसम्मत लीसिओ के मेचोरिटा से छात्र विश्वविद्यालय
सकायों में प्रवेश ले सकते हैं, और वैज्ञानिक मेचोरिटा से भाषा, दर्शन अ
को छोड़कर अन्य सभी सकायों में प्रवेश मिल सकता है, तथापि वही
पाठ्यक्रम होने के बावजूद ऐबिलिट्याजोन टैक्निका डिप्लोमा
(1961 से) केवल इंजीनियरी गणित और विज्ञान सकायों में और कु
के लिए सांख्यिकी और भाषाओं में ही प्रवेश प्राप्त करना सम्भव होता है

सब कुछ होने पर भी इस्टिचूटो टैक्निको का संबंध विश्ववि
साथ और विशेष कर विश्वविद्यालय प्रस्थिति के पालिटैक्निक संस्थानों
जोड़ देने की दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है। विश्वविद्यालय स्तर
छात्र संख्या के अनुपात रूप में, अंशकालिक अध्ययनों के छात्रों की
भी वृद्धि हो रही है, परन्तु अभी 'लॉरिया'' की अर्हता इस ढंग से प्राप्त
जा सकती है।

नीदरलैंड्स

शुरू में, डैल्फ्ट में स्थित शिल्पवैज्ञानिक विश्वविद्यालय ही, विश्ववि
स्तर पर शिल्पवैज्ञानिक अध्ययनों का एक मात्र केन्द्र था और उसमें उ
माध्यमिक स्कूलों—जिम्नाजियम, लाइसियम और होगेरेबर्ग स्कूल (एच
एम०)—के ही छात्रों को प्रवेश मिला करता था। अब इस प्रकार की
संस्थाएं हैं। दूसरी सन् 1957 में आइन्डहोवन में स्थापित की गई और
सन् 1961 में ट्वेन्टे प्रदेश में स्थापित की गई थी।

सन् 1952 से होगेरे टेक्निशे स्कोलेन (एच० टी० एस०) से भी
वैज्ञानिक विश्वविद्यालय में दाखिला सम्भव हो गया है। इन स्कूलों के

हैं, जिन्होंने अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी कर ली हो। इनमें से बहुत बड़ी संख्या उनकी होगी, जिन्होंने टेक्निकमो मे शिक्षा पाई होगी। चूंकि, माध्यमिक शिक्षा को 8-वर्षीय स्कूल के समापन के पश्चात्, अंशकालिक उपस्थिति बाह्य अध्ययन के द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है (सन् 1961 मे माध्यमिक प्रमाणपत्रों की कुल संख्या का 37.5 प्रतिशत इसी प्रकार प्राप्त किया गया था), दूसरा रास्ता 15 वर्ष की उम्र पर स्कूल छोड़ने से लेकर विश्वविद्यालय स्तर की अर्हता तक निरन्तर चलता है। जैसा कि तीसरे अध्याय में विशेषीकृत माध्यमिक शिक्षा के संबंध मे बताया गया है, उच्च शिक्षा में ऐसे अंशकालिक छात्रों के लिए सुविधाएं और अनुदान उपलब्ध हैं।

भविष्य की योजनाओं में ऐसे उपाय शामिल हैं, जिनका उद्देश्य अंशकालिक अध्ययनों की प्रोन्नति करना है। इन प्रस्तावों में कार्य के घंटों में कमी करना, अपेक्षाकृत अधिक अच्छे आवासों, निःशुल्क परिवहन और सामाजिक सेवाओं की व्यवस्था करना शामिल हैं।

आजकल सांध्यकालीन और पत्राचार अध्ययनों में विशेषज्ञता वाले 30 कालिज चल रहे हैं और 900 से भी अधिक कालिज दिवा-उपस्थिति संस्थाओं के विस्तार के रूप में कार्य कर रहे हैं। ऐसे अंशकालिक छात्रों की कुल संख्या अब 15 लाख है। प्रयोगशाला कार्य और अंतिम डिप्लोमा परियोजनाओं के लिए छोटी अवधियों की उपस्थिति की एक संगठित योजना द्वारा, इन प्रयोजनों के लिए मजदूरियां मिलना सुनिश्चित कर दिया गया है।

युनाइटेड किंगडम

युनाइटेड किंगडम में बहुत लम्बे अरसे से उच्चतर शिल्पवैज्ञानिक शिक्षा की व्यवस्था विश्वविद्यालयों और तकनीकी कालिजों दोनों में ही रही है। यूरोप के अन्य भागों से भिन्न, यहां विश्वविद्यालयों ने शिल्पविज्ञान को विधिमान्य शैक्षिक विषय के रूप में स्वीकार किया और उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक युनाइटेड किंगडम के अनेक विश्वविद्यालयों में शिल्पविज्ञान के संकायों की स्थापना हो चुकी थी। इनमें से एक संकाय, लंदन विश्वविद्यालय के संकाय, में डिग्रियों के लिए बाह्य अध्ययन की अनुमति थी, ऐसा बाह्य अध्ययन पूरी तरह से निजी, पत्राचार के द्वारा, या किसी सीनियर तकनीकी कालिज में पूर्णकालिक या अंशकालिक पाठ्यक्रमों की उपस्थिति के द्वारा हो सकता था। बाद में इस शताब्दी के चौथे दशक में, किसी मान्यता प्राप्त कालिज में किसी न किसी प्रकार की वास्तविक उपस्थिति, विशेषकर शिल्पवैज्ञानिक अध्ययनों के लिए, अनिवार्य हो गई। सन् 1955 में, विश्वविद्यालय स्तर का कार्य कर रहे इन बड़े कालिजों को शिक्षा मंत्री ने अनुमोदन दे दिया। बाद में, शिल्पवैज्ञानिक

है और यदि किसी भी प्रकार ऐसा प्रवेश मिलने की स्थिति होती तो भी अत्यधिक असाधारण छात्रों को छोड़कर, अन्य छात्र पूरे 5-वर्षीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम को पूर्ण रोजगार के साथ-साथ निभा नहीं सकते।

स्वीडन में शिक्षा के स्तर ऊंचे हैं और यद्यपि यह तथ्य अपने आप में प्रशंसनीय है, इस तथ्य के कारण दूसरे रास्ते को खोलना कठिन हो गया है। इसलिए, आज कल व्यावहारिक रूप में फाकस्होल इ जेनजोर के स्तर पर दूसरे रास्ते का छोर आ जाता है। यदि किसी छात्र के वित्तीय साधन इतने अच्छे हैं कि वह रोजगार को छोड़कर फिर से पूर्णकालिक अध्ययन प्रारंभ कर दे, तो बात अलग है।

सन् 1962 के शिक्षा सुधार अधिनियम में, पूर्णकालिक और अंशकालिक अध्ययन कार्यक्रमों की स्थापना द्वारा स्कूल के बाद आगे की शिक्षा के विस्तृत सुअवसरों की योजना थी। जब ये योजनाएं कार्यान्वित हो जाएंगी, तब दूसरे रास्ते की वर्तमान सीमाओं के आगे भी उसका विस्तार हो जाएगा।

सोवियत समाजवादी गणतंत्र संघ

सन् 1958 के कानून का उद्देश्य स्कूल और देश के आर्थिक जीवन के बीच की कड़ियों को मजबूत बनाना है और सोवियत संघ के सार्वजनिक शिक्षा तंत्र की इस नियमावली का विकास करना है कि 15 वर्ष की उम्र से ऊपर के किसी भी शिक्षा रूप के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण और या उत्पादी रोजगार के साथ निकट का सम्पर्क होना आवश्यक है। इस प्रकार सोवियत संघ में दूसरा रास्ता ही पहला रास्ता बन गया है। आज कल संख्या की दृष्टि से अध्ययन के विभिन्न अंशकालिक या बाह्य रूप समग्र प्रकार के अध्ययनों का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण भाग हैं कुल छात्र संख्या के 50 प्रतिशत से भी अधिक छात्र इसी प्रकार से दाखिल हैं।

उच्चतर शिक्षा की किसी भी संस्था में दाखिला प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा होता है और उन उम्मीदवारों को तरजीह दी जाती है, जिन्होंने पहले दो सालों तक कहीं काम किया हो, और टॅक्निकम के छात्रों के मामले में जिन्होंने पहले तीन सालों तक कहीं काम किया हो। परन्तु, फिर भी, विशेषीकृत माध्यमिक शिक्षा की राज्य परिषद (टॅक्निकम) के निदेशों के अनुसार, टॅक्निकमों की स्टाफ बैठकों को अधिक से अधिक 5 प्रतिशत सबसे अच्छे छात्रों को टॅक्निकम से किसी विश्वविद्यालय या पोलिटॅक्निक संस्थान में सीधे ही भेजने के लिए नामित करने का अधिकार प्राप्त है।

उच्च शिक्षा के माध्यमकालीन और बाह्य रूपों में, सोवियत संघ के वे सभी नागरिक अपने उत्पादी रोजगार में काम करने के साथ-साथ दाखिला ले सकते

होता है और उसकी मजदूरी सम्पूर्ण अवधि-कालिज और कारखाना—के लिए फर्म द्वारा अदा की जाती है, तो उस छात्र को 'कारखाना-आधारित' छात्र कहा जाता है। 'कालिज आधारित' दशाओं के अधीन, छात्र को कालिज उपस्थिति के दौरान किसी न किसी प्रकार का शैक्षिक अनुदान या छात्रवृत्ति मिलती है और उसके औद्योगिक रोजगार के दौरान थोड़ी मजदूरी दी जाती है। यह योजना इन दोनों प्रकारों में से किसी एक प्रकार तक सीमित नहीं हैं परन्तु दोनों ही के लिए है जैसा कि निम्नलिखित आंकड़ों (मार्च 1964) से पता चलता है —

	पहला वर्ष	दूसरा वर्ष	तीसरा वर्ष	चौथा वर्ष	पांचवा वर्ष	जोड़
कालिज आधारित	1495	977	533	337	—	3342
कारखाना आधारित	1716	1390	1251	980	39	5376
जोड़						8718

इन 8,,718 छात्रों में 276 महिलाएं भी शामिल थी, जिनमें से 27 इंजीनियरी में और 249 अन्य शिल्पवैज्ञानिक अध्ययनों में दाखिल थीं। इन अध्ययनों में दाखिला लेने वाले कुल छात्रों में से 22 2 प्रतिशत छात्र साधारण राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र अर्हता के साथ अंशकालिक अध्ययन से होकर आए थे।

1963[1] में ब्रिटेन के विश्वविद्यालय शिक्षा मंत्रालय के नियंत्रण में नहीं थे। जबकि स्कूलोत्तर शिक्षा के अन्य रूप शिक्षा मंत्रालय के नियंत्रण में थे। आज स्थिति यह है कि आतंरिक विश्वविद्यालय डिग्रियों के द्वारा जितने छात्र उच्चतर शिल्प वैज्ञानिक प्रोफेशनल अर्हताएं प्राप्त करते हैं, उतने ही छात्र या उससे भी अधिक छात्र निम्नलिखित विधियों से प्राप्त करते हैं: उच्च शिल्पविज्ञान कालिजों में शिल्पविज्ञान में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के माध्यम से, निजी या अंश-कालिक अध्ययन से लंदन बाह्य डिग्रियों के माध्यम से, व्यावसायिक संस्थाओं की परीक्षा के द्वारा सहसदस्यता अर्हताओं के माध्यम से, उच्चतर राष्ट्रीय प्रमाणपत्रों या डिप्लोमाओं के माध्यम से, जिनमें व्यावसायिक संस्थाओं की परीक्षा की आंशिक या पूरी ही छूट मिल जाती है।

उच्चतर शिल्पविज्ञान अर्हता के ब्रितानी तंत्र का विशिष्ट लक्षण, पूर्ण प्रोफेशनल अर्हता तक पहुंचाने वाले विभिन्न रास्तों की संख्या है। यद्यपि पूर्ण-कालिक विश्वविद्यालयीन रास्ते की उच्च परम्पराओं और प्रतिष्ठा में अभी भी

1 सन् 1964 में अधिनियमित एक सुधार के द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान तथा शिक्षा और विज्ञान के सैक्रेटरी आफ स्टेट के नियंत्रण में आ गया है।

लगभग सभी व्यक्ति ऐसे कालिजों में पहले से ही पूर्णकालिक उपस्थिति में हैं।

चूंकि जनसंख्या का 62 प्रतिशत से भी अधिक हाई स्कूल से पास करके बाहर आता है, उच्चतर शिल्पवैज्ञानिक अर्हता के किसी भी अंशकालिक या वैकल्पिक रास्ते के हाई स्कूल स्तर से प्रारंभ होने में कोई अनौचित्य नहीं है। जो हाई स्कूल भी पास नहीं कर पाए हैं उनमें से शायद ही कोई किसी भी अन्य रास्ते से विश्वविद्यालय डिग्री स्तर तक पहुंच सकता है। परन्तु फिर भी, हाल ही के अधिनियमों (देखिए पहला अध्याय) के द्वारा अब बेरोजगार या अपूर्ण शिक्षित युवाओं को तकनीकज्ञ स्तर तक प्रशिक्षित करने के पाठ्यक्रम स्थापित किए गए हैं। कल्पना की जा सकती है कि कालान्तर में ये पाठ्यक्रम विकसित होकर राष्ट्रीय स्तर पर समन्वित दूसरा रास्ता बन जाएगे।

जूनियर कालिज में, दूरस्थ शहर या राज्य के विश्वविद्यालय के लिए प्रारंभिक तैयारी स्थानीय रूप से प्रदान की जाती है। इसमें डिग्री क्रेडिट पाठ्यक्रम के प्रथम दो वर्षों की पढ़ाई होती है, जिससे छात्र 4-वर्षीय कालिज के पूर्ण क्रेडिट में जा सकता है।

तकनीकी संस्थानों में, तकनीकज्ञ प्रकार के प्रमाणपत्रों और कभी-कभी सहचर डिग्रियों के लिए 2-वर्षीय सीमांतक पाठ्यक्रमों (टर्मिनल कोर्सेस) की व्यवस्था रहती है और उनके द्वारा 4-वर्षीय पाठ्यक्रमों में आंशिक क्रेडिटों सहित स्थानांतरण की भी सीमित संभावनाएं प्राप्त होती हैं। ऐसे तकनीकी संस्थानों की संख्या अधिक नहीं है।

कम्यूनिटी कालिजों में मध्य स्तर अर्हताओं (सहचर डिग्री) और या 4-वर्षीय कालिज को स्थानान्तरित हो सकने वाला 2-वर्षीय डिग्री क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए एक 2-वर्षीय यथा संबंधी टर्मिनल पाठ्यक्रम चलाया जाता है।

इनमें से कुछ कालिजों में अर्हता के वैकल्पिक साधन के रूप में सान्ध्यकालीन उपस्थिति की व्यवस्था है और कुछ कालिजों में घर पर अध्ययन की अनुमति दे दी जाती है। प्रत्येक राज्य अपने राज्य के विश्वविद्यालय को अपने ही आदर्शों के अनुरूप ढालने के लिए स्वतंत्र है। अनेक विश्वविद्यालय और कालिज राज्य के अनुमोदन या मान्यता के केवल सामान्य रूप के अधीन स्वतंत्र संस्थाएं हैं। इसलिए विभिन्न कालिजों के बीच प्रथाएं बहुत बड़ी सीमा तक अलग-अलग हैं।

यदि स्नातक स्तर के और सहचर डिग्री स्तर के शिल्पवैज्ञानिक प्रमाणपत्र अनुमोदित स्तर के हों, तो उन्हें प्रोफेशनल विकास की इंजीनियर परिषद प्रत्यायित कर देती है। इससे एकसमानता की कुछ मात्रा सुनिश्चित हो जाती है और इसके द्वारा किसी भी रूप में अंशकालिक उपस्थिति या पत्राचार पाठ्यक्रम की मनाही नहीं होती बशर्ते कि संतोषजनक स्तर बनाए रखे जाएं। किसी-किसी

[illegible] (उदाहरण के लिए [illegible] विद्यालय) [illegible] और 2 वर्ष [illegible] पाठ्यक्रम के दूसरे [illegible] की भी व्यवस्था रहती है।

यूगोस्लाविया

अनेक विश्वविद्यालय : बेलग्रेड, ज़ाग्रेब, ल्यूबल्याना, साराजेवो, स्कोप्ये और नोवी साद में विश्वविद्यालय के संकाय की व्यवस्था है और इनमें से अनेक विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त विभाग भी हैं। इनके अतिरिक्त, शारीरिक शिक्षा, प्रशासन, कला और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अनेक विशेषीकृत कालेज भी हैं। पहले इन विशेषीकृत कालेजों के स्तर का विश्वविद्यालय स्तर का होना अपेक्षित नहीं था, जिसका नतीजा यह होता था कि इन विशेषीकृत कालेजों में अपना पाठ्यक्रम पूरा करके विश्वविद्यालय में दाखिल होने की इच्छा रखने वाले छात्रों को नए सिरे से प्रारम्भ करना पड़ता था।

सन् 1960 के सुधार ने उच्च शिक्षा के इन दो पहलुओं के बीच की कड़ियों को मज़बूत बना दिया है। अध्ययन के दोनों ही स्तरों में, छात्र के प्रथम दो वर्षों में उसको पर्याप्त व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि यदि वह उस अवस्था पर ही छोड़कर अंशकालिक अध्ययन के द्वारा विश्वविद्यालय डिग्री के लिए अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहे तो भी वह उस अवस्था पर तकनीशियन स्तर के लिए उपयोगी हो जाए।

ज्ञानप्रधान माध्यमिक स्कूल या तकनीकी माध्यमिक स्कूल से पास कर लेने के पश्चात् या कुशल कामगारों में से सांध्यकालीन स्कूलों के रास्ते से उच्चतर शिक्षा के रास्ते अब खुले हुए हैं। इन उपायों का अच्छा असर पड़ा है और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 1956-57 में जो छात्र संख्या 61,545 थी, वह बढ़कर 1961-62 में 117 216 हो गई थी। 1961-62 की छात्र संख्या में 31,723 अंशकालिक छात्र भी शामिल थे और इनमें विश्वविद्यालयों और संबद्ध विशेषीकृत कालिजों दोनों के ही छात्र शामिल थे।

तकनीकज्ञ प्रशिक्षण को विश्वविद्यालय अध्ययनों की मुख्य धारा में समावेशित कर लेने से और उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के माध्यमिक स्कूलों की अर्हताओं में से दाखिला देने से शिक्षा के पैटर्न में बहुत सुधार हो गया है और अब इसमें अंशकालिक शिक्षा की एक विस्तृत प्रणाली की व्यवस्था है।

विश्वविद्यालय अध्ययनों के लिए पत्राचार पाठ्यक्रमों का इस्तेमाल अभी विकास की प्रारंभिक अवस्था में है, परन्तु उत्पादन रोजगार के साथ विशेष रूप से संबद्ध और अंशकालिक अध्ययनों के समवर्ती, दूसरे रास्ते के सिद्धांत की जड़ें

ही दृष्टियों से सुस्थापित और भली प्रकार सज्जित औद्योगिक संगठनों की आवश्यकता होती है।

अनेक योजनाओं की सफलता के लिए एक विशेष जनसंख्या-घनत्व आवश्यक होता है। इस घनत्व से कम घनत्व होने की स्थिति में अंशकालिक कक्षाएं आमतौर पर असंभव होती हैं, क्योंकि उस हालत में माध्यकालीन कक्षा में आने-जाने लायक दूरियों के भीतर जनसंख्या इतनी कम होती है कि ये कक्षाएं चलाना असंभवपूर्ण हो जाता है। ऐसी स्थिति में या तो पूर्णकालिक उपस्थिति की छोटी अवधियों (जिन्हें ब्लाक रिलीज कहा जाता है) और साथ में छात्रावास सुविधा की व्यवस्था की जानी चाहिए या पत्राचार पाठ्यक्रम, रेडियो या टेलीविजन विधियां इस समस्या की संभव हल होती हैं।

आमतौर पर, तकनीकिश स्तर की अर्हता रखने वाले व्यक्तियों की मांग विश्वविद्यालय स्तर को पूर्ण व्यावसायिक अर्हता रखने वालों की मांग से अधिक होती है। इसके दूसरी ओर, विश्वविद्यालय स्तर की अर्हता वाले व्यक्तियों का होना कभी कभी देश के जीवन और निश्चित रूप से देश की प्रतिष्ठा के लिए महत्वपूर्ण होता है। इन दोनों के बीच किस को अग्रता दी जाए यह एक कठिन निर्णय होने के कारण, दोनों ही अपेक्षाओं को एक ही संस्था में रखना (उदाहरणार्थ, मिल्वाकी स्कूल आफ इंजीनियरिंग, विसकोन्सिन, संयुक्त राज्य अमरीका या युगोस्लाविया के सुधार) एक आवश्यक विचार बन जाता है।

चूंकि संभव है कि विकासमान देशों में माध्यमिक शिक्षा के विकास की गति धीमी हो, उच्च शिल्पवैज्ञानिक अध्ययन में दाखिले का माध्यमिक शिक्षा के समापन पर आधारित होना अत्यधिक अव्यावहारिक भी हो सकता है। ऐसा होने पर उच्च शिल्पवैज्ञानिक अध्ययन में अधिक संख्या में छात्रों को दाखिला भी नहीं दिया जा सकता। इस स्थिति को निष्प्रभावित करने के लिए, और विश्वविद्यालय को छात्रों का एक नया स्रोत प्रदान करने के लिए, तकनीकी कालिज के सर्वोत्तम पूर्णकालिक छात्रों का परस्पर स्थानान्तरण एक लाभपूर्ण नई युक्ति हो सकती है।

अब शिक्षा के साधनों में फिल्म, रेडियो, टेलीविजन, माइक्रोफिल्म और अध्यापन मशीनें सभी शामिल हो गए हैं। अध्यापक और छात्र के बीच के व्यक्तिगत संपर्क के लगभग स्थानापन्न सुसंगठित पत्राचार पाठ्यक्रम, आस्ट्रेलिया का रेडियो स्कूल और टेलीविजन व्याख्यान हैं। उच्च शिल्पवैज्ञानिक शिक्षा के नवीन तत्वों का निर्माण इस ढंग से किया जाता है कि इन दृश्य-श्रव्य साधनों का पूरी तरह या आंशिक रूप में उपयोग हो।

नई विधियां स्वयं में प्रोत्साहन पैदा करने वाली हैं और परिवर्तन करने से मन में ऊब नहीं पैदा होती। परन्तु शैक्षिक परंपराओं में परिवर्तन लाना कठिन

होता है और नई प्रविधियों का स्वांगीकरण एक धीमा प्रक्रम होता है, विशेष रूप से जहाँ कहीं ऐसे स्वांगीकरण का व्यक्तिगत आदतों पर प्रभाव पड़ता हो। छात्रों की बढ़ती हुई संख्या और इसके ऊपर आवास और उपकरण प्रदान करने की लागत के फलस्वरूप कुछ अमरीकी कालिजों ने चार-चतुर्थांश प्रणाली अपना ली है। इस प्रणाली में प्रति वर्ष बारह-बारह सप्ताह के चार चतुर्थांशों में से छात्र आमतौर पर तीन-तीन चतुर्थांशों में उपस्थित रहता है और चौथा चतुर्थांश या तो दीर्घविकाश में या कार्य-अनुभव या दोनों में ही गुजारता है। इस ढंग से इमारतों या उपकरण पर अतिरिक्त पूंजीगत खर्च के बिना ही, अतिरिक्त 33 प्रतिशत छात्रों को *दाखिला दिया जा सकता है और स्टाफ के दीर्घविकाशों को भी* बचाया जा सकता है। इतना होने पर भी, इस प्रणाली का प्रचार अभी लगभग नहीं के बराबर है। परिवर्तन की अनिच्छा अधिक तीव्र है।

परंतु फिर भी, सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि जिस शैक्षिक प्रक्रम का संबंध *बुद्धिवादी अत्यधिक विशेषीकृत विशिष्ट वर्ग से बना हुआ करता था,* आधी शताब्दी के भीतर बदल कर उसी शैक्षिक प्रक्रम का संबंध अब जन साधारण से हो गया और अब 18 वर्ष की उम्र तक की कुल जनसंख्या के 90 प्रतिशत और 22 वर्ष की उम्र तक की कुल जनसंख्या के 40 प्रतिशत का अध्यापन किया जा रहा है। यह परिवर्तन *सबसे अधिक स्पष्ट रूप से संयुक्त राज्य अमरीका और* सोवियत संघ में दिखाई देता है। यही वह परिवर्तन है, जो अध्यापन तकनीकों और परीक्षा में परिवर्तन लाने के लिए मजबूर करता है।

ही दृष्टियों से सुस्थापित और सभी प्रकार सज्जित औद्योगिक संयंत्रों की आवश्यकता होती है।

अनेक योजनाओं की सफलता के लिए एक विशेष जनसंख्या-घनत्व आवश्यक होता है। इस घनत्व से कम घनत्व होने की स्थिति में अंशकालिक कक्षाएं आमतौर पर असफल होती हैं, क्योंकि उस हालत में सांध्यकालीन कक्षा में आने-जाने लायक दूरियों के भीतर जनसंख्या इतनी कम होती है कि ये कक्षाएं चलाना अलाभपूर्ण हो जाता है। ऐसी स्थिति में या तो पूर्णकालिक उपस्थिति की छोटी अवधियों (जिन्हें ब्लाक रिलीज कहा जाता है) और साथ में छात्रावास सुविधा की व्यवस्था की जानी चाहिए या पत्राचार पाठ्यक्रम, रेडियो या टेलीविजन विधियां इस समस्या को संभव हल होती हैं।

आमतौर पर, तकनीकज्ञ स्तर की अर्हता रखने वाले व्यक्तियों की मांग विश्वविद्यालय स्तर की पूर्ण व्यावसायिक अर्हता रखने वालों की मांग से अधिक होती है। इसके दूसरी ओर, विश्वविद्यालय स्तर की अर्हता वाले व्यक्तियों का होना कभी कभी देश के जीवन और निश्चित रूप से देश की प्रतिष्ठा के लिए महत्वपूर्ण होता है। इन दोनों के बीच किस को अग्रता दी जाए यह एक कठिन निर्णय होने के कारण, दोनों ही अपेक्षाओं को एक ही संस्था में रखना (उदाहरणार्थ, मिल्वाकी स्कूल आफ इंजीनियरिंग, विसकोन्सिन, संयुक्त राज्य अमरीका या युगोस्लाविया के सुधार) एक आवश्यक विचार बन जाता है।

चूंकि संभव है कि विकासमान देशों में माध्यमिक शिक्षा के विकास की गति धीमी हो, उच्च शिल्पवैज्ञानिक अध्ययन में दाखिले का माध्यमिक शिक्षा के समापन पर आधारित होना अत्यधिक अव्यावहारिक भी हो सकता है। ऐसा होने पर उच्च शिल्पवैज्ञानिक अध्ययन में अधिक संख्या में छात्रों को दाखिला भी नहीं दिया जा सकता। इस स्थिति को निष्प्रभावित करने के लिए, और विश्वविद्यालय को छात्रों का एक नया स्रोत प्रदान करने के लिए, तकनीकी कालिज के सर्वोत्तम पूर्णकालिक छात्रों का परस्पर स्थानान्तरण एक लाभपूर्ण नई युक्ति हो सकती है।

अब शिक्षा के साधनों में फिल्म, रेडियो, टेलीविजन, माइक्रोफिल्म और अध्यापन मशीनें सभी शामिल हो गए हैं। अध्यापक और छात्र के बीच के व्यक्तिगत संपर्क के लगभग स्थानापन्न सुसंगठित पत्राचार पाठ्यक्रम, आस्ट्रेलिया का रेडियो स्कूल और टेलीविजन व्याख्यान हैं। उच्च शिल्पवैज्ञानिक शिक्षा के नवीन तंत्रों का निर्माण इस ढंग से किया जाता है कि इन दृश्य-श्रव्य साधनों का पूरी तरह या आंशिक रूप में उपयोग हो।

नई विधियां स्वयं में प्रोत्साहन पैदा करने वाली हैं और परिवर्तन करने से मन में ऊब नहीं पैदा होती। परन्तु शैक्षिक परंपराओं में परिवर्तन लाना कठिन

ही तुरन्त पर्याप्त संख्या में सुप्रशिक्षित श्रमिक उपलब्ध हो जाएंगे। कुछ समय तक तो आर्थिक मंदी के कारण बेरोजगारी और कुछ देशों में तकनीकी संस्था के रूप में औद्योगिक स्कूलों की वृद्धि के फलस्वरूप, उद्योग प्रशिक्षित और कुशल श्रमिकों की अवश्यम्भावी कमी को टालने में समर्थ हो सका। इसी प्रकार बाद में हुआ। छोटी औद्योगिक फर्में, उन बड़ी औद्योगिक फर्मों से श्रमिकों को आकर्षित करके इस प्रशिक्षण की समस्या की ओर आंखें मूंद सकीं, जिन्होंने प्रशिक्षण सुविधाएं प्रारम्भ कर दी थीं।

कुछ देशों में, बेल्जियम इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण है, उद्योग में शिक्षुता ने कभी भी विशेष प्रगति नहीं की। इसका परिणाम यह हुआ कि उस देश के व्यावसायिक और तकनीकी स्कूलों (एकोल प्रोफेसीयोनेल बेरोफ्सोलेन और एकोल तकनीक, टेक्नीशे स्कोलेन) को ही उद्योगों की लगभग सम्पूर्ण मांग को पूरा करना पड़ता है। इसी कारण से, वे अपवादात्मक रूप से सुविकसित है और उनमें असाधारण बड़ी संख्या में दैनिक सुअवसर, तबादले और प्रोन्नतियों की सुविधाएं प्राप्त हैं जिनका सर्वोच्च शिखर शार्लरोए, हाइनोट में स्थित युनिवर्सिटी द्र नावेल (इन्स्टिट्यूट पाल पास्तर) है।

अन्य देशों में विशेषकर युनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमरीका में, पिछली सदी शिक्षुता (लम्बी अवधि के लिए निष्णात-शिक्षु करार, अपेक्षा प्राप्त स्तरों की न होकर समय रूप से सेवा काल की होना और कुछेक नैतिक दायित्वों का होना जिनको यदा-कदा ही लागू किया जाता था) की शताब्दियों के दौरान निर्मित परम्पराओं को बड़े पैमाने के उत्पादन के नए संसार में कुछ-कुछ कृत्रिम रूप से प्रारंभ कर दिया गया। कहीं बहुत बाद में जाकर और शिक्षुता के विचार को विनाश से बचाने के लिए ही सरकारों ने हस्तक्षेप किया। सन् 1937 का अमरीकी फिट्जजेराल्ड अधिनियम और युनाइटेड किंगडम में 1945 की रिपोर्ट के पश्चात् स्थापित संयुक्त प्रशिक्षण करार इसी प्रकार के हैं। करार की सर्वाधिक प्रचलित अवधि संयुक्त राज्य अमरीका में 4 वर्ष और युनाइटेड किंगडम में 5 वर्ष थी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसे प्रयासों के फलस्वरूप काफी अच्छा लाभ हुआ। एक ऐसा लाभ संबंधित अनुदेशन के विषय में आग्रह था, अर्थात् तकनीकी कक्षाओं में दिया या सायंकालीन उपस्थिति। युनाइटेड किंगडम में तकनीकी कक्षाओं में उपस्थिति की इस शर्त और इसके साथ शिक्षुता की लम्बी अवधियों के होने के फलस्वरूप शिक्षु को तकनीकज्ञ या उच्चतर स्तरों तक उन्नति करने का एक आशाप्रद रास्ता प्राप्त हो गया। इस प्रकार, उसको ऐसे सुअवसर प्राप्त हो गए, जिनके समान सुअवसर अन्यत्र दुर्लभ हैं।

परन्तु, जैसा कि उद्योग में शिक्षुता के कुछ बड़े समर्थकों के अतिरिक्त अन्य सभी सहमत होंगे, अपने वर्तमान रूप में उद्योगी शिक्षुता उस पर की जाने वाली

इन व्यापारों के लिए, युनाइटेड किंगडम को छोड़कर यूरोप के अन्य देशों में, आर्तिसानात प्रणाली ने दक्ष और सशक्त अवदान दिया है। इस प्रणाली का आम पैटर्न है, 3-वर्षीय व्यक्तिगत निष्णात-शिक्षु करारनामा जिसके साथ शैक्षिक प्राधिकारियों या क्लासेस मायेन्नीस संगठन के कहने पर आयोजित कक्षाओं में साध्यकालीन शिक्षण प्रदान किया जाता है। क्लासेस मोयेन्नीस दल में खुदरा व्यापार और उत्पादी शिल्प दोनों ही शामिल होते हैं। जर्मन संघीय गणतंत्र और फ्रांस में "हाडवर्सकामेर" और "चेम्बर डि मेतियर्स" इस प्रकार के प्रशिक्षण पर वही पर्यवेक्षी कार्य संपादित करते हैं। जर्मन संघीय गणतंत्र में शिक्षु प्रशिक्षण का 39 प्रतिशत आर्तिसानात प्रकार का होता है, फ्रांस में (1959) सभी करारनामों के 52 प्रतिशत इसी वर्ग के थे। इनका अपवाद वे लोग थे जो कालेज दामीयनमा टेक्नीक में अपनी शिक्षुता कर रहे थे। इटली में (स्कुओल टेक्नीशे और इस्टिचूरी प्रोफेशनेल में प्रशिक्षण पा रहे व्यक्तियों को छोडकर) कुल करारनामों का 48 प्रतिशत आर्तिसानात वर्ग में था।

यद्यपि यह अभी भी विवादास्पद प्रश्न है कि क्या शिक्षुता स्कूल में, अर्थात् विशेष रूप से चलाए जाने वाले शिक्षु-प्रशिक्षण केन्द्रों में होनी चाहिए या कि औद्योगिक उपक्रमों के परिसरों में होनी चाहिए, तथापि यह आम राय है कि आर्तिसानात के क्षेत्र में, शिक्षुता का स्थान निष्णात वर्कशाप होना चाहिए। यह संबंध इतना सन्निकट है कि यदि एक बार टूट जाएगा तो आर्तिसानात का संसार अपनी सभी परम्पराओं, कलात्मक मूल्यों और हस्तशिल्प के गौरव सहित सदा के लिए लुप्त हो जाएगा।

संयुक्त राज्य अमरीका, सोवियत संघ और युनाइटेड किंगडम में आर्तिसानात और औद्योगिक शिक्षुता के बीच कभी भी स्पष्ट रूप से भेद नहीं किया था और न ही आज कल है। सभी शिक्षुता या कुशल कामगार का प्रशिक्षण एक ही समस्या माना जाता है, यद्यपि विभिन्न शिल्पों के लिए प्रशिक्षण विधियां एक दूसरे से बहुत भिन्न हो सकती है।

उद्योग में शिक्षुता

उन्नीसवीं शताब्दी में बड़े पैमाने के उद्योग के प्रादुर्भाव और आखिर रूप में हस्त शिल्पों का स्थान ग्रहण कर लेने के साथ प्रशिक्षण की एक नई समस्या आ खड़ी हुई। उद्योग में प्रशिक्षण की आवश्यकता के संबंध में चेतना का उदय होने में बहुत समय लग गया और शिक्षुओं को प्रशिक्षित करने के दायित्व को समझने में तो अलग-अलग फर्मों को और भी अधिक समय लग गया। पूरी उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान, बढ़ता हुआ औद्योगिक क्षेत्र इस बात से आश्वस्त था कि किसी पुराने 'कामगरों की आवश्यकता है' विज्ञापन को दिखाने मात्र से

तकनीकज्ञ या डिज़ाइनर स्तर पर आने वाले व्यक्तियों की अपेक्षा, हाल ही में प्रशिक्षित कार्मिक अधिक संख्या में पदों पर आसीन हों और उत्पादन के आधारिक प्रक्रमों का अधिक अच्छा ज्ञान रखते हों।

पुराने जमाने का शिल्पी आशा कर सकता था कि जो कौशल उसने अपनी शिशुता के दौरान प्राप्त किया है, वह उसके समग्र जीवन भर उसी सीमा तक उपयोगी रहेगा। इसके विपरीत, औद्योगिक शिशु द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण का अब कि कुछ अधिगमान्तरण मूल्य (ट्रांसफरेबल मूल्य) बना रहेगा यह लगभग निश्चित ही है कि उसके रोजगार-जीवन के उत्तर भाग में उस प्रशिक्षण का उस समय के उत्पादन के मशीनी औजारों के साथ सीधा संबंध नहीं होगा।

दूसरे शब्दों में, यदि यह मान भी लिया जाए कि औद्योगिक प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त जीवन में सक्रिय उत्पादन में ही लगा रहेगा, तो भी उसको जिस कौशल को प्राप्त करना अत्यावश्यक है, वह भिन्न प्रकार का है। उस कौशल का संबंध जितना हस्त कौशलों से है, उतना ही तर्कना की योग्यता से है क्योंकि आजकल का मशीनी औजार एक यथार्थमापी घटक होता है, न कि मानवीय हाथ-आंख, तंत्रिका-पेशी तंत्र। औद्योगिक शिशु के लिए मानसिक विकास और हस्त-कौशल दोनों पर ही बराबर ध्यान देना आवश्यक होता है क्योंकि मानसिक विकास तो जीवन भर काम आएगा, जबकि हस्त-कौशल में समय-समय पर परिवर्तन होते रहेंगे और इस संबंध में तो उसको पुनर्प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों से सहायता मिलेगी।

इस प्रकार, आधुनिक औद्योगिक शिशु प्रशिक्षण में दो अनिवार्य घटक होते हैं : उत्पादन का व्यावहारिक प्रशिक्षण और मानसिक शक्तियों का पर्याप्त विकास। इस दूसरे घटक के उपभाग विशेषीकृत तकनीकी ज्ञान, बुनियादी विज्ञान और गणित और सामान्य संस्कृति हैं। इन घटकों को सबसे अच्छे ढंग से कैसे प्रदान किया जा सकता है, यही शैक्षिक प्रकार के विशेष केन्द्रों के आपेक्षिक गुणावगुणों पर आजकल की चर्चाओं का मुख्य विषय है। इन शैक्षिक प्रकार के केन्द्रों के उदाहरण हैं . स्वीडन के वर्कस्टाडस्कोलर, या बारी बारी से कारखाना-आधारित प्रशिक्षण और दिवा-कार्यमुक्ति (डे रिलीज़) शिक्षा जैसी कि जर्मन संघीय गणतंत्र में लेहरवेरुफ के लिए दी जाती है, या इन दोनों का योग, जैसे कि युनाइटेड किंगडम की खंड कार्यमुक्ति ब्लाक रिलीज या सातराल प्रणाली।

किसी भी एक पूर्णतया त्रुटिहीन प्रणाली को ढूंढ निकालना असंभव है, क्योंकि अनेक परस्पर विरोधी कारक हैं। उदाहरण के लिए, शिशुता की अवधि के मामले में, छोटी अवधियां मशीन उत्पादन के लिए जरूरी अपेक्षाकृत सीमित कौशलों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हुआ करती हैं, परन्तु तकनीकी शिक्षा

आधुनिक मांगों को पूरा नहीं कर पाती है। यूनाइटेड किंगडम में तो यह तथ्य इतना स्पष्ट हो गया है कि एक ऐसा कानून भी पास कर दिया गया है जिसके द्वारा प्रशिक्षण की अपेक्षाकृत अधिक अच्छी विधियों के लिए विनियम बनाने की विधिक शक्तियों से सम्पन्न विधिक बोर्डों की स्थापना की व्यवस्था की गई है। इस समय कामन मार्केट देशों में विधियों के सामंजस्यीकरण और आधुनिकीकरण के विषय पर विशेषज्ञों के अनेकानेक सम्मेलन हुए हैं।

पिछले 50 वर्षों पर दृष्टिपात करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि मुख्य आवश्यकता विशेषकर यूनाइटेड किंगडम में, हाथ के काम के व्यापारों में पुराने प्रकार की शिक्षुता और आधुनिक उद्योग के लिए आवश्यक प्रशिक्षण के प्रकार के बीच के अत्यावश्यक अंतर को समझने की है। संभव है कि आधुनिक उद्योग के लिए आवश्यक प्रशिक्षण के लिए शिक्षुता शब्द का इस्तेमाल करना भी अब उचित न हो। ये अंतर क्या हैं ? एक ओर तो, शिक्षु की इच्छा अपने व्यापार में निष्णात शिल्पी बनने की होती है। इसलिए उसको हस्तशिल्प के अधिक पक्ष और साथ ही साथ उसकी प्रविधियों के ज्ञान की आवश्यकता होती है। उसकी आशा बनी रहती है कि उसके जीवन काल में उसके व्यापार में परिवर्तन तो होंगे, परंतु ये परिवर्तन मौलिक प्रकारों के नहीं होंगे, क्योंकि यदि ऐसा होता है तो उसका हस्तशिल्प पूर्णतया लुप्त हो जाएगा, जैसे कि लोहारगिरी। नए औजार और कच्चे माल के आने से जैसे लघु परिवर्तनों से सामान्यतया उनके उपयोग करने के लिए विज्ञान या गणित के उच्च ज्ञान की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्य बल हस्त कौशल और मानवीय संबंधों और कारोबार में सर्वाधिक मामलों पर होता है।

दूसरी ओर, यद्यपि औद्योगिक शिक्षु को अपने तुरन्त पश्चात्, अर्थात् अपने पहले रोजगार में हस्त-कौशल प्राप्त करने की आवश्यकता होती है, तथापि उसका उद्देश्य [illegible] तकनीशियन, [illegible] और प्रोफेशनल इंजीनियरों के [illegible] प्राप्त करना होता है। उसके निष्णात बन जाने की कभी भी संभावना नहीं होती है, क्योंकि आधुनिक उद्योग में निष्णात के कुछ निश्चित स्तर का अस्तित्व ही नहीं है। यह निरंतर आरोही [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

म्यूसान्न व्यावसायिक हाई स्कूल, फ्रांस के 14-17 के वयोवर्ग के मुकाबले में, 15-18 के लगभग उसी वयोवर्ग के साथ पिछली आधी शताब्दी से वही कार्य करता आया था। नीदरलैंड्स के लागेरे टेक्नीश स्कोलेन या उसके पूर्व के निजवेर हाइडस्कोलेन ने तुरंत स्कूलोत्तर (14 वर्ष की उम्र) दाखिले का वही पैटर्न अपनाया। इटली के स्कोल टेक्नीसे और सोवियत संघ के श्रम रिजर्व स्कूलों ने भी यही पैटर्न अपनाया। इस बारे में केवल जर्मन संघीय गणतंत्र और युनाइटेड किंगडम में भी बिल्कुल भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। कारखाना आधारित शिशुता के संबंध में जर्मन संघीय गणतन्त्र ने 18 वर्षों तक अनिवार्य दिवा-कार्यमुक्ति और युनाइटेड किंगडम ने स्वैच्छिक दिवा कार्यमुक्ति का पैटर्न बनाए रखा।

स्वीडन के यर्कसंटाइस्कोला का, जो 16 वर्ष पर प्रारंभ होता है और जिसमें 2 से 3-वर्षीय पाठ्यक्रम होते हैं, उल्लेखनीय रूप से भिन्न स्वरूप विकसित हुआ है। उद्योग के साथ इसके निकट के संबंध होने, पाठ्यक्रम के दौरान मजदूरी-अर्जन रोजगार की बड़ी अवधियों के लिए छात्रों की मुक्ति की व्यवस्था होने और इसके औद्योगिक फर्मों के परिसरों से ही अवस्थित होने से शैक्षिक और औद्योगिक प्रशिक्षण का एक बहुत ही व्यावहारिक और दक्ष सम्मिश्रण तैयार हो गया है।

युनाइटेड किंगडम में उन्नत औद्योगिक प्रशिक्षण के नए सुझावों में शिशुओं के लिए बुनियादी प्रशिक्षण केंद्रों का उपयोग शामिल है। ये केंद्र या तो कालिजों में स्थित हुआ करेंगे या औद्योगिक परिसरों में। इनमें आधे वर्ष से लेकर एक वर्ष की अवधि के पाठ्यक्रम हुआ करेंगे, जिनके बाद औद्योगिक परिसरों में 3 वर्ष की शिशुता हुआ करेगी।

फ्रांस में हाल ही के वर्षों में शिशुता प्रशिक्षण के व्यावहारिक भाग के कालेज दोमीयनमा तकनीक (जिसको पहले सात्र दा प्रानीसाज कहा जाता था) से औद्योगिक फर्मों के परिसरों में स्थानान्तरित कर देने के कुछ प्रयास किए गए हैं। इस स्थानान्तरण का उद्देश्य कालिजों में आवासों पर दबाव कुछ कम करना और अध्यापकों की कम संख्या का सर्वोत्तम उपयोग करना है। अभी तक, ऐसी दिशा में स्थानान्तरण वस्तुतः बहुत कम हुआ है।

शिशुता के लिए आधार के रूप में शैक्षिक केंद्र के इस्तेमाल के लाभों में से एक यह है कि प्रशिक्षण के उद्योग में शिशुता पैटर्न के मुकाबले में ऐसे केंद्रों के पाठ्यक्रम समाप्त करने वाले छात्रों में से अनेकों का तकनीकज्ञ स्तर के लिए अपेक्षाकृत उच्च अध्ययन में जाने या औद्योगिक अनुभव के बाद ऐसे अध्ययन के लिए लौट आने की सुविधा अपेक्षाकृत अधिक रहती है। यह बात पश्चिमी यूरोप की भांति विशेष रूप से वहां अधिक लागू होती है, जहां उद्योग-में-शिक्षा स्कूल-निवर्तन के बाद तीन वर्षों से अधिक नहीं होती। जैसा कि कुछ उद्योग-

मे उन स्तरों तक पहुचने के लिए जिन स्तरो के आधार पर बाद में पदोन्नति हो सके, छोटी अवधियो से पर्याप्त समय नही मिल पाता है। इसके दूसरी ओर, युनाइटेड किंगडम या संयुक्त राज्य अमरीका की दिवा कार्यमुक्ति सहित 6-वर्षीय शिक्षुता से उच्च स्तर की तकनीकी शिक्षा तो प्राप्त होती है, परन्तु इसमे इतनी लम्बी अवधि तक प्रशिक्षण लेने को तैयार व्यक्तियों की संख्या भयकर रूप से सीमित हो जाती है।

ऐसा प्रतीत होता है कि भविष्य का पैटर्न होगा 15 या 16 वर्ष तक की बढ़ी हुई स्कूल निवर्तन आयु, विशेष रूप से बनाए गए केंद्रो में आधे से एक साल तक का बुनियादी पूर्णकालिक प्रशिक्षण, जो दाखिले के संबध में देश के शैक्षिक तत्र के साथ निकट से संबद्ध होगा इसके आगे उत्पादनी कारखाने में एक या दो वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण और इसके साथ-साथ तकनीकी कक्षाओ मे दिवा-कार्यमुक्ति उपस्थिति; और उत्पादी प्रथाओ मे छोटे पुनर्प्रशिक्षण पाठ्य-क्रमों और तकनीकी कक्षाओ मे निरतर सवेतन उपस्थिति के लिए उन्नत व्यवस्थाए। आजकल, अधिकतर देशों में इनमे से अंतिम कारक एक अपेक्षित क्षेत्र हैं, जिसके फलस्वरूप बहुत बड़ी मात्रा मे प्रथम श्रेणी की प्रतिभा का कोई उपयोग ही नही हो पाता है। केवल अपेक्षाकृत अधिक प्रगतिशील फर्म ही वयस्क शिक्षा के इस रूप के विकास करने, प्रशिक्षण देने और पदोन्नति करने मे स्वागतयोग्य नेतृत्व कर रही हैं।

स्कूल मे शिक्षुता

विशेष रूप से बनाए गए शिक्षु केंद्रों में कम-से-कम हस्तशिल्प प्रशिक्षण देने, और हाल ही मे पूर्ण उत्पादी अभ्यास प्रदान करने का विचार कोई नया विचार नही है। पिछली शताब्दी मे "औद्योगिक स्कूलों" के दाण्डिक स्थापनाओ के रूप मे उपयोग या अनाथ बच्चो, गरीबो के बच्चो या बेरोजगार किशोरो की सहायतार्थ लोकोपकारी उपायों के रूप मे इस्तेमाल किए जाने से जो साथ ही साथ सस्ते श्रमिकों की पूर्ति करते थे, प्रथम विश्व महायुद्ध से पूर्व औद्योगिक स्कूलों के बारे मे जन मानस में एक दुर्भाग्यपूर्ण चित्र बन गया था। ब्रिटेन के व्यापार स्कूल सन् 1903 मे अपनी स्थापना से लेकर 1920 मे तकनीकी स्कूलों मे परिवर्तित होने के समय तक इसी बुरी ख्याति से ग्रसित रहे। दोनों महायुद्धो के बीच के वर्षों मे बेल्जियम मे एकोल प्रोफेसिओनेल मे, फ्रांस के एकोल द मे-तिएर मे, और अन्य स्कूलों में औद्योगिक और तकनीकी दोनो ही प्रकार के कार्यों मे सुधार दिखाई देने लगा। युद्धोत्तर काल मे, संभवत. फ्रास के सांत दाप्रां-न्तीसाज ने इस प्रकार की संस्थाओ मे सबसे ज्यादा अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की। वस्तुत. संयुक्त राज्य अमरीका मे, 1917 के स्मिथ-ह्यूग्स अधिनियम से

व्यापार में अनुक्रमण की संभावना स्वभावतः पैदा हो जाती है। समस्त पश्चिमी यूरोप में अर्हता के केवल दो ग्रेडों को बनाए रखने की प्रथा रही है (क) जर्नीमैन (कम्पागनन, गेसेल, आदि) और (ख) निष्णात (माइस्टर, ग्रेंवे प्रोफ़ेशिओनेल आदि) इसी के समान की अर्हताएं युनाइटेड किंगडम में भी हैं, जिनके नाम हैं : (क) हस्तशिल्प प्रमाणपत्र, और (ग) सिटी एंड गिल्ड्स आफ लंदन इंस्टिट्यूट का उच्च हस्तशिल्प प्रमाण-पत्र।

सोवियत संघ में योग्यता और कौशल के अनुसार पांच या पांच से अधिक वर्गीकरण हैं। इन श्रेणियों का मजदूरियों और पदोन्नति पर प्रभाव पड़ता है। उच्चतर श्रेणी प्राप्त करने के लिए व्यक्ति के लिए परीक्षा देना आवश्यक होता है। व्यावसायिक स्कूलों में श्रेणी 2 या 3 आरोही पैमाने पर प्राप्त की जाती है, इस प्रकार श्रेणी 3 और 5 को पश्चिमी यूरोप के 2-श्रेणी तंत्र के समकक्ष माना जा सकता है।

सामंजस्यीकरण या मानकीकरण की किसी भी योजना में, स्वयं व्यापारों की भी समस्या है। संयुक्त राज्य अमरीका और युनाइटेड किंगडम में शिक्षुता प्रशिक्षण और अर्हता चाहे वह अनिवार्य हो या स्वैच्छिक, उद्योग के किसी क्षेत्र के संबंधित कौशलों की एक चौड़ी पट्टी को पूरा करता है, उदाहरण के लिए, मशीनी औजार प्रचालन। पश्चिमी यूरोप और सोवियत संघ में, अर्हता आमतौर पर विशिष्ट धंधे के लिए होती है, उदाहरण के लिए मशीनिंग, मिलिंग, फ़िटिंग या आकार देना; या सभी प्रकारों के आतरिक दहन इंजनों के सामान्य मेकैनिक के बजाय केवल डीज़ल इंजन मेकैनिक के रूप में। पश्चिमी यूरोप में वर्तमान प्रवृत्ति तथाकथित 'बहुसयोजक' अर्हताओं में अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिसमें अनेक संबंधित धंधे शामिल हो जाते हैं।

युनाइटेड किंगडम में सिटी एंड गिल्ड्स कुशल कामगार अर्हताओं की संख्या लगभग 200 है, जिनमें से लगभग 20 वाणिज्यिक प्रकार के हैं। जर्मन संघीय गणतंत्र में 600 से भी अधिक वेतन वर्गीकृत किए गए हैं और सोवियत संघ में उनकी संख्या 12,000 से भी अधिक है। परन्तु, इन 12,000 में अनेक गैर-कुशल धंधे भी हैं और अनेक कुशल धंधे जिस-जिस सामान्य उद्योग में वे काम आते हैं, उसके अनुसार बहुत शीर्षकों के अन्तर्गत सूचीबद्ध हैं। फिर भी, लगभग 2,500 सुस्पष्ट रूप से भिन्न व्यापार वर्गीकृत हैं।

निस्सन्देह, विस्तृत-परास बहुसयोजक अर्हता वांछनीय होती है, यदि किसी अन्य कारण नहीं तो इसलिए कि भविष्य को परिवर्तनशील प्रविधियों को पूरा करने के लिए इसके द्वारा अतिरिक्त लचीलापन प्राप्त हो जाता है। इतना होने पर भी, तीन कौशलों में अर्हता प्राप्त करना, जिनमें से सभी के परिवर्तित हो जाने या लुप्त हो जाने की संभावना होती है, कोई बहुत सुधार नहीं है। अतएव,

सामान्य शिक्षा के बीच अपेक्षाकृत अधिक निकटता के संबंधों की स्थापना होगी, जिसमें वयोवर्ग के लगभग 80-90 प्रतिशत व्यक्ति भाग लेंगे, काम पर-शिक्षुता में संभवत कमी आएगी; अनिवार्य स्कूल के अंतिम वर्ष में व्यावसायिक शिक्षा पर बल दिया जाएगा; विशेषीकृत धंधे के प्रशिक्षण के स्थान पर बहुसंयोजक प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया जाएगा; वयस्कों के लिए प्रशिक्षण और पुनर्प्रशिक्षण की व्यवस्था सामान्य व्यवस्था के रूप में होगी न कि 'अभावग्रस्त की सहायता' के रूप में, किशोर प्रशिक्षण की भांति वयस्क प्रशिक्षण में अर्हता और मान्यता में तुल्यता होगी; और व्यावसायिक शिक्षा के विज्ञान और शिक्षा-शास्त्र में प्रशिक्षण और अनुसंधान का एक नया और उन्नत रूप होगा।

तकनीकज्ञ स्तर

आमतौर पर, तकनीकज्ञ को शिल्पी और इंजीनियर के बीचोंबीच स्थित माना जाता है। इसी सीमा तक उसको आनुभविक प्रकार के शिल्पी, जिसका अस्तित्व और स्वरूप पुरातनकालीन पीढ़ियों से व्युत्पन्न है और जो अधिकतर प्राकृतिक रूप से उगाए जाने वाले पदार्थों का उपयोग करता है और भावी प्रकार के ऐसे कुशल कामगर के बीच स्थित भी माना जा सकता है, जो इस तरह के औजारों का उपयोग करता है, जिनके द्वारा समस्त कौशल और नियंत्रण 'मस्तिष्क' को प्रदान करने वाले स्वचालित साधन प्राप्त होते हैं और तंत्र के फिर से प्रारंभ करने और पुन समायोजन की आवश्यकता पड़ने पर जो स्वयं ही कार्य के लिए आगे बढ़ने के लिए तैयार रहता है। आज के तकनीकज्ञ में हस्त कौशल और नियंत्रण 'मस्तिष्क' दोनों ही के इस्तेमाल करने और प्रोफेशनल इंजीनियर के अभिकल्पों को व्यावहारिक रूप देने की क्षमता होनी चाहिए।

तकनीकज्ञों की श्रेणियां बहुत कुछ तो उद्योग और धंधे पर निर्भर करती हैं, परन्तु सामान्य रूप से इनकी दो स्पष्ट श्रेणियां हैं। एक तो ऐसे कुशल कामगर की श्रेणी है, जिनको अपेक्षाकृत उच्चतर सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त होता है। दूसरी श्रेणी उच्चतर तकनीकज्ञ या इंजीनियर तकनीकज्ञ की है, जिनको लगभग इंजीनियर के बराबर का ही तकनीकी ज्ञान प्राप्त होता है और जिनको अपनी विशेषज्ञता के उत्तरदायी पक्ष की अपेक्षाकृत अधिक जानकारी होनी है।

चूंकि तकनीकज्ञ प्रशिक्षण अभी भी अपनी निर्माणात्मक अवस्था में ही है, यह अध्याय केवल उसके विकास की दिशाओं पर लिखा गया है। मौजूदा प्रयासों (देखिए तीसरा अध्याय) के तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि इसके लिए तीन सुस्पष्ट रास्तों का विकास हो रहा है: (क) 16, 17 या 18 वर्ष की उम्र तक तकनीकी शिक्षा और उसके बाद व्यावहारिक प्रशिक्षण, (ख) शिक्षुता, और साथ में तकनीकी कक्षाओं में अंशकालिक उपस्थिति, संभवत,

कामगार अर्हता और तकनीकज्ञ विशेषज्ञता का एक साथ अर्जन भी, जिसकी व्यवस्था सोवियत संघ में टेक्निकम प्रशिक्षण के द्वारा की गई है, स्पष्टतया अध्ययन का एक आकर्षक और प्रगतिशील कार्यक्रम है। इसके द्वारा उन लोगों को आजीविका का एक वैकल्पिक साधन प्राप्त हो जाता है, जो तकनीकज्ञ स्तर पर अंतिम अर्हता प्राप्त करने में असफल रहते हैं। सोवियत संघ में परीक्षा की पद्धति, संयुक्त राज्य अमरीका की भांति, पश्चिमी यूरोप की परीक्षा पद्धति से स्पष्टतया भिन्न है।

पाठ्यक्रम क्रेडिट और परीक्षाएं

संयुक्त राज्य अमरीका में शिक्षा के दो विशिष्ट लक्षणों में से एक लक्षण उच्चतम स्तरों पर जनसाधारण की चिन्ता करना है। उच्चतम स्तरों पर भी इस वयोवर्ग के 40 प्रतिशत व्यक्ति शिक्षा पाते हैं। उसका दूसरा लक्षण बहु-समावेशी अंतिम परीक्षा की पास-फेल कसौटी से छूट जाना है। ये दोनों लक्षण तकनीकज्ञ प्रशिक्षण के लिए संगत हैं, जिसमें कि विश्वविद्यालय प्रथा की ज्ञान-प्रधान परम्पराएं अक्सर यथार्थविहीन होती हैं।

परीक्षाओं के सम्पूर्ण प्रश्न—उनके कार्य, वे किन गुणों का परीक्षण लेते हैं और प्रश्नों के प्रकार—पर पूरी जांच करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से तकनीकी शिक्षा के मध्य स्तरों के संबंध में, क्योंकि टेप, माइक्रोफिल्म और छिद्रित कार्ड तकनीकों के द्वारा जानकारी के संचयन के फलस्वरूप मानव के मस्तिष्क में ऐसी आकड़ों के संचयन की आवश्यकता कम हो गई है।

अभी हाल ही तक, ज्ञानप्रधान विद्या के ऐसे प्राचीन केन्द्र थे (अधिकतर यूरोप से बाहर के देशों में) जिनमें भूतकाल के चिरसम्मत साहित्य के कंठस्थ करने पर बहुत बल दिया जाता था और सफलता प्राप्ति के लिए ऐसे उद्धरणों को स्मृति से सुनाना एक पूर्वावश्यकता हुआ करती थी।

तकनीकज्ञ स्तर पर परीक्षण की कार्यविधि इस आद्य कार्यविधि के लगभग विपरीत हो सकती है। निश्चय ही, कुछ कार्यविधियों को याद करना आवश्यक होता है, परन्तु ये आकड़ा-संसाधन योग्यताएं हैं, न कि आकड़ा संचयन आवश्यकताएं। एक सरल उदाहरण के तौर पर, स्लाइड रूल या तुल्य परिकलन मशीन का उपयोग करना एक मूल्यवान योग्यता है, परन्तु इसके विपरीत लागेरिथमीय सारणी को जबानी याद करना केवल समय बर्बाद करना है।

फिर भी, सूत्रों और उनके प्रमाणों के प्रकार के कुछ वाक्यांशों की जानकारी की उनके अन्तर्निहित सिद्धान्तों और इसलिए उनके उपयोग-क्षेत्रों की समझ के साक्ष्य के रूप में, उचित रूप से आशा की जा सकती है। इस पर, ऐसी स्मृति-धारण की कितनी लम्बी अवधि तक आशा की जा सकती है और कितनी लम्बी

अवधि तक आशा की जा सकती है और कितनी लम्बी अवधि तक इसकी जरूरत भी है, यह प्रश्न उठ खड़ा होता है।

संयुक्त राज्य अमरीका और कुछ सीमा तक सोवियत संघ की प्रथा में, पिछले 2 या 3 वर्षों में प्राप्त सारे ज्ञान का अवगाहन करने वाली अन्तिम बहु-समावेशी परीक्षा के परिणामों की अपेक्षा पाठ्यक्रम पर—उसमें उपस्थिति, पूरी की गई परियोजनाओं, आवधिक परीक्षणों और प्रश्नोत्तरियों—पर कुछ अधिक बल दिया जाता है। संयुक्त राज्य अमरीका के कुछ तकनीकी संस्थानों में अपेक्षित स्मृति धारण अवधि आधा सेमेस्टर या लगभग दस सप्ताह से अधिक नहीं है। सम्भव है कि उसके पश्चात्, अर्जित ज्ञान का कभी भी फिर से सीधा परीक्षण नहीं लिया जाएगा, यद्यपि निश्चय ही वह ज्ञान आगे के अध्ययनों में समाविष्ट होगा।

संयुक्त राज्य अमरीका की प्रथा में, स्नातकीकरण (ग्रैजुएशन) के लिए क्रेडिट अंक आंशिक रूप से व्याख्यानों में उपस्थिति के द्वारा प्राप्त किए जाते हैं और प्रथमतः परीक्षाओं के द्वारा नहीं। पाठ्यक्रम परीक्षणों में नम्बर दिए जाते हैं, और यदि छात्र को पास होना है तो प्राप्तांक प्रत्येक विषय के लिए विशेष स्तरों और सामान्य औसत से कम नहीं आने चाहिए।

निश्चय ही, संयुक्त राज्य अमरीका की पद्धति जनता के अपेक्षाकृत कम ज्ञानप्रधान वर्गों से अपेक्षाकृत अधिक अच्छी तरह से निपट लेती है, सम्भवतः यह तकनीकज्ञों के श्रेणीकरण के लिए भी अधिक अच्छी है, क्योंकि तकनीकज्ञों को और चाहे जो कुछ भी हो, सबसे बड़ी बात तो यह है कि अमूर्त विचार के बजाय कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करना होता है।

परीक्षा प्रश्नपत्र के प्रकार में भी परिवर्तन आ रहा है। निबंध प्रकार का प्रश्न जो कि उच्च आवेशित स्तुतियों के अधिक अनुकूल होता है, इस क्षेत्र में इतना अधिक उपयुक्त नहीं है, जितना कि वह प्रश्न जिसमें किसी डिज़ाइन समस्या के हल या उत्पादन प्रयोजन के लिए आंकड़ों के इस्तेमाल की, या उत्पादन प्रयोजन के लिए आंकड़ों के इस्तेमाल की, या उत्पादन विधियों के ब्यौरे तैयार करने में किसी सूझबूझ के इस्तेमाल की आवश्यकता होती है। अपेक्षाकृत अधिक अच्छे ढंग से आयोजित तकनीकज्ञ पाठ्यक्रमों में नई और अधिक उपयुक्त परीक्षा विधियों का इस्तेमाल दिखाई देने लगा है परन्तु अन्य तकनीकज्ञ पाठ्यक्रम अभी भी पुरानी और अनुपयुक्त विधियों में चिपके पड़े हैं।

जिन उम्मीदवारों में अपनी बात को पर्याप्त रूप से व्यक्त करने की योग्यता का अभाव है, उनमें बहुत तकनीकी योग्यता होने की स्थिति में भी वे निश्चित उत्तर प्रकार के प्रश्न से बहुत घाटे में रहते हैं। तकनीकज्ञ प्रशिक्षण में, छात्रों के लिए सत्य-असत्य, या बहुविकल्पी प्रश्न अपेक्षाकृत ... के प्रश्न

प्रतीत होते हैं। बात स्तरों को नीचा कर देने की या शिक्षा की "कन्वेयर पट्टी" विधि के इस्तेमाल करने की नहीं है, बल्कि यह है कि ऐसी प्रविधियों के द्वारा एक प्रकार के छात्र को लाभ पहुँचता है और वह छात्र जिन कार्यकलापों में पुरानी ज्ञानप्रधान प्रविधियों के द्वारा अपनी प्रतिभाओं को लगा सकता था, इन प्रविधियों के द्वारा वह अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत कार्यकलापों में अपनी प्रतिभा का इस्तेमाल कर सकता है। (उदाहरण के लिए परिशिष्ट 4 देखिए)

अपेक्षाकृत अधिक साहित्यिक या शुद्ध रूप से वैज्ञानिक अध्ययनों के विपरीत तकनीकी शिक्षा में सांस्कृतिक मूल्य स्वयं अध्ययनों में उस सीमा तक नहीं है, जितना कि इनके परिणामस्वरूप व्यक्ति की सक्रियता के अपेक्षाकृत बड़े क्षेत्र, रोजगार, सामाजिक संपर्क, अर्जन क्षमता, और राष्ट्रीय उपयोगिता में है। तकनीकी शिक्षा सांस्कृतिक प्रोन्नति का एक भिन्न, परन्तु उतना ही वाञ्छनीय रूप है, क्योंकि शिल्पविज्ञान का मूल्य साधन के रूप में है, न कि साध्य के रूप में। वस्तुतः कुछ लोग तो मानसिक प्रशिक्षण और विकास के रूप में तकनीकी अध्ययनों को भी उतना ही प्रभावी मानते हैं, जितना कि पुराने साहित्यिक या वैज्ञानिक अध्ययनों को।

अध्यापक और उनका प्रशिक्षण

पिछले 25 वर्षों में तकनीकी शिक्षा के बड़े विस्तार के फलस्वरूप, इसमें भिन्न भिन्न प्रकार के अध्यापक आ गए हैं। मुख्यतः ऐसा होना लाभदायक ही रहा है। शिक्षा के अपेक्षाकृत पुराने रूपों का स्थिर और कभी-कभी गतिहीन शिक्षण-शास्त्र, उद्योग और वाणिज्य के संसार से नए भर्ती किए गए व्यक्तियों के आ जाने से विच्छेदित हो गया है। उद्योग से तकनीकी शिक्षा में स्टाफ के स्थानान्तरण या उद्योग के संसार में काम कर रहे लोगों की अंशकालिक अध्यापकों के रूप में नियुक्ति के फलस्वरूप, उद्योग और तकनीकी शिक्षा के बीच घनिष्ठ तालमेल पैदा हो गया है।

इतना होने पर भी, तकनीकी शिक्षक के आदर्श "प्रशिक्षण" की समस्या का संतोषजनक हल अभी नहीं निकला है। पूर्णकालिक और अंशकालिक दोनों ही प्रकार की शिक्षा के लिए, कम से कम तीन प्रकारों के अध्यापकों या शिक्षकों पर विचार करना आवश्यक है: (क) विशेषीकृत शिल्पवैज्ञानिक विषयों (उदाहरणार्थ, अनुप्रयुक्त यांत्रिकी, पदार्थों का सामर्थ्य, द्रव इंजीनियरी) का अध्यापक, (ख) तकनीकी पाठ्यक्रम में सामान्य, सांस्कृतिक या वैज्ञानिक (उदाहरणार्थ, गणित, इतिहास, भाषाएं) का अध्यापक; (ग) वर्कशॉप विषयों (उदाहरणार्थ, मशीनी औजार प्रचालन, टाइपनवीसी) का अध्यापक या शिक्षक। संस्था के प्रकार और जिस

कार्य में प्रशिक्षण दिया जाना है, उसके अनुसार अध्यापक की अपेक्षित अर्हता के स्तर में भी विविधता होगी।

पहले दो प्रकार के अध्यापकों के मामले में, आमतौर पर विश्वविद्यालय की डिग्री या उसके तुल्य किसी डिग्री का होना वांछनीय होता है, परन्तु सदैव ही डिग्रीधारी व्यक्ति प्राप्त नहीं होते। वस्तुतः अनेक प्रयोजनों के लिए, इसके स्थान पर उच्चतर तकनीकज्ञ स्तर की अर्हता रखी जा सकती है। अनेक देशों में शिक्षण-शास्त्रीय प्रशिक्षण होना आवश्यक होता है और इस प्रकार का प्रशिक्षण अध्यापक के रूप में प्रोफेशनल रोजगार से पूर्व (सेवा-पूर्व) या उसके दौरान (सेवाकालीन) दिया जा सकता है।

पहली श्रेणी के अध्यापकों के लिए आम तौर पर उद्योग या वाणिज्य में कम से कम 3 से 5 वर्षों का अनुभव अपेक्षित होता है। इसके और इसके साथ-साथ पूर्णकालिक शिक्षण शास्त्रीय प्रशिक्षण की अपेक्षा के कारण अध्यापक अध्यापन के कार्य क्षेत्र में 30 वर्ष की उम्र तक या उसके बाद ही पदार्पण कर पाता है। इसके अतिरिक्त, जिन लोगों को उद्योग में अपने रोजगार से मोटे-मोटे वेतन मिल रहे होते हैं, उनसे यह आशा नहीं की जा सकती कि वे वित्तीय-हानि उठाए बिना पूर्णकालिक प्रशिक्षण कालिजों में दाखिला ले लेंगे। अतएव, अध्यापन के प्रारंभिक वर्षों के दौरान, अंशकालिक या अवकाश आधार पर, सेवाकालीन प्रकार का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एक सुविधाजनक और एक आवश्यक रास्ता बन जाता है।

अनेक देशों में तीसरे प्रकार के अध्यापक अर्थात् वर्कशाप या व्यावहारिक विषय शिक्षक को वेतन प्रयोजनों और अध्यापन समय दोनों ही दृष्टियों से एक भिन्न श्रेणी में रखा जाता है। अन्य देशों में वेतन और अध्यापन समय की दृष्टि से किसी प्रकार की कोई भिन्नता नहीं रखी जाती है। यद्यपि आम तौर पर इस श्रेणी के अध्यापक के पास विश्वविद्यालय डिग्री नहीं होती है, तथापि उसके कार्य के घंटे भी लगभग उतने ही होते हैं और मूल वेतन में भी कोई अन्तर नहीं होता।

तीसरे प्रकार का अध्यापक या शिक्षण शास्त्रीय प्रशिक्षण से सबसे अधिक लाभान्वित होता है, विशेष रूप से व्यावसायिक शिक्षा की ओर अभिमुख प्रशिक्षण से। संभव है कि कुशल कामगार के रूप में कार्य करने के दौरान उसको अपनी शिक्षण-क्षमता के बारे में कभी भी कुछ करने का मौका ही न मिला हो या कभी उसके संबंध में कुछ पढ़ने की ज़रूरत ही न पड़ी हो। इसलिए उसके लिए अध्यापन विधियों में प्रशिक्षण प्राप्त करना और सामान्य शैक्षिक प्रबंध का कुछ अध्ययन करना बहुत वांछनीय हो जाता है। अधिकतर देशों में यह अनिवार्य है, परन्तु कुछ देशों में स्टाफ की कमी के [illegible]

में उन्नेतनीय अग्रदान देने की संभावना के द्वारा प्राप्त होने वाला अतिरिक्त अभिप्रेरण भी होता है।

अध्यापकों का बहुसंयोजन

